NA
Naresh Agarwal - 9848020960
Ankush Agarwal - 9885450000
Naresh Agencies
Dealers in :
Welding Electrodes, Welding Accessories, Safety Equipment, Power Tools, Self Drilling Screws and Cutting Wheels
15-9-216, Near Dargah, Gowliguda, Hyderabad - 500 012

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MOU Holder and Distributors
RN
METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 28 जुलाई, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-6 । अंक-209

### नीति आयोग की बैठक में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# देश को विकसित बनाने में राज्यों की भूमिका अहम



### लेकिन गैर भाजपाई राज्यों के मुख्यमंत्री नहीं आए

### ममता बनर्जी आईं भी तो रायता फैलाकर चली गईं

**नई दिल्ली, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** नीति आयोग की नौवीं गवर्निंग काउंसिल (शासी परिषद) की आज राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक भवन में हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह दशक तकनीक और भू-राजनीतिक बदलाव का है। भारत को इस मौके का पूरा फायदा उठाना चाहिए और ऐसी नीतियां बनानी चाहिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा विदेशी निवेश भारत में आए। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत बनाने में राज्यों की भूमिका अहम है। साल 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपना हर भारतीय का है। राज्य इस लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं क्योंकि राज्य लोगों से सीधे तौर पर जुड़े रहते हैं।

बैठक में मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों ने भाग लिया। कई गैर भाजपा शासित राज्यों ने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बैठक में हाजिर नहीं हो पाए, लेकिन बिहार के दोनों उप मुख्यमंत्री बैठक में शामिल हुए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बैठक में शामिल हुईं, लेकिन थोड़ी देर बाद बैठक से बाहर निकल आईं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें बैठक में बोलने नहीं दिया गया। उनका माइक बंद कर दिया गया। भाजपा ने कहा कि ममता बनर्जी ने बाकायदा अपनी बात कही। सब लोगों ने उनकी बात सुनी। सभी वक्ताओं के आगे माइक लगे थे और उनके सामने स्क्रीन पर बोलने का निर्धारित समय लिखा था। इसमें झूठ बोलने की क्या जरूरत है? उनका अचानक बाहर निकल जाना और मीडिया के समक्ष माइक बंद किए जाने का रोना रोना, उनका पूर्व नियोजित एजेंडा था।

नीति आयोग की बैठक मीटिंग में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत एक युवा देश है। यह अपने कार्यबल के कारण पूरी दुनिया के लिए एक बड़ा आकर्षण है। हमें अपने युवाओं को एक कुशल और रोजगार योग्य कार्यबल बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। विकसित भारत बनाने के लिए स्किल, रिसर्च, इनोवेशन और नौकरी आधारित ज्ञान पर जोर देना जरूरी है। पीएम मोदी ने कहा, यह दशक बदलावों, तकनीकी और भू-राजनीतिक अवसरों का भी है। भारत को इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए और अपनी नीतियों को अंतर्राष्ट्रीय निवेश के अनुकूल बनाना चाहिए। यह भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रगति की सीढ़ी है। पीएम ने कहा कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमने 100 साल में एक बार आने वाली महामारी को हराया है। हमारे लोग उत्साह और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। हम सभी राज्यों के संयुक्त प्रयास से विकसित भारत 2047 के अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं।

भारत को अपनी स्वतंत्रता के 100वें वर्ष यानी 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की विकसित अर्थव्यवस्था बनने में मदद करने के लिए नीति आयोग द्वारा एक दृष्टिकोण-पत्र तैयार किया जा रहा है। नीति आयोग को 2023 में 10 क्षेत्रीय विषय पर दृष्टिकोणों को समेकित कर विकसित भारत एट 2047 के लिए एक संयुक्त दृष्टिकोण तैयार करने का कार्य सौंपा गया था। इस दृष्टिकोण पत्र में विकास के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है, जिसमें आर्थिक वृद्धि, सामाजिक प्रगति, पर्यावरण अनुकूल उपाय और संचालन व्यवस्था शामिल हैं।

नीति आयोग की बैठक में साल 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने पर फोकस किया गया है। ▶10 पर

### जगन सरकार ने कितने नेताओं को सताया? यह पूछते ही

# विधानसभा में खड़े हो गए 160 विधायक



### सीएम नायडू, पवन कल्याण और स्पीकर भी खड़े थे

### आंध्र प्रदेश विधानसभा में पेश हुआ विचित्र वाकया

**अमरावती, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** आंध्र प्रदेश विधानसभा में आज उस समय अजीबोगरीब दृश्य पैदा हो गया जब मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने सदस्यों से पूछा कि पूर्ववर्ती वाईएसआरसीपी सरकार ने राजनीतिक प्रतिशोध लेने के लिए कितने लोगों पर मामले दर्ज किए थे, इस पर 160 विधायक अपना हाथ उठा कर सदन में खड़े हो गए। उस समय सदन में पांच सदस्य ही बैठे नजर आए, जो तत्कालीन सत्ताधारी पार्टी के सदस्य हैं। इस ऐतिहासिक दृश्य को देखने के लिए पूर्व सीएम और वाईएसआरसीपी प्रमुख जगन मोहन रेड्डी सदन में मौजूद नहीं थे। खड़े होने वालों में खुद सीएम चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण के अलावा विधानसभा अध्यक्ष सी अयन्ना पत्रादु भी शामिल थे। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने विधानसभा में एक दस्तावेज पेश किया, जिसमें दावा किया गया कि 591 टीडीपी नेताओं के खिलाफ जगन मोहन रेड्डी की सरकार में मामले दर्ज हुए थे। इनमें से 162 नेता गिरफ्तार किए गए थे। दस्तावेज में यह भी दावा किया गया कि जनसेना के 24, भाजपा के 16 और कांग्रेस के 12 नेताओं के खिलाफ भी मामले दर्ज किए गए थे।

पूर्ववर्ती वाईएसआरसीपी सरकार द्वारा उत्पीड़ित किए जाने के सवाल पर आंध्र प्रदेश विधानसभा में खड़े हुए विधायकों में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) और उसकी सहयोगी जनसेना पार्टी (जेएसपी) के विधायक तो शामिल थे ही, भाजपा के सी अय्याना पत्रादु भी विधानसभा में खड़े दिखे, जिन्होंने पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान कई फर्जी आपराधिक मामलों का सामना किया था। विधानसभा में खड़े हुए विधायकों में खुद मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भी शरीक थे, जिन्हें तत्कालीन मुख्यमंत्री जगन रेड्डी ने गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया था। नायडू बीमारी की हालत में भी 53 दिन तक जेल में रहे थे। कोर्ट के हस्तक्षेप से उनकी रिहाई संभव हो पाई थी।

सीएम नायडू ने जगन रेड्डी पर प्रतिशोध की राजनीति के लिए पुलिस और अन्य राज्य एजेंसियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। नायडू खुद वाईएसआरसीपी सरकार के तहत कई मामलों का सामना कर चुके हैं। कौशल विकास निगम में कथित घोटाले के एक ऐसे ही मामले में टीडीपी प्रमुख को पिछले साल 9 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था और जमानत मिलने से पहले वे 53 दिनों तक जेल में रहे थे।

वाईएसआरसीपी सरकार के तहत मामलों का सामना करने वाले और नायडू के सवाल पर खड़े होने वाले सदस्यों में जेएसपी प्रमुख के पवन कल्याण, नारायण ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन के संस्थापक पी नारायण, पूर्व टीडीपी राज्य प्रमुख के अच्चन्नायडू, चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश, पूर्व टीडीपी राज्य मंत्री के कलावेंकट राव, एन चिनाराजप्पा, पूर्व वाईएसआरसीपी सांसद और अब टीडीपी विधायक के रघु रामकृष्ण राजू, खान और भूविज्ञान मंत्री कोल्लू रवींद्र, ▶10 पर

### एस-400 सिस्टम ने अभ्यास में 80% टारगेट हिट किए

# हवाई सुरक्षा पुख्ता करने में भारत एक कदम और आगे

**नई दिल्ली, 27 जुलाई (एजेंसियां)।**



भारत के सुदर्शन एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। दरअसल सुदर्शन एस-400 सिस्टम ने अभ्यास के दौरान दुश्मन के टारगेट के 80 फीसदी लड़ाकू विमानों को निशाना बनाया। भारत की सीमाओं की हवाई सुरक्षा के लिहाज से इसे अहम माना जा रहा है।

यह अभ्यास भारतीय वायुसेना द्वारा किया गया था, जिसमें वायुसेना ने एस-400 हवाई सुरक्षा सिस्टम की एक स्क्वाड्रन तैनात की थी। इस अभ्यास का मकसद एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की क्षमताओं की जांच करना था। अभ्यास में वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने बतौर दुश्मन उड़ान भरी। अभ्यास के दौरान एस-400 ने अपने टारगेट को लॉक किया और बतौर दुश्मन उड़ान भर रहे करीब 80 फीसदी विमानों पर निशाना साधा। एस-400 को वायुसेना द्वारा तैनात कर दिया गया है और अभी एस-400 की तीन स्क्वाड्रन तैनात की जा चुकी हैं और साल 2026 तक इसकी दो और स्क्वाड्रन भारत पहुंच सकती हैं। एस-400 हवाई सुरक्षा सिस्टम को रूस द्वारा विकसित किया गया है। भारत ने रूस के साथ 35 हजार करोड़ रुपए में पांच एस-400 सिस्टम की डील की थी। अभी डील के तहत दो और स्क्वाड्रन भारत पहुंचनी है। भारत सरकार ने रूस से अपील की है कि बाकी बचे हुए दो स्क्वॉड्रन की भी जल्द ही आपूर्ति की जाए। भारत की हवाई सीमा को चाक-चौबंद करने के लिए हाल ही में वायुसेना को एमआर-सैम और ▶10 पर

### आतंकियों की मदद कर रही पाकिस्तानी सेना

# कुपवाड़ा में एक जवान शहीद एक घुसपैठिया ढेर


### पाकिस्तानी सेना की बीएटी आतंकियों के साथ शामिल



**जम्मू, 27 जुलाई (ब्यूरो)।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। एलओसी पर भारतीय सेना और पाकिस्तानी बॉर्डर एक्शन टीम के बीच फायरिंग हुई। इस दौरान एक घुसपैठिया मारा गया है। एक जवान भी शहीद हो गया। एक जवान घायल बताया जा रहा है। कुपवाड़ा के माछिल क्षेत्र में सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया है। सेना ने बताया कि फायरिंग में एक जवान शहीद हुआ है। एक मेजर और चार जवान घायल हो गए हैं। भारतीय सेना के चिनार कोर ने बताया कि नियंत्रण रेखा पर माछिल सेक्टर के कामकारी में एक चौकी पर पाकिस्तानी बॉर्डर एक्शन टीम (बीएटी) ने फायरिंग कर दी। जिसमें एक पाकिस्तानी नागरिक मारा गया है। जिसमें हमारे दो सैनिक घायल हुए हैं और उन्हें निकाल लिया गया है। बीएटी पाकिस्तानी सेना का हिस्सा है जो आतंकी संगठनों के साथ मिलकर काम करती है। पिछले 46 दिन में हुए सात आतंकी वारदातों में 11 सैनिक शहीद हो चुके हैं और 10 आम नागरिकों की मौत हुई है।

भारतीय सेना के लिए एलओसी का मच्छेल सेक्टर फिर से सिरदर्द बन रहा है। एलओसी के पार से कुपवाड़ा जिला में घुसपैठ का आतंकियों के लिए यह एक आसान रास्ता है। ▶10 पर

### डोडा हमले के आतंकियों के स्केच जारी, पांच लाख का इनाम घोषित



**जम्मू, 27 जुलाई (ब्यूरो)।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने डोडा में हुए आतंकी हमले को लेकर तीन दहशतगर्दों की स्केच जारी किए हैं। डोडा जिले में एक कैप्टन समेत चार जवानों का बलिदान हो गया था। जिसके जिम्मेदार तीन आतंकवादियों के स्केच जारी किए ▶10 पर

# विदेशों में पढ़ने वाले 633 भारतीय छात्रों की मौत

**नई दिल्ली, 27 जुलाई (एजेंसियां)।**




पिछले पांच साल में विदेश में रह रहे 633 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। इसमें सबसे ज्यादा 172 मौतें कनाडा में हुई है। उसके बाद अमेरिका में 108 और ब्रिटेन में 58 छात्रों की मौत हुई है। लोकसभा में विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विदेश में रहकर पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों की मौत प्राकृतिक कारण, दुर्घटनाओं समेत कई वजहों से हुई है। विदेश में रहकर पढ़ाई करने वाले छात्रों की कुल संख्या करीब 1.33 मिलियन है। यह संख्या हर साल दर साल बढ़ रही है।

विदेश मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार विदेशों में पढ़ने वाले छात्रों की सख्या पिछले तीन साल में ज्यादा बढ़ी है। साल 2022 में विदेश में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या 0.75 मिलियन थी। यह साल 2023 में जाकर 0.93 मिलियन पहुंच गई। इस साल यानी 2024 में यह संख्या 1.33 मिलियन हो गई है। 1 जनवरी तक 101 देशों में भारत के 13.35 लाख छात्र विदेशों में पढ़ाई कर रहे हैं। इसमें सबसे अधिक 4.27 लाख छात्र कनाडा में पढ़ाई कर रहे है। इसके बाद अमेरिका में 3.37 लाख छात्र, ब्रिटेन में 1.85 लाख और ऑस्ट्रेलिया में 1.22 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं।

कई देशों में हिंसक हमलों में भारतीय छात्रों की मौत हुई है। 19 भारतीय छात्र हिंसक हमलों में मारे गए। इसमें सबसे अधिक कनाडा में नौ छात्र, अमेरिका में छह, ऑस्ट्रेलिया, चीन, ब्रिटेन और किर्गिस्तान में एक-एक छात्र की मौत हुई है।

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : 27°
न्यूनतम : 23°

### केंद्र सरकार ने संसद में रखी आधिकारिक जानकारी

# भारत में 1.40 लाख से अधिक स्टार्टअप

### महाराष्ट्र अव्वल, उसके बाद कर्नाटक, दिल्ली, यूपी और गुजरात



**नई दिल्ली, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** भारत में स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 1.4 लाख से अधिक हो गई है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने राज्यसभा में यह जानकारी दी। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों की संख्या से पता चला है कि महाराष्ट्र 25,044 पंजीकृत स्टार्टअप के साथ सूची में सबसे ऊपर है। कर्नाटक 15,019 पंजीकृत स्टार्टअप के साथ दूसरे स्थान पर है, इसके बाद दिल्ली 14,734 स्टार्टअप के साथ है। उत्तर प्रदेश ने 13,299 स्टार्टअप के साथ चौथा स्थान हासिल किया है, जबकि गुजरात 11,436 स्टार्टअप के साथ पांचवें स्थान पर है।

मंत्री ने यह भी बताया कि सरकार ने देश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने और समर्थन देने के लिए विभिन्न प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने नवाचार, स्टार्टअप को बढ़ावा देने और देश के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के उद्देश्य से 16 जनवरी 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की।

मंत्री ने बताया कि स्टार्टअप इंडिया एक्शन प्लान में 19 कार्य वस्तुएं शामिल हैं, ▶10 पर

# लाओस ने जारी किया रामलला पर डाक टिकट

**वियनतिएन, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** दक्षिण पूर्वी एशिया के देश लाओस ने भारत के साथ अपने सभ्यतागत जुड़ाव को प्रदर्शित करते हुए विश्व का पहला ऐसा डाक टिकट जारी किया है जिसमें अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में विराजित रामलला की प्रतिमा दर्शाई गई है।

लाओ पीडीआर की राजधानी वियनतिएन में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और लाओ पीडीआर के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री सेलुमक्से कोमासिथ ने ये विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किए। डॉ. जयशंकर आसियान-भारत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के विदेश मंत्रियों की बैठक और आसियान क्षेत्रीय मंच की बैठक के लिए वियनतिएन की यात्रा पर हैं। लाओ पीडीआर और भारत के बीच गहरे सभ्यतागत जुड़ाव को दर्शाने वाले दो टिकटों के




इस स्टांप सेट में लाओस की प्राचीन राजधानी लुआंग प्रबांग शहर के भगवान बुद्ध और भगवान राम की पवित्र राजधानी अयोध्या के भगवान श्री राम को दर्शाया गया है। बौद्ध धर्म के संबंधों ने सहस्राब्दियों से भारत और लाओ पीडीआर को एक साथ बांध रखा है। ▶10 पर

TIBCON
CAPACITORS
It's all about
SAVING ENERGY
AND MONEY
GARG
Garg Power Products Pvt. Ltd.
Cell: -91 99 12 4444 26
-91 99 48 1234 59



# ओरेगन और वॉशिंगटन में जंगलों में लगी भीषण आग, 10 लाख एकड़ जंगल जलकर खाक, खाली कराए गए कई इलाके

**वॉशिंगटन, 27 जुलाई (एजेंसियां)।**

अमेरिका के ओरेगन और वॉशिंगटन के जंगलों में हवा और बिजली गिरने से भीषण आग लग गई। इसके चलते 10 लाख एकड़ से ज्यादा जंगल जलकर राख हो गया है। अधिकारियों के मुताबिक आग लगातार आबादी की ओर बढ़ रही है। इसके चलते जंगल के किनारे बसे कई इलाकों को खाली कराया गया है। वहीं आग को बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। 17 जुलाई को अमेरिका के ओरेगन के जंगल में बिजली गिरने से आग लगी थी। इस दौरान 60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली हवाओं ने झाड़ियों और जंगलों में आग को फैला दिया। इसके चलते ओरेगन समेत वॉशिंगटन का जंगली इलाका आग की चपेट में आ गया। इसमें अब तक सैकड़ों जानवरों की मौत हो चुकी है। आग ने ओरेगन के 1553 वर्ग किमी और हटिंगटन के 160 किमी क्षेत्र को जलाकर राख कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि केवल 20 फीसदी आग पर ही काबू पाया जा सका। ओरेगन की नॉर्थ वेस्ट इंटरएजेंसी के मुताबिक इस साल जंगली आग में ओरेगन में लगभग 10 लाख एकड़ और वॉशिंगटन में 125900 एकड़ जंगल जलकर खाक हो चुका है। वहीं लगातार बढ़ रही आग के चलते कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो स्थित बट काउंटी इलाके को खाली कराया गया है। यहां से चार हजार लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। इसके अलावा कनाडा के अल्बर्टा के जैस्पर नेशनल पार्क और शहर को खाली कराया गया। यहां से 10 हजार लोगों और 15 हजार पर्यटकों को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया है। बारिश की कोई संभावना नहीं: मौसम विभाग जंगल में लगातार बढ़ रही आग को कम करने में जुटे अग्निशमन दल की मौसम मुश्किलें बढ़ाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक अगले सप्ताह तक यहां बारिश की कोई संभावना नहीं है। हालांकि हवा की रफ्तार कम होगी और ठंडी हवाएं चलेंगी। इससे अग्निशमन दल को राहत मिलेगी।

### पूर्वी अमेरिका में छाई धुंध

जंगल में लगी आग से उठ रहा धुआं पूर्वी अमेरिका की ओर बढ़ रहा है। इसके चलते मिनियापोलिस और डेट्रॉयट में आसमान में धुंध छाई हुई है। इससे लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। पूर्वी अमेरिका के डेनवर में वायु गुणवत्ता सबसे खराब रही।

## न्यूज ब्रीफ

### एफबीआई ने भी माना, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के दाहिने कान के पास लगी थी गोली, हत्या की हुई थी कोशिश



**वॉशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर 13 जुलाई को पेंसिलवेनिया में हुई गोलीबारी के दौरान उनके दाहिने कान के पास गोली लगी थी। घटना की जांच कर रही एफबीआई ने माना कि उनकी हत्या का प्रयास किया गया था। इससे पहले एफबीआई के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने ट्रंप के दाहिने कान के पास गोली लगने की बात से इन्कार किया था। उन्होंने मामले की जांच की बात कही थी। 13 जुलाई को पेंसिल्वेनिया में डोनाल्ड ट्रंप की रैली के दौरान 20 साल के थॉमस मैथ्यू क्रुक्स ने ट्रंप पर जानलेवा हमला किया था, लेकिन इस हमले में ट्रंप बाल-बाल बच गए थे और गोली उनके कान को छूकर निकल गई थी। बाद में सीक्रेट सर्विस एजेंट्स की जवाबी कार्रवाई में हमलावर क्रुक्स को मौके पर ही ढेर कर दिया गया था। एफबीआई ने घटना को हत्या का प्रयास तो बताया, लेकिन हमलावर का मकसद स्पष्ट नहीं हो सका। इसके अलावा एफबीआई ओर से ट्रंप के दाहिने कान के पास गोली लगने को लेकर जांच की बात कही थी। इसलिए मौके पर मिले गोलियों के टुकड़े की जांच शुरू की थी। वहीं व्हाइट हाउस में चिकित्सक रह चुके टेक्सास के रोनी जैक्सन ने कहा कि ट्रंप के दाहिने कान में गोली लगी थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक मेमो जारी करते हुए लिखा कि ट्रंप के स्वास्थ्य की निगरानी की जा रही है। जैक्सन ने यह भी लिखा कि राइफल से कई राउंड गोलियां चलाई गईं। उन्होंने बटलर मेमोरियल अस्पताल, जहां गोली लगने के बाद ट्रंप का इलाज हुआ था, के रिकॉर्ड की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ट्रंप को सही उपचार दिया गया। उनके घाव तेजी से ठीक हो रहे हैं। जैक्सन मेमो जारी होने के बाद न्यायिक जांच कमेटी को एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने बयान दिया। उन्होंने भी कहा कि ट्रंप के कान के पास गोली लगी थी। हालांकि यह छर्रे भी हो सकते हैं। इस बारे में ट्रंप से भी पूछताछ की गई है। एफबीआई ने कहा कि गोलीबारी की जांच की जा रही है। गोलियों के टुकड़ों को इकट्ठा किया गया है। पूर्व राष्ट्रपति ने एफबीआई पर उठाए सवाल वहीं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एफबीआई पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका के लोगों को अब एफबीआई पर भरोसा नहीं है। क्रिस्टोफर रे को इस्तीफा दे देना चाहिए।


### एनएसए डोभाल ने म्यांमार के पीएम मिन ऑन्ग से की मुलाकात दोनों ने सीमा पर शांति लाने के उपायों पर की चर्चा



**नेपीडॉ।** अजीत डोभाल फिलहाल मल्टी सेक्टरल टेक्नीकल और इकोनॉमिक कोऑपरेशन (बीम्सटेक) समूह के सदस्य देशों के सुरक्षा प्रमुखों की बैठक में भाग लेने के लिए म्यांमार की राजधानी नेपीडॉ में हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल म्यांमार दौरे पर है। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री और वरिष्ठ जनरल मिन ऑन्ग ह्लाइंग से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने सीमा क्षेत्र में शांति और स्थिरता लाने के उपायों पर चर्चा की। इसलिए डोभाल पहुंचे म्यांमार बता दें, डोभाल फिलहाल मल्टी सेक्टरल टेक्नीकल और इकोनॉमिक कोऑपरेशन (बीम्सटेक) समूह के सदस्य देशों के सुरक्षा प्रमुखों की बैठक में भाग लेने के लिए म्यांमार की राजधानी नेपीडॉ में हैं। म्यांमार में 2021 में तख्तापलट के बाद से ही वहां लोकतंत्र की बहाली को लेकर व्यापक विरोध प्रदर्शन जारी है। म्यांमार के कई इलाकों में सैन्य जुंटा और प्रतिरोध बलों के बीच झड़प देखी जा रही है। प्रतिरोधी बलों ने कई इलाकों में कब्जा कर लिया है। राज्य प्रशासन परिषद के अध्यक्ष मिन ऑन्ग ह्लाइंग ने डोभाल से अपने कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों और सहयोग, म्यांमार की राजनीतिक प्रगति, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष आम चुनाव कराने की तैयारियों और सीमावर्ती क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता लाने के उपायों पर बातचीत की। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है, म्यांमार भारत के सीमावर्ती क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम करने का प्रयास कर रहा है। दोनों देश 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं, जो मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है। क्या है बिम्सटेक एक क्षेत्रीय संगठन है, जो आर्थिक विकास, व्यापार, परिवहन, ऊर्जा और आतंकवाद विरोधी क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए बंगाल की खाड़ी के आसपास के देशों को जोड़ता है। इसका मुख्य उद्देश्य अपने सदस्य देशों के बीच संबंधों को मजबूत और आर्थिक विकास बढ़ावा देना है।

# पर्यटकों के लिए सबसे खतरनाक शहरों में हैं भारत के पड़ोसी देशों के ये शहर

**वॉशिंगटन, 27 जुलाई (एजेंसियां)।**



एक रिपोर्ट में कहा गया कि पर्यटकों के लिए सबसे अधिक और सबसे कम जोखिम वाले शहरों की सूची बनाने के लिए सात कारक ध्यान में रखे गए। दुनिया के 60 शहरों की तुलना अपराध, व्यक्तिगत सुरक्षा, स्वास्थ्य और डिजिटल सुरक्षा के आधार पर की गई।

पाकिस्तान कई आतंकवादी संगठनों का गढ़ रहा है। पेशावर से लेकर क्वेटा तक आए दिन आतंकवादी घटनाएं होती रहती हैं। वहीं, यह आर्थिक संकटों से घिरा हुआ है। पाकिस्तान चाहता है कि उसके यहां पर्यटक आएं, जिनसे उसकी कमाई हो। मगर इसकी उम्मीदों पर एक रिपोर्ट ने पानी फेर दिया है। दरअसल, रिपोर्ट में कराची को पर्यटकों के लिए दूसरा सबसे जोखिम भरा शहर माना गया है। इसे 100 में 93.12 स्कोर दिया गया है। हालांकि, पहले नंबर यानी 100 फीसदी के स्कोर के साथ वेनेजुएला का कराकस सबसे खतरनाक शहर माना गया है। 11 जुलाई को सबसे जोखिम भरे शहरों की सूची सामने आई। इसमें पहले नंबर पर कराकस तो दूसरे नंबर पर कराची शहर रहा। जबकि तीसरे नंबर पर 91.67 स्कोर के साथ म्यांमार का यांगून दुनिया का तीसरा सबसे खतरनाक शहर रहा। रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश की राजधानी ढाका भी सबसे खतरनाक शहरों की सूची में शामिल है। उसे छठे नंबर पर रखा गया है। रिपोर्ट कहती है कि कराची को अमेरिकी विदेश विभाग से दूसरी सबसे खराब यात्रा सुरक्षा रेटिंग मिली है, जो यात्रा पर पुनर्विचार करने को कहता है। रैंकिंग में आगे कहा गया है कि कराची में चौथा सबसे बड़ा बुनियादी ढांचा सुरक्षा जोखिम है। जो शहर के बुनियादी ढांचे की उपलब्धता और गुणवत्ता को दर्शाता है।

**कराची कई सालों से बना हुआ सबसे जोखिम वाला शहर** – रिपोर्ट में कहा गया कि पर्यटकों के लिए सबसे अधिक और सबसे कम जोखिम वाले शहरों की सूची बनाने के लिए सात प्रमुख कारक नजर में रखे गए। दुनिया के 60 शहरों की तुलना अपराध, व्यक्तिगत सुरक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, प्राकृतिक आपदाओं और डिजिटल सुरक्षा के आधार पर की गई। ऐसा नहीं है कि कराची पहली बार सबसे जोखिम भरा शहर माना गया है। वह बार-बार नहीं रहने लायक शहरों की सूची में आता रहा है। 2017 में इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट की ओर से कराची को दुनिया के सबसे कम सुरक्षित शहरों में नामित किया गया था।

**यह है सबसे सुरक्षित शहर** – दुनिया के खतरनाक शहरों की ही तरह सबसे सुरक्षित शहरों की भी सूची सामने आई है। दुनिया के सबसे सुरक्षित शहरों में सिंगापुर है। सिंगापुर को 100 में से शून्य अंक मिले हैं। इसे इसकी सुरक्षा, न्यूनतम प्राकृतिक आपदा जोखिम और उत्कृष्ट स्वास्थ्य देखभाल और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के कारण रैंकिंग मिली है।

वहीं, जापान का टोक्यो शहर दुनिया का दूसरा सबसे सुरक्षित शहर है। वहीं कनाडा का टोरंटो शहर तीसरा सबसे सुरक्षित शहर है।

**पर्यटकों के लिए टॉप 10 सबसे खतरनाक शहर–**

- वेनेजुएला का कराकस,
- पाकिस्तान का कराची
- म्यांमार का यांगून
- नाइजीरिया का लागोस
- फिलीपींस का मनीला
- बांग्लादेश का ढाका
- कोलंबिया का बोगोटा
- मिस्र का काहिरा
- मैक्सिको सिटी
- इक्वाडोर

पर्यटकों के लिए सबसे सुरक्षित शहर–

- सिंगापुर
- जापान का टोक्यो
- कनाडा का टोरंटो
- ऑस्ट्रेलिया का सिडनी
- स्विट्जरलैंड का ज्यूरिख
- डेनमार्क का कोपेनहेगन
- दक्षिण कोरिया का सियोल
- जापान का ओसाका
- ऑस्ट्रेलिया का मेलबर्न
- नीदरलैंड का एम्स्टर्डम

**पाकिस्तान का सबसे बड़ा शहर ही सबसे खतरनाक** – कराची, पाकिस्तान का सबसे बड़ा शहर है। आजादी से पहले कराची, बॉम्बे प्रेसीडेंसी का हिस्सा हुआ करता था। बाद में अंग्रेजों ने बॉम्बे प्रेसीडेंसी से अलग सिंध सूबा बनाकर कराची को इसकी राजधानी बनाया। कराची और हमारा मुंबई शहर एक दौर में कमोबेश एक जैसे हुआ करते थे। आज भी कराची को पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कहा जाता है। कराची शहर की आबादी दो करोड़ से ज्यादा है। ये दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाले शहरों में से एक है।

# मस्क की ट्रांसजेंडर बेटी ने पिता को बताया क्रूर, कहा- रिश्ता नहीं रखना चाहती, मुझे प्रताड़ित किया



**वॉशिंगटन, 27 जुलाई (एजेंसियां)।**

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की ट्रांसजेंडर बेटी विवियन जेना विल्सन ने अपने पिता को क्रूर और निर्दयी बताया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, विवियन ने कहा कि मैं उनके साथ कोई रिश्ता नहीं रखना चाहती। दरअसल, कुछ दिन पहले मस्क ने कहा था कि जेंडर बदलवाने की सर्जरी ने उनसे बेटे को अलग कर दिया था। इस पर जवाब देते हुए 20 वर्षीय विवियन ने कहा, मस्क ने कहा था कि मैं एक लड़की नहीं हूं। मैं उनके लिए मर चुकी हूं। यह कहकर उन्होंने हद पार कर दी। अगर वे लाखों लोगों के सामने झूठ बोलेंगे तो मैं इसे किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं करूंगी। बता दें कि एलन मस्क के बेटे जेवियर ने 2022 में अपना जेंडर बदलवाया था।

### भाई-बहनों को मां के पास छोड़ा

इतना ही नहीं विवियन ने कहा कि एलन मस्क ने कभी भी एक अच्छे पिता की तरह बर्ताव नहीं किया। उन्होंने पिता के तौर पर कभी भी हमारा साथ नहीं दिया। जब हमें उनकी जरूरत थी तो मुझे और मेरे भाई-बहनों को मां के पास छोड़ दिया। वे जब भी मिलते थे तो हमसे बुरा बर्ताव करते थे। हमेशा चिल्लाते रहते थे। वे लापरवाह थे। उनका ध्यान सिर्फ खुद पर रहता था। उल्लेखनीय है कि जेंडर बदलवाने के बाद जेवियर ने अपना नाम भी बदल लिया था।

### लड़कों की तरह रहने के लिए करते थे मजबूर

विवियन ने कहा कि वह बचपन से ही एक लड़की जैसा महसूस करती थीं। इस पर पिता मस्क ने उन्हें कई बार प्रताड़ित भी किया। वह बार-बार लड़कों की तरह रहने के लिए मजबूर करते थे। विवियन ने बताया कि एक बार हम रोड ट्रिप पर गए थे। बाद में पता चला कि वो मस्क की कार का विज्ञापन था। वह पूरे समय हम पर चिल्ला रहे थे। मस्क की बेटी ने बताया कि उनके पिता का ध्यान कभी भी बच्चों पर नहीं रहा। वह सिर्फ अपने क्रोध और बर्बरता के लिए हमारे बीच पहचाने गए।बचपन में उनसे हम भाई-बहनों को बहुत डर भी लगता था, क्योंकि हमेशा उनका व्यवहार किसी भी बच्चे के लिए परेशान करने वाला होता था। उन्होंने हमें कभी भी पिता का प्यार नहीं दिया।

# चक्रवाती तूफान गेमी ने ताइवान में मचाई तबाही, आठ की मौत, सैकड़ों घायल

**ताइपे, 27 जुलाई (एजेंसियां)।**



चक्रवाती तूफान गेमी ने ताइवान में भीषण तबाही मचाई है। इस तूफान से अब तक ताइवान में आठ लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। ताइवान की सेंटल इमरजेंसी ऑपरेशंस सेंटर ने यह जानकारी दी है। सीईओसी के आंकड़ों के अनुसार, एक व्यक्ति लापता भी है और घायलों की कुल संख्या 866 है। फिलहाल चक्रवाती तूफान गेमी कमजोर पड़ गया है और अब यह चीन पहुंच गया है। हालांकि तूफान के असर से अभी भी ताइवान में भारी बारिश की आशंका है। चक्रवाती तूफान से आठ लोगों की गई जान चक्रवाती तूफान गेमी से एक 64 वर्षीय स्कूटर सवार महिला की मौत हुई है, जिस पर कोहसिउंग इलाके में एक पेड़ गिर गया। वहीं हुआलिएन शहर में 44 वर्षीय एक व्यक्ति के घर की छत गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। कोहसिउंग इलाके में ही एक 78 वर्षीय व्यक्ति की भूस्खलन में मौत हुई है। इसी तरह चक्रवाती तूफान से जनित घटनाओं में अलग-अलग इलाकों में कुल आठ लोगों की मौत हुई है। दो लोगों के शव बाढ़ ग्रस्त खेतों से बरामद किए गए हैं, जिनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। कुओ नाम का व्यक्ति लापता है और उसकी तलाश की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सबसे ज्यादा (259) लोग कोहसिउंग इलाके में ही चक्रवाती तूफान से प्रभावित हुए हैं। इसके बाद ताइनान में 125, ताइचुंग में 120 लोग घायल हुए हैं। तूफान के चलते कई मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। तूफान के असर से ताइवान के पूर्वी और दक्षिणी इलाकों में अभी भी भारी बारिश के आसार हैं। फिलीपींस में भी मचा चुका है तबाही चक्रवाती तूफान गेमी ताइवान से पहले फिलीपींस में भी तबाही मचा चुका है। पश्चिमी प्रशांत महासागर से उठे तूफान ने फिलीपींस में 22 लोगों की जान ले ली और 200 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। फिलीपींस कोस्ट गार्ड ने बताया कि तूफान के चलते एमटी टेरा नोवा नामक एक तेल से भरा जहाज बतान प्रांत के लिमय शहर के नजदीक डूब गया।

# तुर्किये और भारत के संबंध होंगे मजबूत, एस जयशंकर ने लाओस में तुर्किये के विदेश मंत्री से की मुलाकात

**वियांग चान, 26 जुलाई (एजेंसियां)।**



लाओस की राजधानी वियांग चान में चल रही दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संगठन की बैठक में पहुंचे भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए संगठन से जुड़े देशों के विदेश मंत्री और प्रतिनिधियों से मुलाकात कर रहे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तुर्किये के विदेश मंत्री हकान फिदान के साथ बैठक की। इस दौरान दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधो, वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक से अलग दोनों देशों के बीच हुई बैठक के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया कि तुर्किये के विदेश मंत्री हकान फिदान से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। इससे पहले जयशंकर ने रूस, यूरोपीय संघ, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, लाओस, ब्रूनेई और न्यूजीलैंड के नेताओं से मुलाकात कर द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की थी। लाओस में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूस, दक्षिण कोरिया, ब्रूनेई, न्यूजीलैंड और लाओस के अन्य नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान सभी नेताओं ने शिक्षा और कृषि प्रौद्योगिकी समेत द्विपक्षीय सहयोग के कई पहलुओं पर चर्चा की। वहीं इस मुलाकात को लेकर रूसी विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा- रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और भारत के विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने ऋआसियान कार्यक्रमों के दौरान मुलाकात की।

दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो टे-युल से मुलाकात के दौरान एस जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया कि दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री से विशेष रणनीतिक साझेदारी पर व्यापक बातचीत हुई। हमारी साझेदारी भारत-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग के नए रास्ते खोलेगी। इसके अलावा यूरोपीय संघ के विदेश मामलों और सुरक्षा नीति के उपाध्यक्ष के जोसेफ बोरेल से मुलाकात के बाद भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ व्यापारिक साझेदारी, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन बढ़ाने के लिए बात की। भारत-यूरोपीय संघ संबंधों को मजबूत करने के लिए यूरोप का उन्होंने धन्यवाद जताया। इसके बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने सबसे प्रिय दोस्त सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णनन से मुलाकात की। एस जयशंकर ने कहा कि पिछले तीन साल में भारत और एसियान के संबंधों को मजबूत बनाने के लिए समन्वयक की भूमिका निभाने पर सिंगापुर का धन्यवाद। हमने द्विपक्षीय संबंधों के लिए नया एजेंडा तैयार करने पर बात की। साथ ही वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर उनके विचारों की सराहना की। इसके अलावा इंडोनेशिया के विदेश मंत्री से मुलाकात की। उन्होंने भारत-इंडोनेशिया और भारत-एसियान के संबंधों पर चर्चा की। साथ ही जी-20 अध्यक्ष के तौर पर उनके काम को सराहा।

# हमें कमला हैरिस को चुनाव में एकतरफा हराना होगा, वर्ना..., राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार पर ट्रंप का कटाक्ष

**वॉशिंगटन, 27 जुलाई (एजेंसियां)।**

**अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट्स की तरफ से कमला हैरिस मैदान में हैं। दोनों प्रतिद्वंद्वी एक दूसरे पर लगातार हमलावर हो रहे हैं। इसी क्रम में, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने उपराष्ट्रपति पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर कमला हैरिस सत्ता में आ जाती हैं, तो वह देश के इतिहास की सबसे कट्टर उदारवादी राष्ट्रपति होंगी।**



### बीते बाइडन हुए थे चुनावी दौड़ से बाहर

गौरतलब है, कुछ दिन पहले यानी बीते 81 साल के जो बाइडन ने चुनावी दौड़ से बाहर होने का एलान कर सबको चौंका दिया था। हालांकि, राष्ट्रपति बाइडन ने कमला हैरिस को अपना समर्थन दिया था। वहीं, 26 जुलाई को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी उनका समर्थन किया है।

### एक असफल उपराष्ट्रपति रहीं

ट्रंप ने 59 साल की भारतवंशी हैरिस को आव्रजन और गर्भपात के मुद्दे पर उदारवादी बताया। साथ ही उनके लिए आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया। उन्होंने द बिलीवर्स समिट में दिए भाषण में कहा, एक असफल उपराष्ट्रपति हैं, जिनके शासन में लाखों लोग सीमा पार कर रहे थे और वह सीमा की तानाशाह थी।

### सबसे कट्टर उदारवादी राष्ट्रपति बनेंगी हैरिस

78 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति ने हैर्सि को अमेरिकी इतिहास में सबसे अक्षम, अलोकप्रिय और वामपंथी उपराष्ट्रपति कहा। ट्रंप ने कहा, अगर कमला हैरिस सत्ता में आती हैं तो वह अमेरिकी इतिहास की सबसे कट्टर उदारवादी राष्ट्रपति होंगी। एक सीनेटर के रूप में हैरिस को नंबर वन दूर-वामपंथी डेमोक्रेट का स्थान दिया गया था और इसमें बर्नी सैंडर्स भी शामिल थे।

### कमला को हराना मकसद

उन्होंने आरोप लगाया, हमें कमला हैरिस को चुनाव में एकतरफा हराना होगा, वर्ना वह सैकड़ों अतिवादी वामपंथी न्यायाधीशों की नियुक्ति करेंगी ताकि वे अमेरिकियों पर सैन फ्रांसिस्को के उदार मूल्यों को जबरन थोप सकें। उन्होंने आगे कहा कि हमारा काम समाजवाद, मार्क्सवाद, साम्यवाद को हराना है, कार्टेल और अपराधियों और मानव तस्करों, महिलाओं की तस्करी को हराना है। इसका मतलब है कमला हैरिस को भारी मतों से हराना। हम इस नवंबर में भारी मतों से जीतना चाहते हैं। हम कुछ ऐसा चाहते हैं जो इतना बड़ा हो कि उसमें हेराफेरी न की जा सके।

ट्रंप ने कहा कि हैरिस अवैध विदेशियों के लिए मुफ्त सरकारी स्वास्थ्य सेवा, आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन को समाप्त करने, अवैध आव्रजन को अपराध से मुक्त करने और अवैध रूप से आए लोगों के लिए सामूहिक माफी का समर्थन करती हैं। उन्होंने कहा कि वह निजी स्वास्थ्य बीमा को गैरकानूनी घोषित करना चाहती हैं और पुलिस को वित्त पोषण से वंचित करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, हैरिस हत्यारों, बाल अपराधियों और ड्रग डीलरों को प्रतिदिन हजारों की संख्या में हमारी सीमाओं के पार आने देंगी। मैं हत्यारों, अपराधियों, अवैध विदेशियों और गिरोह के सदस्यों को हमारे देश से बाहर निकाल दूंगा।

# झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी जेडीयू



**पटना, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भी जनता दल यूनाइटेड की तैयारी शुरू हो गई है। झारखंड जदयू के दिग्गज खीरू महतो सहित जदयू के बिहार-झारखंड के 20 से ज्यादा नेताओं ने शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के पटना स्थित आवास पर बैठक की। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के साथ ही झारखंड की विधानसभा सीटों को बांटने का प्राथमिक फैसला हुआ है। बैठक में जदयू की झारखंड राज्य इकाई ने अपनी ओर से 11 सीटों को चिह्नित कर अपना दावा रखा। इन सीटों पर भाजपा के साथ बात करने में कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद संजय झा की अहम भूमिका होगी। झारखंड जदयू अध्यक्ष खीरू महतो ने बताया कि बैठक में झारखंड के दिग्गज नेता सरयू राय के मुद्दे पर भी बात हुई।

मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक में जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, मंत्री अशोक चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार और राज्यसभा सांसद खीरू महतो समेत कई प्रमुख नेता शामिल हुए। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि हम भाजपा के साथ गठबंधन में झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। पार्टी के सर्वोच्च नेता के साथ जिन मुद्दों पर चर्चा हुई उनमें कुर्मियों को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करना भी शामिल था। झारखंड में कुर्मी नेता कुछ समय से मांग उठा रहे थे और आज पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधियों ने इसका समर्थन किया। अब हम आगे बढ़ेंगे। इस मुद्दे को संसद में और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष उठाया जाएगा।

वहीं जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि पार्टी एनडीए के हिस्से के रूप में झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ने का इरादा रखती है। सीट-बंटवारे का फॉर्मूला तय होने के बाद के इस बारे में आगे की बात की जाएगीद्ध उन्होंने कहा कि आज की बैठक झारखंड के कुर्मी और कुशवाहा नेताओं के अनुरोध पर बुलाई गई थी।वह हमारे सीएम से मुलाकात की मांग कर रहे थे।

# जम्मू कश्मीर के राजनीतिक दलों की 7 अगस्त को बैठक

**जम्मू, 27 जुलाई (ब्यूरो)।** पांच अगस्त 2019 के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक दल 7 अगस्त को जम्मू में एक साथ मिलेंगे। इसमें कई मुद्दों पर चर्चा होनी है। बैठक के एजेंडे में जम्मू-कश्मीर पुलिस को गृह मंत्रालय के बजट में एकीकृत करना, उपराज्यपाल की शक्तियों को बढ़ाना और आगामी विधानसभा चुनावों पर चर्चा शामिल है। बैठक में अपनी पार्टी, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, कांग्रेस और अन्य महत्वपूर्ण दल शामिल होंगे।




वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद से यह इन राजनीतिक दलों की पहली एकीकृत बैठक होगी। अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद, जम्मू-कश्मीर में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन का गठन किया, जिसमें अपनी पार्टी ने गठबंधन में भाग नहीं लिया। सीपीआई (एम) नेता एम वाई तारिगामी ने पुष्टि की कि पार्टियां 07 अगस्त को सुबह 10:00 बजे रेडिसन होटल जम्मू में जम्मू में मिलेंगी।

# सैनिक स्कूल और केंद्रीय विद्यालय अगले आदेश तक बंद

**जम्मू, 27 जुलाई (ब्यूरो)।** जम्मू पठानकोट हाईवे स्थित सैनिक स्कूल और केंद्रीय विद्यालय अगले आदेश तक बंद कर दिए गए हैं। पढ़ाई ऑनलाइन मोड में करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर हाई अलर्ट के मद्देनजर जम्मू प्रांत और जम्मू-पठानकोट राजमार्ग पर सैन्य छावनी से संचालित होने वाले केंद्रीय विद्यालयों के अलावा सेना के पब्लिक और गुडविल स्कूलों सहित बड़ी संख्या में शैक्षणिक संस्थान एहतियात बंद कर दिए गए हैं।



स्कूलों पर संभावित आतंकी हमलों के बारे में विशेष अलर्ट जारी करने के बाद यह निर्णय लिया गया। यह घटनाक्रम तब हुआ जब सुरक्षाबलों ने आतंकवाद से संबंधित गतिविधियों का समर्थन करने के लिए दो ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों का मुकाबला करने के हमारे चल रहे प्रयासों में, पीएस मल्हार में कठुआ पुलिस ने दो ओजीडब्ल्यू को पकड़ा, जो समय पर पुलिस को इसका खुलासा न करके जानबूझकर महत्वपूर्ण जानकारी रोक रहे थे। आतंकी हमले की खुफिया जानकारी के बाद, जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर सभी रक्षा प्रतिष्ठानों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। कुछ अभिभावकों ने पुष्टि की कि स्कूल के अधिकारी अगले आदेश तक, प्रशासनिक कारणों से छुट्टियों के बारे में सूचित करते हुए संदेश भेज रहे हैं।

# धोखा देकर मुसलमान बनाने वाली रक्षंदा खान और पति गिरफ्तार

**मुरादाबाद, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** फैशन इंस्टीट्यूट की आड़ में जबरन इस्लामिक कन्वर्जन की मुहिम चला रही कट्टरपंथी रक्षंदा खान और उसके शौहर शाहनवाज खान पर कानूनी शिकंजा कस गया है। मुरादाबाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लैक्मे फैशन एकेडमी के डायरेक्टर दंपति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को रैकेट से और भी लोगों के जुड़े होने की शक है। इसे लेकर जांच अभी जारी है।



मुरादाबाद पुलिस ने प्रेस कांफ्रेंस कर लैक्मे इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर रक्षंदा खान और उसके पति शाहनवाज खान पर कार्रवाई के बारे में जानकारी दी है। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया और सीओ अर्पित कपूर ने मीडिया को बताया कि मुरादाबाद में कांठ रोड स्थित लैक्मे फैशन एकेडमी की छात्रा तान्या चौधरी, स्वाति पाल और छात्र जतिन सैनी ने डीएम से मिलकर जबरन कन्वर्जन का दबाव बनाए जाने की शिकायत की थी। पीड़ित स्टूडेंट का कहना था कि वे लोग इंस्टीट्यूट में मेकअप, हेयर ड्रेसिंग समेत अन्य कोर्स कर रहे हैं। इंस्टीट्यूट में प्रवेश लेते समय उनको बताया गया था कि यहां मीट-मछली का सेवन नहीं किया जाता। इसके बाद भी इंस्टीट्यूट में मीट-मछली खाया जा रहा है।

एकेडमी की डायरेक्टर रक्षंदा खान हिंदू छात्र-छात्राओं पर जबरन इस्लामिक कन्वर्जन को दबाव बनाती है। कलावा, सिंदूर, मंगलसूत्र पहनकर जाने पर उनका उत्पीड़न किया जाता है। इंस्टीट्यूट में नमाज भी पढ़ी जाती है। हिंदू छात्राओं पर मुस्लिम लड़कों के साथ रहने का दबाव बनाया जाता है। इतना ही नहीं, इंस्टीट्यूट में असली की जगह नकली प्रोडक्ट भी इस्तेमाल किए जाते हैं। डीएम ने मामले की जांच के आदेश दिए थे। पुलिस की जांच में आरोप सही पाए गए। जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की। पुलिस टीम ने छापेमारी कर सिविल लाइंस के स्टार पैसिफिक सोसाइटी में रह रही लैक्मे फैशन एकेडमी की संचालिका रक्षंदा खान और उसके शौहर शाहनवाज खान को गिरफ्तार कर लिया। रक्षंदा खान मूल रूप से कानपुर जिले में किदवई नगर क्षेत्र की साकेत नगर कालोनी की रहने वाली है। वह और उसका पति शाहनवाज हिंदू छात्र-छात्राओं पर इस्लामिक कन्वर्जन के लिए दबाव बनाता था। पूछताछ के बाद पुलिस ने रक्षंदा और शाहनवाज को कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

## नई पीढ़ी को गौरवशाली इतिहास से परिचित कराएगी योगी सरकार

# काकोरी ट्रेन एक्शन की सौवीं वर्षगांठ पर मनेगा शताब्दी समारोह

**लखनऊ, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** योगी सरकार उत्तर प्रदेश की भावी पीढ़ी को भारत के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराती रही है। 9 अगस्त 2024 से काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ का शुभारंभ हो रहा है। इसी क्रम में अब काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का आयोजन किया जाएगा। क्रांतिकारियों के सम्मान में संपूर्ण प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों के साथ इसे पूरे वर्ष तक मनाया जाएगा। 9 अगस्त को लखनऊ के काकोरी व शाहजहांपुर में विशेष आयोजन होगा। इसके तहत स्कूलों, महाविद्यालय व विश्वविद्यालयों में अनेक प्रतियोगिताएं होंगी तो जिला प्रशासन की तरफ से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान भी किया जाएगा। वहीं वन विभाग काकोरी के शहीदों की याद में प्रत्येक जनपद में शहीद स्मृति वाटिका तैयार करेगा। 9 अगस्त को शुभारंभ अवसर पर 100 साइकिल सवारों द्वारा शहीद स्मृति यात्रा की भी तैयारी प्रस्तावित है।

योगी सरकार के निर्देश पर अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। काकोरी लिटरेचर फेस्टिवल भी लगेगा। काकोरी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, स्वतंत्रता आंदोलन, काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़ी पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

### 9 अगस्त को काकोरी समेत कई जिलों में होगा विशेष आयोजन




इतिहासकारों, विशेषज्ञों द्वारा विद्यालयों-महाविद्यालयों में संवाद कार्यक्रम भी होंगे। काकोरी के संदर्भ में नाट्य प्रस्तुति, पुस्तकों का विमोचन, विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। पुस्तकों का डिजिटल संस्करण भी जारी किया जाएगा। काकोरी घटना से जुड़ी कविताएं, कहानी लेखन प्रतियोगिता, विद्यालयों में ओपन माइक व क्रांतिकारियों के जीवन पर आधारित क्विज प्रतियोगिता भी होगी।

योगी सरकार ने काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर प्रत्येक जनपद में वन विभाग को शहीद स्मृति वाटिका तैयार कराने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त राज्य ललित कला अकादमी व शिक्षा विभाग की ओर से स्वतंत्रता संग्राम स्थलों, शहीद स्मारकों पर ऑन स्पॉट पेंटिंग व शिविर लगाए जाएंगे। विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, स्कूलों-कॉलेजों में पेंटिंग, म्यूरल व क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिताएं होंगी। लोकनाट्य प्रतियोगिता, शहीद स्थलों व स्मारकों से जुड़ी घटनाओं पर नाट्य प्रस्तुति, नाट्य महोत्सव आदि का भी आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश संस्कृति निदेशालय की तरफ से सांस्कृतिक शोभायात्राएं निकाली जाएंगी तो दूसरी तरफ शहीदों की जन्मतिथि व बलिदान दिवस पर राष्ट्रभक्ति से पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर 9 अगस्त को लखनऊ के काकोरी, शाहजहांपुर में शताब्दी समारोह का शुभारंभ होगा। इसके साथ ही गोरखपुर के चौरीचौरा, बलिया, फिरोजाबाद, अयोध्या, मैनपुरी, वार-णसी, मेरठ, प्रयागराज, कानपुर (बिठूर), झांसी, बरेली, सहारनपुर, गोंडा में भव्य आयोजन होगा। इसके साथ ही अन्य जनपदों में इससे जुड़े आयोजन किए जाएंगे। योगी सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन की तरफ से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित भी किया जाएगा।

काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए संस्कृति विभाग को नोडल बनाया गया है।

इसके साथ ही माध्यमिक शिक्षा विभाग, गृह, वन, माध्यमिक, बेसिक, उच्च शिक्षा, पर्यटन व सूचना-जनसंपर्क विभाग के समन्वय से इस कार्यक्रम को अविस्मरणीय बनाया जाएगा।

संस्कृति निदेशालय की तरफ से डाक विभाग के समन्वय से डाक आवरण जारी किया जाएगा।

## महाकुंभ-2025 स्पेशल

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं को मिलेगी वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य सेवाएं

**लखनऊ, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** महाकुंभ-2025 में आने वाले श्रद्धालुओं को योगी सरकार वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगी। इसके लिए स्वास्थ्य संबंधी 18 प्रोजेक्ट पर करीब 125 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की जा रही है। इससे मेला क्षेत्र, प्रयागराज शहर के अस्पताल और मेला क्षेत्र के रास्ते में पड़ने वाले सीएचसी-पीएचसी को अपग्रेड किया जा रहा है। साथ ही उन्हें हाइटेक टेक्नोलॉजी से लैस किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए मेला क्षेत्र में 43 अस्थायी अस्पताल बनाए जाएंगे, जबकि शहर के चार अस्पतालों में 305 बेड रिजर्व किये जाएंगे। वहीं आकस्मिक सेवाओं के लिए 24 घंटे डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टाफ तैनात रहेंगे।

महाकुंभ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुंभ-2025 को दिव्य, भव्य और सुरक्षित आयोजित कराने के लिए लगातार बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। इसी के तहत उन्होंने महाकुंभ-2025 में आने वाले श्रद्धालुओं को वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरुप प्रयागराज में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े 18 प्रोजेक्ट संचालित हैं, जिसे करीब 125 करोड़ की लागत से धरातल पर उतारा जाएगा। महाकुंभ मेला अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य संबंधी कार्यों के लिए शासन की ओर अब तक 41.73 लाख का बजट जारी किया जा चुका है जबकि 57.97 लाख की धनराशि को हरी झंडी दे दे है। उन्होंने बताया कि जल्द ही यह धनराशि जारी कर दी जाएगी। एडिशनल डायरेक्टर (हेल्थ) डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि सबसे पहले शासन ने शहर के चार अस्पताल मोती लाल नेहरू चिकित्सालय (कॉल्विन), तेज बहादुर सप्रू (बेली) अस्पताल, राजकीय क्षय रोग चिकित्सालय टेलियरगंज और जिला महिला चिकित्सालय (डफरिन) अस्पताल के अपग्रेडेशन के लिए 28 करोड़ रुपए जारी किये गये थे, जिसका काम चल रहा है। इन अस्पतालों में श्रद्धालुओं के लिए 305 बेड रिजर्व किये गये हैं। वहीं डफरिन अस्पताल में महिला श्रद्धालुओं के लिए 50 बेड रिजर्व किये गये हैं। इसके अलावा एंबुलेंस, बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, शव वाहन, डिजास्टर मैनेजमेंट और ऑफिस के लिए 13.73 लाख रुपए आवंटित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि इस धनराशि से 125 रोड एंबुलेंस, 20 रिवर एंबुलेंस और 1 एयर एंबुलेंस की तैनाती की जाएगी। ज्वाइंट डॉयरेक्टर स्वास्थ्य डॉ. विवेक कुमार




मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए महाकुंभ मेला क्षेत्र को 25 सेक्टर में बांटा गया है। ऐसे में इसे ध्यान में रखते हुए मेला क्षेत्र में 380 बेड के 43 अस्थायी अस्पताल बनाए जा रहे हैं। इनमें 100 बेड का एक अस्थायी सेंट्रल अस्पताल, 25-25 बेड के दो अस्थायी सब सेंट्रल अस्पताल, 20-20 बेड के दो अस्थायी संक्रामक रोग के अस्पताल और 8 सेक्टर में 20-20 बेड के एक-एक अस्थायी अस्पताल शामिल हैं। यह अस्पताल मेला क्षेत्र के लगभग तीन सेक्टर कवर करेंगे। इसके अलावा एक-एक बेड के 10 फस्ट एड पोस्ट और 20 आउट हेल्थ पोस्ट स्थापित किये जा रहे हैं। यह आउट हेल्थ पोस्ट पार्किंग स्थल, स्टॉल समेत अन्य स्थानों पर स्थापित किये जाएंगे। इसके लिए 14.25 लाख की धनराशि खर्च की जा रही है। साथ ही मेला क्षेत्र में वेक्टर जनित रोगों पर अंकुश लगाने के लिए 10 करोड़ रुपए खर्च किये जाएंगे। वहीं इन अस्पतालों में भर्ती मरीजों के खाने-पीने, सर्जिकल आइटम्स, दवाइयों के लोकल परचेज समेत अन्य मदों में 12.73 लाख रुपए खर्च किये जा रहे हैं। इसके अलावा मेला क्षेत्र के रास्ते में पड़ने वाले 12 सीएचसी, 3 पीएचसी, एक पोस्टमार्टम हाउस के अपग्रेडेशन और ड्रग वेयर हाउस के लिए कुल 21.24 लाख रुपए खर्च किये जा रहे हैं। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने बताया कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 407 डॉक्टर्स की तैनाती की जा रही है। इसके साथ ही 182 नर्सिंग स्टाफ, 150 वार्ड ब्वाय, 354 फार्मासिस्ट और 60 लैब टेक्नीशियन की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि महाकुंभ में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में उन्हे बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं। मेला क्षेत्र के अस्पताल में तीन शिफ्ट में 48 महिला चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगी। वहीं सेंट्रल अस्पताल में लेबर रूम की स्थापना की जा रही है। इसके अलावा मेला क्षेत्र में 24 घंटे गायनेकोलॉजिस्ट भी तैनात रहेंगी। साथ ही 40 स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की टीम पर रहेगी। इसके अलावा सीएचसी और पीएचसी में भी 24 घंटे आकस्मिक सेवाएं उपलब्ध रहेगी। यहां पर एक्स्ट्रा दवाइयां, मरहम-पट्टी समेत अन्य चीजों के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिये गये हैं।

# अभिनेत्री सारा अली खान को भा रहा कश्मीर



**जम्मू, 27 जुलाई (ब्यूरो)।** फिल्म अभिनेत्री सारा अली खान को कश्मीर खूब भा रहा है। उन्होंने कश्मीर की अपनी यात्रा की झलकियां साझा करके अपने प्रशंसकों को आकर्षित किया है। अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसका शीर्षक था शांति का एक टुकड़ा। इस पोस्ट ने जल्दी ही लोगों का व्यापक ध्यान आकर्षित किया और सारा को खूब प्रशंसा मिली। सारा अली अपने नजदीकियों के साथ घाटी में आराम करती हुई और तफरीह करती हुई दिखाई दीं।

दिलचस्प बात यह है कि यह पहली बार नहीं है जब सारा ने कश्मीर के लिए अपना प्यार जताया है। वह अक्सर इंटरव्यू और सोशल मीडिया पोस्ट में इस क्षेत्र के प्रति अपने प्यार को साझा करती रही हैं, और इसकी प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण की प्रशंसा करती रही हैं।

बॉलीवुड की कई फिल्मों की शूटिंग कश्मीर में होती रही है। अभी भी श्रीनगर में फिल्म द लास्ट कैंडिडेट की शूटिंग चल रही है, जहां प्रसिद्ध अभिनेता किरण कुमार ने भी कश्मीर की सुंदरता की प्रशंसा की है।



# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

अगर आप लम्बे वक़्त के लिए निवेश करें, तो अच्छा–ख़ासा फ़ायदा हासिल कर सकते हैं। परिवार वालों का हँसी–मज़ाक भरा बर्ताव घर के वातावरण को हल्का–फुल्का और ख़ुशनुमा बना देगा। अपने प्रेम–प्रसंग के बारे में इधर–उधर ज़्यादा बातें न करें। यह उन उम्दा दिनों में से एक दिन है जब कार्यक्षेत्र में आप अच्छा महसूस करेंगे। आज आपके सहकर्मी आपके काम की तारीफ करेंगे और आपका बॉस भी आपके काम से खुश होगा। कारोबारी भी आज कारोबार में मुनाफा कमा सकते हैं। अपनी ख़ासियत और भविष्य की योजनाओं पर फिर से सोचने का समय हैं।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज आपको अपनी संतान की वजह से आर्थिक लाभ होने की संभावना नजर आ रही है। इससे आपको काफी खुशी होगी। भावनात्मक तौर पर ख़तरा उठाना आपके पक्ष में जाएगा। आपमें बहुत–कुछ हासिल करने की क्षमता है– इसलिए अपने रास्ते में आने वाले सभी मौक़ों को झट–से दबोच लें। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद भी आज आप अपने लिए समय निकालपाने में सक्षम होंगे। खाली वक्त में आज कुछ रचनात्मक कर सकते हैं। अपने जीवनसाथी को सरप्राइज़ जरुर दें।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

रात के समय आप आज आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है क्योंकि आपके द्वारा दिया गया धन आज आपको वापस मिल सकता है। आपको अपना बाक़ी वक़्त बच्चों के संग गुज़ारना चाहिए, चाहे इसके लिए आपको कुछ ख़ास ही क्यों न करना पड़े। अपने प्रिय को समझने की कोशिश करें, नहीं तो मुश्किल में फँस सकते हैं। यह दिन बेहतरीन दिनों में से एक हो सकता है। आज दिन में आप कई अच्छे प्लान भविष्य के लिए बना सकते हैं लेकिन शाम के वक्त किसी दूर के रिश्तेदार के घर में आ जाने के कारण आपके सारे प्लान धरे के धरे रह सकते हैं।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

अच्छी सेहत के चलते आप किसी खेल–कूद की प्रतिस्पर्धा में भाग ले सकते हैं। जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है। परिवार में नए सदस्य के आने की ख़बर आपको रोमांचित कर देगी। दिन की शुरुआत भले ही थोड़ी थकाऊ रहे लेकिन जैसे–जैसे दिन आगे बढ़ेगा आपको अच्छे फल मिलने लगेंगे। दिन के अंत में आपको अपने लिए समय मिल पाएगा और आप किसी करीबी से मुलाकात करके इस समय का सदुपयोग कर सकते हैं।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। आपके माता पिता आपकी फिजूलखर्ची को देखकर आज चिंतित हो सकते हैं और इसलिए आपको उनके गुस्से का शिकार भी होना पड़ सकता है। ज़रूरत के वक़्त आपको दोस्तों का सहयोग मिलेगा। आपकी प्रेम कहानी आज एक नया मोड़ ले सकती है, आपका साथी आज आपसे शादी को लेकर बात कर सकता है। ऐसे में कोई भी फैसला लेने से पहले आपको विचार अवश्य करना चाहिए। जो लोग विदेश व्यापार से जुड़े हैं उन्हें आज मनमाफिक फल मिलने की पूरी उम्मीद है।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

ऐसी गतिविधियों में संलग्न रहें, जो आपको सुकून दें। बिना बताये आज कोई देनदार आपके अकाउंट में पैसे डाल सकता है जिसके बारे में जानकर आपको अचंभा भी होगा और खुशी भी। बच्चों का स्कूल से जुड़ा काम पूरा करने के लिए मदद देने का वक़्त है। आपका काम दरकिनार हो सकता है– क्योंकि आप अपने प्रिय की बांहों में ख़ुशी, आराम और उल्लास महसूस करेंगे। आज अनुभवी लोगों से जुड़कर जानने की कोशिश करें कि उनका क्या कहना है। आपका जीवनसाथी आपको ज़्यादा ख़ास वक़्त देने वाला है।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आपकी कोई पुरानी बीमारी आज आपको परेशान कर सकती है जिसकी वजह से आपको हॉस्पिटल भी जाना पड़ सकता है और आपका काफी धन भी खर्च हो सकता है। परिवार की स्थिति आज वैसी नहीं रहेगी जैसा आप सोचते हैं। आज घर में किसी बात को लेकर कलह होने की संभावना है ऐसी स्थिति में खुद पर काबू रखें। अपने क्षेत्र में आपको अपार सफलता मिलने की संभावना भी है। आप अपने जीवनसाथी के साथ कुछ बहुत रोमांचक काम कर सकते हैं।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

अगर आप बहुत ज़्यादा तनाव महसूस कर रहे हैं, तो बच्चों के साथ अधिक समय बिताएं। आर्थिक रुप से आज आप काफी मजबूत नजर आएंगे, ग्रह नक्षत्रों की चाल से आज आपके लिए धन कमाने के कई मौके बनेंगे. एक–दूसरे का नज़रिया समझकर व्यक्तिगत समस्याएँ सुलझाएँ। इसे औरों के सामने न लाएँ, नहीं तो बदनामी हो सकती है। अपने प्रिय की छोटी–मोटी भूल को अनदेखा करें। अपने वरिष्ठों को घर पर बुलाने के लिए अच्छा दिन नहीं है। अपने व्यक्तित्व और रंग–रूप को बेहतर बनाने का कोशिश संतोषजनक साबित होगी।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आपका बचाया धन आज आपके काम आ सकता लेकिन इसके साथ ही इसके जाने का आपको दुख भी होगा। आपका कोई क़रीबी आज काफ़ी अजीब मूड में होगा और उसे समझना लगभग असंभव साबित होगा। ऑफिस में आज आपको स्थिति को समझते हुए ही व्यवहार करना चाहिए। अगर आपका बोलना जरुरी नहीं है तो चुप रहें, कोई भी बात जबरदस्ती बोलकर आप खुद को परेशानी में डाल सकते हैं। थोड़ी–सी कोशिश करें तो यह दिन आपके वैवाहिक जीवन के सबसे विशेष दिनों में से एक हो सकता है।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज माता या पिता की सेहत पर आपको आज बहुत धन खर्च करना पड़ सकता है। इससे आपकी आर्थिक स्थिति बिगड़ेगी लेकिन साथ ही रिश्तों में मजबूती आएगी। परिवार के सदस्यों के साथ कुछ आराम के पल बिताएँ। आप अनुभव करेंगे कि आपके प्रिय का आपके प्रति प्यार वाक़ई बहुत गहरा है आज आपके पास काफी खाली वक्त होगा लेकिन बावजूद इसके भी आप वो काम नहीं कर पाएंगे जो आपको करना था। आज के दिन आपका वैवाहिक जीवन एक ख़ूबसूरत बदलाव से गुज़रेगा।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज जल्दबाज़ी में फ़ैसले न लें– ख़ासतौर पर अहम आर्थिक सौदों में मोलभाव करते वक़्त। पुरखों की जायदाद की ख़बर पूरे परिवार के लिए ख़ुशी ला सकती है। भावनात्मक उथल–पुथल आपको परेशान कर सकती है। इस राशि के कारोबारियों को आज कारोबार के सिलसिले में अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है। यह यात्रा आपको मानसिक तनाव दे सकती है। नौकरी पेशा लोगों को आज ऑफिस में इधर–उधर की बातें करने से बचना चाहिए। आज के दिन शुरू किया गया निर्माण का कार्य संतोषजनक रूप से पूरा होगा।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज के दिन घर के किसी इलेक्ट्रोनिक सामान के खराब हो जाने की वजह से आपका धन खर्च हो सकता है। आज आपका मन ख़ुश होगा और आप अपने दोस्तों व परिवार के सदस्यों पर पैसे ख़र्च करने का आनंद लेंगे। सावधान रहें, कोई आपसे दिल्लगी या फ़्लर्ट करके अपना उल्लू सीधा कर सकता है। ऐसे लोगों से साथ जुड़ें जो स्थापित हैं और भविष्य के रुझानों को समझने में आपकी मदद कर सकते हैं। ऐसे बदलाव लाएँ जो आपके रूप–रंग में निखार ला सके और संभावित साथियों को आपकी ओर आकर्षित करे।

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 28 जुलाई 2024 , रविवार
विक्रम संवत : 2081
मास : श्रावण , कृष्ण पक्ष
तिथि : अष्टमी रात्रि 07:29 तक
नक्षत्र : अश्विनी प्रातः 11:48 तक
योग : शूल रात्रि 08:18 तक
करण : बालव प्रातः 08:23 तक
चन्द्रराशि : मेष
सूर्योदय : 05:54 , सूर्यास्त 06:50 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:04, सूर्यास्त 06:47 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:56 , सूर्यास्त 06:41 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:47 , सूर्यास्त 06:40 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : कालाष्टमी, गण्डमूल प्रातः 11:48 तक


* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *



पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


# लंबित मुकदमों के समाधान के लिए नवाचार और नई तकनीकी का अधिकतम उपयोग जरूरी : बिरला

**जोधपुर, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आम जनता को सुलभ, सस्ता और त्वरित न्याय दिलाने में न्यायालयों की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए कहा है कि लंबित मुकदमों के समाधान के लिए नवाचार और नवीन तकनीकी का अधिकतम उपयोग आवश्यक है।

श्री बिरला शनिवार को यहां राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय ने देश को कई अत्यंत विशिष्ट न्यायाधीश और प्रख्यात अधिवक्ता दिए हैं जिन्होंने कानून और न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक यात्रा में न्यायालय के निर्णयों ने राजस्थान सहित देश के सभी लोगों के हितों को सुरक्षित और सशक्त किया है। श्री बिरला ने सशक्त न्याय व्यवस्था को विकसित भारत के संकल्प का मूल आधार बताते हुए कहा कि इस दिशा में सरकार और न्यायपालिका दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है । आम जनता के लिए सुलभ, सस्ता और त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि इस दिशा में न्यायालयों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने न्याय व्यवस्था पर अनावश्यक बोझ कम करने के लिए कई वैधानिक परिवर्तन किए हैं। श्री बिरला ने आशा व्यक्त की कि न्यायपालिका भी इस दिशा में बराबर की भूमिका निभाएगी। उन्होंने न्यायालयों में लंबित मुकदमों के निपटान और न्याय व्यवस्था की खामियों को दूर करने के लिए नवाचार और नई तकनीकी के अधिकतम उपयोग पर बल दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि राजस्थान उच्च न्यायालय में हो रहे नवाचारों से देशभर में न्यायिक उपक्रमों को प्रेरणा और दिशा मिलेगी। श्री बिरला ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि भारत का लोकतंत्र शासन के सभी अंगों के सामूहिक प्रयासों से 75 वर्षों की यात्रा में सशक्त हुआ है। उन्होंने याद दिलाया कि संविधान निर्माताओं ने संविधान के तीनों अंगों– विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच दायित्वों



**सशक्त न्याय व्यवस्था विकसित भारत के संकल्प का मूल आधार**

और कार्यों का बंटवारा किया है ताकि तीनो अंग साथ–साथ चलते हुए स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका, तीनो अंगों द्वारा प्रौद्योगिकी के उपयोग से जनता के जीवन को सहज, सरल और सुगम बनाया जा सकता है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि इस महायज्ञ में देश के प्रत्येक नागरिक और प्रत्येक संस्था को अपना सम्पूर्ण योगदान देना होगा। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में उनकी विशेष भूमिका रहेगी।

उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि पिछले एक दशक में सरकार ने इज ऑफ लिविंग के लिए अनगिनत कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि आम जनमानस के जीवन को आसान, सरल और सुगम बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयास हुए हैं। उन्होंने इज ऑफ जस्टिस को इसी दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास बताया और कहा कि इस दिशा में न्यायपालिका की बड़ी भूमिका है। प्रभावी न्याय प्रणाली को विकसित भारत के संकल्प का एक महत्वपूर्ण अंग बताते हुए श्री बिरला ने कहा कि सरल, सुलभ और त्वरित न्याय इसके तीन प्रमुख स्तंभ है और सभी हितधारकों को इस दिशा में प्रभावी भूमिका निभानी पड़ेगी।

श्री बिरला ने संसद द्वारा पुराने कानूनों के स्थान पर पारित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, न्याय संहिता और साक्ष्य अधिनियम को देश की न्याय व्यवस्था का नया युग बताया। उन्होंने न्यायालयों और अधिवक्ताओं को इन तीनों नए कानूनों में अध्ययन और इनका अधिकतम लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास पर बल दिया। समानता, न्याय और स्वतंत्रता को देश के संविधान की मूल भावना बताते हुए उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की न्यायपालिका ने इन मूल सिद्धांतों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य किया है।

लोकतंत्र के सशक्तिकरण और जन विश्वास बढ़ाने में न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि न्यायपालिका ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मूल अधिकारों के संरक्षण को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं। निष्पक्ष चुनाव आयोग पर जनता का भरोसा और चुनाव में लोगों की भागीदारी को भारतीय लोकतंत्र की बड़ी ताकत बताते हुए श्री बिरला ने कहा कि लोकसभा चुनाव में 65 करोड़ लोगों ने भाग लिया, जिससे सम्पूर्ण विश्व अचंभित है। उन्होंने इसे दुनिया में भारत के बढ़ते प्रभाव का प्रतीक बताया।

# हरियाणा में बड़ा फेरबदल, सात जिलों के उपायुक्तों सहित 17 अधिकारियों के तबादले

**चंडीगढ़, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से सात उपायुक्तों समेत 17 अधिकारियों के स्थानांतरण और नियुक्ति के आदेश जारी किए। इनमें 15 आईएएस और दो एचसीएस अधिकारी हैं। बदले गए अफसरों में फतेहाबाद के उपायुक्त राहुल नरवाल भी शामिल हैं। दो दिन पहले फतेहाबाद में सीएम नायब सिंह ने रैली में भाषण के दौरान पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल में हुए कार्यों को पढ़ दिया था। इससे सरकार की काफी किरकिरी हुई थी। इसका पता चलते ही सरकार ने फतेहाबाद के डीआईपीआरओ को निलंबित कर दिया था। सरकार ने डीसी को इस मामले की रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए थे। मगर उससे पहले उनका ट्रांसफर कर दिया गया। उन्हें चरखी दादरी का उपायुक्त नियुक्त किया गया है।

सरकार की ओर से जारी पत्र के मुताबिक आईएएस सुशील सरवान को कुरुक्षेत्र, आईएएस पार्थ गुप्ता को अंबाला, आईएएस मनदीप कौर को फतेहाबाद, आईएएस शांतनु शर्मा को सिरसा, अभिषेक मीणा को रेवाड़ी, राहुल नरवाल को चरखी दादरी और डॉ, हरीश कुमार वशिष्ठ को पलवल का उपायुक्त नियुक्त किया गया है।

वहीं, 1995 बैच के आईएएस विजेंद्र कुमार को वर्तमान कार्यभार के साथ मानव संसाधन विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया है। उनके पास युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग, सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभागों के प्रधान सचिव, हरियाणा सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड के सीईओ व हरियाणा आय वृद्धि बोर्ड के ओएसडी का कार्यभार है।

1995 बैच के आईएएस डी. सुरेश को आवास आयुक्त हरियाणा भवन, नई दिल्ली और उच्चतर शिक्षा विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। 2006 बैच की आईएएस ए. मोना श्रीनिवास को वर्तमान कार्यभार के साथ फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी लगाया गया है। उनके पास अतिरिक्त आवास आयुक्त हरियाणा भवन, नई दिल्ली और नगर निगम फरीदाबाद की आयुक्त का कार्यभार है। पंचकूला के उपायुक्त यश गर्ग को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और हरियाणा वित्त निगम के प्रबंध निदेशक का कार्यभार सौंपा गया है। पानीपत के उपायुक्त विरेंद्र कुमार दहिया को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा निदेशक पर्यावरण और पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया है।

2015 बैच के आईएएस राहुल हुड्डा को उच्चतर शिक्षा विभाग का निदेशक और विशेष सचिव व निदेशक तकनीकी शिक्षा लगाया गया है। 2015 बैच की आईएएस नेहा सिंह को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पंचकूला का प्रशासक और अतिरिक्त निदेशक, शहरी संपदा पंचकूला नियुक्त किया है। 2019 बैच के आईएएस नीरज को करनाल का नगर आयुक्त और नगर निगम करनाल का आयुक्त लगाया गया है। स्थानांतरित एचसीएस अधिकारियों में मन्नत राणा को पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण व पंचकूला का संयुक्त सीईओ लगाया गया है। एचसीएस अधिकारी विश्वनाथ को पंचकूला का सिटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है।

# डूंगरपुर के दो खानधारकों पर 19 करोड 68 लाख रुपए का जुर्माना

**जयपुर, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** राजस्थान में खान विभाग ने डूंगरपुर के दो खानधारकों के ई–रवन्ना का दुरुपयोग करने पर 19 करोड़ 68 लाख रुपए का जुर्माना किया गया है। खान सचिव आनन्दी ने शनिवार को बताया कि खान विभाग ने अचानक निरीक्षण के दौरान डूंगरपुर जिले में अलग–अलग स्थानों पर खनिज मेसेनरी स्टोन और खनिज क्वार्टज के दो लीज धारकों द्वारा ई–रवन्ना का दुरुपयोग करने का बड़ा मामला पकड़ा है। उन्होंने बताया कि विभाग ने दोनों पर कुल 19 करोड़ 68 लाख 27 हजार 996 रुपए के जुर्माने का वसूली नोटिस जारी करके ई–रवन्ना बंद करने के साथ ही तुला यंत्र को भी निष्क्रिय कर दिया है।

उन्होंने बताया कि उदयपुर सतर्कता शाखा और सलूंबर कार्यालय के संयुक्त दल द्वारा किये गये अचानक निरीक्षण के दौरान उस्मानिया आसपुर की खनिज क्वार्टज माइनिंग लीज की चार पिटों पर केवल 2050 टन खनन ही पाया गया जबकि लीजधारक द्वारा 21 मई 2021 से 21 जुलाई, 2024 के दौरान एक लाख 37 हजार 319 टन के 4076 ई–रवन्ना जारी किये। उस पर 18 करोड़ 40 लाख 31 हजार 190 रुपए के जुर्माने का वसूली नोटिस जारी करके तत्काल ई–रवन्ना बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि एक अन्य कार्रवाई में उदयपुर सतर्कता एवं खनि अभियंता डूंगरपुर के संयुक्त दल ने गलियाकोट तहसील के घाटा का गांव में मेसेनरी स्टोन की लीज में मौके पर खनन कार्य बंद होने पर भी 2702 ई–रवन्ना जारी करके कर 36 हजार 505 टन खनिज का निर्गमन पाया गया। उस पर एक करोड़ 27 लाख 96 हजार 806 रुपए के जुर्माने का वसूली नोटिस जारी करने के साथ ही खान में स्थित तुलायंत्र को भी निष्क्रिय किया गया है।

# भाजपा विधायक विनोद भयाना पर बदमाशों ने तानी पिस्तौल

## ट्रक यूनियन के जमीनी विवाद में मौके पर पहुंचे थे विधायक

**हांसी, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** तोशाम रोड पर स्थित ट्रक यूनियन की जमीन पर पहुंचे कुछ बदमाशों ने विधायक विनोद भयाना पर पिस्तौल तान दी। विधायक के साथ ट्रक यूनियन की भीड़ को देखकर बदमाश पिस्तौल छोड़ कर मौके से फरार हो गया। विवाद ट्रक यूनियन की 6 हजार गज जमीन को लेकर है। जिस पर 5 दिन पहले प्रशासन ने ट्रक यूनियन का कब्जा हटवाया था। मौके से पिस्तौल को बरामद कर दिया गया है। मामले में ट्रक यूनियन के पूर्व प्रधान ने पुलिस को शिकायत दी है। जानकारी के अनुसार, तोशाम रोड पर ट्रक यूनियन की जमीन है। यह जमीन पुरानी वक्फ बोर्ड की है और पांच दिन पहले ही जमीन पर वक्फ बोर्ड ने चार लीज धारकों को कब्जा दिलवाया था। यह चारों लीज धारक पिछले 16 सालों से किराया भर रहे थे। इस कार्रवाई के विरोध में ट्रक यूनियन व ऑटो मिस्त्री ने आज सुबह से काम बंद रखा व अपनी दुकान भी बंद रखीं। वहीं ट्रक यूनियन ने विधायक से संपर्क किया तो विधायक मौके पर पहुंच गए।

बताया जा रहा है कि इस दौरान विधायक ने मिट्टी के ढेर पर चढ़कर दीवार के उस तरफ देखा और वहां बैठे व्यक्तियों को अपने पास बुलाया। इसी दौरान एक व्यक्ति ने दोनाली उनकी तरफ तान दी। एक अन्य युवक भी पिस्तौल लिए हुए उनकी तरफ आ गया व उन पर गोली चलाने का प्रयास किया। ट्रक यूनियन के सदस्यों के अनुसार उन पर गोली चलाने का प्रयास किया गया। लेकिन किसी ने युवक के हाथ पर पत्थर मार दिया। जिससे उसकी पिस्टल मौके पर गिर गई। ट्रक यूनियन के सदस्यों की भीड़ बढ़ाते हुए देखकर सभी बदमाश वहां से फरार हो गए और इस दौरान पिस्टल को पुलिस को सौंप दिया गया। वहीं दीवार तोड़कर ट्रक यूनियन ने उसे जमीन पर फिर से अपना कब्जा कर लिया और वहां पर ट्रक खड़े कर दिए घटना की जानकारी मिलने पर काफी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। फिलहाल पुलिस बल मौके पर तैनात है। मौके पर पहुंचे डीएसपी धीरज कुमार व एसएचओ सिटी को ट्रक यूनियन के पूर्व प्रधान संजय कसाना ने लिखित में शिकायत दी। मामले में पुलिस छानबीन करने में जुट गई है।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार चार युवकों की मौत

**जयपुर, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** राजस्थान में उदयपुर अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर रिषभदेव थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार चार युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गुजरात में मजदूरी कर अपने गांव चणावदा लौट रहे मोटरसाइकिल पर सवार एक ही परिवार के चार युवक को रिषभदेव के पास गत रात्रि बेकाबू अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दो युवकों ने उदयपुर में एमबी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ा। मृतकों की पहचान चणावदा निवासी राजेंद्र पिता लालू, विनोद पिता लक्ष्मण, डाल चंद एवं जालम चंद के रूप में की गयी है। सभी मृतक युवक चचेरे भाई बबताए जा रहे हैं।

# जीण माता इलाके में तालाब में डूबने से दो दोस्तों की मौत

**सीकर, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** जिले के जीण माता इलाके में शनिवार को तालाब में नहाने गए दो दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शिश्यू निवासी राकेश अपने दो दोस्तों छोटू राम और बनवारी लाल के साथ जीण माता से कोछोर की तरफ तालाब पर गए थे। इसी दौरान राकेश और छोटू राम तो तालाब में नहाने के लिए उतर गए, लेकिन बनवारी को तैरना नहीं आता था।

इसलिए वह किनारे पर ही बैठकर अपने हाथ पैर धोने लगा। इसी दौरान राकेश और छोटू राम पानी में तैरते समय आगे की तरफ चले गए जिससे दोनों की डूबने से मौत हो गई। तालाब में दो युवकों की डूबने से मौत होने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची जीण माता पुलिस ने दोनों मृतको के शवों को तालाब से निकलवा कर पलसाना अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है, जहां पर दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप जाएंगे। वहीं घटना के बाद जीण माता पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# स्कार्पियो की टक्कर से जीजा–साली की मौत

**श्रीगंगानगर, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ थाना क्षेत्र में हनुमानगढ़ फोरलेन मार्ग पर रामपुर रंगमहल गांव के नजदीक शनिवार को स्कोर्पियों की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल पर सवार जीजा–साली की मौत हो गयी जबकि दो बच्चे घायल हो गए।

सूरतगढ़ सिटी थाना के कार्यवाहक प्रभारी दिलीप चौधरी ने बताया कि मृतकों की पहचान राजू (33) एवं उसकी साली रजनी (26) निवासी आरडी 236 थाना राजियासर के रूप में हुई है। घायलों में रजनी के दो बेटे करण (पांच) एवं अर्जुन (ढाई वर्ष) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि राजू पूर्वाह्न करीब 11 बजे हनुमानगढ़ जिले में पीलीबंगा तहसील क्षेत्र के गांव सरावंसर से साली रजनी और उसके दोनों बच्चों को मोटरसाइकिल पर लेकर आरडी 236 जा रहा था। मोटरसाइकिल रामपुरा रंगमहल गांव की लिंक रोड से जैसे ही फोरलेन हाईवे पर आया, पीलीबंगा की ओर से तेज रफ्तार आ रही स्कार्पियो गाड़ी ने टक्कर मार दी। इससे राजू और रजनी की मौके पर ही मौत हो गई।

# डीग जिले के बहुचर्चित देवी राम मुल्लाका हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** राजस्थान में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने डीग जिले में तीन वर्ष पहले बहुचर्चित देवी राम मुल्लाका हत्याकांड के एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने शनिवार को बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि देवीराम मुल्लाका हत्याकांड में वांछित 25 हजार रुपए का इनामी शिवहरी गुर्जर जानकार से मिलने गंगापुर सिटी में होडाहेली गांव में आया हुआ है। इस पर थाना पुलिस की मदद से एजीटीएफ ने जाल बिछाकर आरोपी को सरकारी स्कूल के पास से दबोच लिया। उन्होंने बताया कि इस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। वह दिल्ली एवं हरियाणा में मजदूरी करके फरारी काट रहा था। वह करीब 15 दिन पहले ही नादौती आया था।

श्री एमएन ने बताया कि 11 जून 2021 की सुबह खरीदारी करने बाइक लेकर कामां के लिये निकले देवी राम गुर्जर निवासी मुल्लाका पर पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही रामावतार पक्ष के 20–22 व्यक्तियों ने लोहे के सरियों और लाठियों से हमला कर दिया और मरा समझकर हवाई फायर करते हुए गांव आए। गांव में भी उन्होंने गोलीबारी की जिसमें तीन बच्चों सहित सात लोग घायल हो गये। हमले में देवीलाल की मौत हो गयी।

# कांवड़िए क्यों बोलते हैं 'बोल बम बम भोले' बेहद खास है वजह, जानें



इस साल कांवड़ यात्रा 22 जुलाई 2024 से शुरू हो गई। श्रावण के पूरे महीने कांवड़िए महादेव को प्रसन्न करने के लिए मीलों पैदल चलकर यात्रा करते हैं और कांवड़ में गंगा नदी से जल भरकर लाते हैं और सावन शिवरात्रि पर उस जल से अभिषेक करते हैं। कांवड़ यात्रा में बोल बम-बम भोले का नारा चारों और गूंजता है। मान्यता है कि बोल बम नारा लगाने से यात्रा कष्टमय नहीं होती। भोलेनाथ कांवड़ियों की यात्रा मंगलमय करते हैं।

बोल बम में बम शब्द ब्रह्मा, विष्णु, महेश एवं ओमकार का प्रतीक माना गया है। बोलबम सिद्ध मंत्र है। इसे बोलने से श्रद्धालु के शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार होता है, जो भक्तों को शक्ति प्रदान करता है

कहते हैं कि जब हनुमान जी को शक्ति की आवश्यकता होती थी तो वो राम नाम का जाप करते थे उसी तरह कांवड़िए थका हुआ महसूस करते हैं या फिर दूसरे कांवड़ियों में जोश भरना होता है तो वह बोल बम का जयकारा लगाते हैं।

2 अगस्त 2024 को सावन शिवरात्रि है इस दिन कांवड़िए कांवड़ में जो जल भरकर लाते हैं उसके जलाभिषेक करते हैं। इस साल सावन 19 अगस्त 2024 तक रहेगा। ऐसे में इस बार 5 सावन सोमवार आएंगे। सावन सोमवार, सावन प्रदोष व्रत, सावन शिवरात्रि पर महादेव को प्रसन्न करने के लिए बेलपत्र अर्पित करें, जलाभिषेक करें।



# सावन में ऊं नम: शिवाय: के जाप का स्त्री और पुरुषों के लिए हैं अलग नियम

## जानिए कहीं आप तो नहीं कर रहे हैं शिव मंत्र के जाप में गलती

भगवान शिव के प्रिय माह सावन में शिव भक्त भोलेनाथ की भक्ति में रंग जाते हैं। भक्त पूरे माह भोलेनाथ की पूजा अर्चना, अभिषेक करते हैं। भगवान शिव भक्तों से अति शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। सावन में उन्हें उनकी प्रिय चीजें भांग, धतुरा, आक फूल, शमी के पत्ते, बेल पत्र चढ़ाना चाहिए। हालांकि भोले बाबा को केवल जल चढ़ाकर भी प्रसन्न किया जा सकता है। इस माह में पंचाक्षरी शिव मंत्र ऊं नम: शिवाय: के जाप का भी बहुत महत्व है। इस मंत्र के जाप से मोक्ष प्राप्ति होती है। हालांकि इस मंत्र का ठीक से जाप करना जरूरी होता है। यहां तक कि स्त्री पुरुष के लिए इस मंत्र के जाप के अलग अलग नियम हैं। महाशिवपुराण में इस मंत्र के जाप को लेकर विस्तार से बताया गया है। आइए



जानते हैं पंचाक्षरी शिव मंत्र ऊं नम: शिवाय:के जाप क्या नियम हैं और इसका महत्व।

### पंचाक्षरी शिव मंत्र

भगवान शिव के पंचाक्षरी शिव मंत्र में प्रकृति के पांचों तत्वों को नियंत्रित करने की शक्ति है। ऊं नम: शिवाय: में न पृथ्वी, म: जल, शि अग्नि, वा प्राण वायु और य आकाश को इंगित करते हैं। शिव पुराण के अनुसार भगवान शिव ने स्वयं इस मंत्र में बारे में माता पार्वती को बताते हुए कहा था कि कलयुग में यह मंत्र सभी पापों और कष्टों को हरने वाला होगा।

### पुरुष के लिए नियम

शिव पुराण के अनुसार पुरुष इस मंत्र को तापे सीधे षडाक्षर यानी ऊं नम: शिवाय: कह सकते हैं और इस मंत्र का 11, 21 या 108 बार जाप करना चाहिए।


### स्त्री के लिए नियम

शिव पुराण के अनुसार स्त्रियों को इस मंत्रा का जाप पंचाक्षर से करना चाहिए यानी उन्हें मंत्र की शुरूआत नम: शिवाय: से करना चाहिए।

### मंत्र का महत्व

स्कन्दपुराण के अनुसार ऊं नम: शिवाय: महामंत्र और मोक्ष को प्रदान करने वाला है। ऊं एक एकाक्षर मंत्र है और इसमें तीन गुण अतीत, सर्वज्ञ और सर्वकर्ता समाहित है जो भगवान शिव में प्रतिष्ठित हैं। ऊं नम: शिवाय: से पोपों का नाश हो जाता है और पारलौकिक सुख प्राप्त होता है। इस मंत्र का जान रुद्राक्ष के साथ करना चाहिए।

# सावन में शिवलिंग और सांप के सपने दिखाई देना किस बात का संकेत?



सभी को आते हैं और सपने में कई बार वो चीजें नजर आती हैं जिनके बारे में हम कभी नहीं सोचते। वहीं कई बार भगवान या उनके मंदिर से जुड़े सपने भी आते हैं। स्वप्न शास्त्र के अनुसार, सपने यूं ही नहीं आते। हर सपने का कोई न कोई अर्थ होता है और ये आपके भविष्य को लेकर शुभ और अशुभ संकेत देते हैं। फिलहाल, सावन महीना चल रहा है और इस महीने में सनातनी शिवालयों में जाकर भोलेनाथ की आराधना करते हैं। ऐसे में कई बार आपके सपने में भी शिवलिंग या भगवान शिव से जुड़ी चीजें दिखाई देती हैं। इन चीजों का क्या मतलब है और ये आपको क्या संकेत देती हैं, आइए जानते हैं ..

### सपने में शिवलिंग

यदि आपको सपने में शिवलिंग दिखाई देता है तो यह आपके लिए एक शुभ संकेत है। ऐसा माना जाता है कि, यह आप पर महादेव की कृपा बनी रहने का संकेत देता है। वहीं यदि आप सपने में शिवालय देखते हैं तो यह आपको सुखमय जीवन का संकेत देता है।

### ध्यान मुद्रा में शिव

आपके सपने में यदि भगवान शिव ध्यान करते हुए नजर आते हैं तो यह भी एक शुभ सपना है। यह संकेत देता है कि आप पर भगवान शिव की कृपा बरसने वाली है। वहीं यदि आपको मां गंगा के दर्शन होते हैं तो इसका अर्थ है कि जीवन में कुछ बड़े बदलाव आने वाले हैं।

### सपने में दिखे सांप

सपने में कई बार सांप नजर आते हैं, जिनसे अधिकांश लोगों को डर लगता है। लेकिन यदि आप सावन के महीने में सपने में सांप देखते हैं तो यह शुभ संकेत देता है। यदि आप सपने में सांप को पकड़ते हैं तो यह धन प्राप्ति का संकेत है। वहीं यदि यह सापं सफेद रंग का है तो यह आपके सम्मान में वृद्धि की ओर इशारा करता है।

# 14 प्रकार के होते हैं रुद्राक्ष, धारण करने के लिए है विशेष मंत्र

सावन का महीना भगवान शिव की भक्ति, पूजा और साधना के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। सावन के महीने में आप रुद्राक्ष धारण कर सकते हैं। वैसे तो सावन का हर दिन शिव जी को प्रिय है, लेकिन सावन सोमवार, शिवरात्रि और प्रदोष व्रत का दिन विशेष होता है। इन दिनों में आप रुद्राक्ष धारण कर सकते हैं। शिव पुराण में रुद्राक्ष के महत्व का वर्णन किया गया है, जिसमें भगवान शिव माता पार्वती से रुद्राक्ष की महिमा के बारे में बताते हैं। उसमें ही रुद्राक्ष के प्रकार, लाभ और उसको पहनने के मंत्रों के बारे में बताया गया है। शिव पुराण से जानते हैं रुद्राक्ष के 14 प्रकार, लाभ और रुद्राक्ष धारण करने के मंत्रों के बारे में।

### रुद्राक्ष के प्रकार

शिव पुराण के अनुसार रुद्राक्ष 14 प्रकार के होते हैं। हर रुद्राक्ष का अपना अलग महत्व होता है। रुद्राक्ष परम पावन होता है, इसके स्पर्श, दर्शन और जाप से ही समस्त पाप मिट जाते हैं।

एक मुखी रुद्राक्ष, दो मुखी रुद्राक्ष

तीन मुखी रुद्राक्ष: यह रुद्राक्ष विद्याओं में निपुण बनाता है और सभी साधन सिद्ध करता है।


चार मुखी रुद्राक्ष: इस रुद्राक्ष को बह्मस्वरूप कहा जाता है। इसके दर्शन और पूजन से चारों पुरुषार्थ अर्थ, काम, मोक्ष, धर्म आदि के फल प्राप्त होते हैं।

पांच मुखी रुद्राक्ष: इस पंचमुखी या कालाग्नि रुद्राक्ष कहते हैं। यह सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करके मोक्ष प्रदान करता है।

छह मुखी रुद्राक्ष: इसे कार्तिकेय का स्वरूप मानते हैं। दाएं बांह में पहनने से ब्रह्म हत्या का पाप मिटता है।

सात मुखी रुद्राक्ष: सप्तमुखी रुद्राक्ष को पहनने से धन की प्राप्ति होती है।

आठ मुखी रुद्राक्ष: इसे भैरव का स्वरूप माना जाता है। इसको पहनने से व्यक्ति दीर्घायु होता है और मृत्यु के बाद मोक्ष पाता है।



नौ मुखी रुद्राक्ष: इसे भैरव और कपिल मुनि का स्वरूप मानते हैं। भगवती दुर्गी इसकी अधिष्ठात्री देवी हैं। इसे बाएं हाथ में धारण करने से सभी वैभव प्राप्त होते हैं।

दस मुखी रुद्राक्ष: इसे साक्षत् भगवान विष्णु का स्वरूप माना जाता है। इससे पहनने से सभी मनोरथ पूरे होते हैं।

ग्यारह मुखी रुद्राक्ष: इसे रुद्ररूप माना गया है। इसको पहनने से व्यक्ति को हर कार्य में विजय प्राप्त होती है।

बारह मुखी रुद्राक्ष: इसे बालों में पहनने से मस्तक पर 11 सूर्य के समान तेज प्राप्त होता है।

तेरह मुखी रुद्राक्ष: यह विश्वेदेवों का स्वरूप है। इसको पहनने से सौभाग्य और मंगल की प्राप्ति होती है।

चौदह मुखी रुद्राक्ष: इसे साक्षत् शिव का स्वरूप माना जाता है। मस्तक पर धारण करने से सभी पाप मिटते हैं।

### रुद्राक्ष धारण करने का मंत्र

शिव पुराण में सभी 14 रुद्राक्षों को धारण करने के लिए मंत्र बताए गए हैं। रुद्राक्ष धारण करते समय इन मंत्रों का जाप जरूर करें।

एक मुखी रुद्राक्ष पहनने का मंत्र: ओम ह्रीं नम:

दो मुखी रुद्राक्ष पहनने का मंत्र: ओम नम:

तीन मुखी रुद्राक्ष पहनने का मंत्र: क्लीं नम:

चार मुखी रुद्राक्ष पहनने का मंत्र: ओम ह्रीं नम:

पांच मुखी रुद्राक्ष पहनने का मंत्र: ओम ह्रीं नम:

छह मुखी रुद्राक्ष पहनने का मंत्र: ओम ह्रीं हुं नम:

सात मुखी रुद्राक्ष पहनने का मंत्र: ओम हुं नम:

आठ मुखी रुद्राक्ष पहनने का मंत्र: ओम हुं नम:

नौ मुखी रुद्राक्ष पहनने का मंत्र: ओम हुं नम:

दस मुखी रुद्राक्ष पहनने का मंत्र: ओम ह्र हुं नम:

ग्यारह मुखी रुद्राक्ष पहनने का मंत्र: ओम ह्रीं हुं नम:

बारह मुखी रुद्राक्ष पहनने का मंत्र: ओम हुं नम:

तेरह मुखी रुद्राक्ष पहनने का मंत्र: ओम क्रौं क्षौरो नम:

चौदह मुखी रुद्राक्ष पहनने का मंत्र: ओम ह्रीं नम:

# सावन के दूसरे सोमवार पर बन रहे हैं ये शुभ योग

हिंदू धर्म में हर महीने का अपना विशेष महत्व है। वहीं, सावन माह को बेहद ही महत्वपूर्ण माना गया है। सावन में पड़ने वाली सभी तिथि और व्रत को सुख- सौभाग्य का कारक माना गया है। सावन भगवान शिव को बेहद प्रिय महीना है। इस माह में शिव जी की कृपा पाने के लिए उनकी विधिवत रूप से पूजा करने से मनचाही इच्छा पूरी होती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, सावन में जो भी भक्त सच्चे मन से भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा-अर्चना और व्रत रखता है, उसे सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है और महादेव भी प्रसन्न होते हैं।

वहीं, इस साल सावन की शुरुआत हो गई है और इसका समापन 19 अगस्त के दिन होगा। इस बार सावन में 5 सोमवार व्रत हैं, जिसके कारण इस बार सावन और भी अधिक महत्वपूर्ण माना गया है। सावन का पहला सोमवार 22 जुलाई को था।अब जल्द ही सावन का दूसरा सोमवार आने वाला है।ऐसे में इस साल सावन का दूसरा सोमवार कब शुरू हो रहा है और इस दिन भगवान शिव की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त क्या है, आइए विस्तार से जानते हैं।

सावन माह का दूसरा सोमवार का व्रत 29 जुलाई 2024 को है। इस दिन कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि सुबह से लेकर शाम 05 बजकर 55 मिनट तक रहेगा। उसके बाद षष्ठी तिथि शुरू हो जाएगी।


### दूसरा सावन सोमवार 2024 मुहूर्त और योग

सावन के दूसरे सोमवार पर भरणी नक्षत्र, कृत्तिका नक्षत्र रहेगा। वहीं, इस दिन गण्ड योग, वृद्धि योग भी रहेगा।

इस दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 04 बजकर 17 मिनट से लेकर 04 बजकर 59 है।

अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजे से लेकर 12 बजकर 55 मिनट तक है।

इस दिन अमृत काल का समय सुबह 06 बजकर 17 मिनट से सुबह 07 बजकर 50 तक है।



### सावन दूसरा सोमवार कालसर्प दोष पूजा समय

सावन मास के दूसरे सोमवार के दिन कालसर्प दोष से मुक्ति पाने के लिए राहुकाल में पूजा करना शुभ माना जाता है। सावन के दूसरे सोमवार पर राहुकाल का समय सुबह 07 बजकर 23 मिनट से सुबह 09 बजकर 04 मिनट तक रहेगा।

### सावन दूसरा सोमवार रुद्राभिषेक समय

आप सावन के किसी भी दिन शिवजी का रुद्राभिषेक कर सकते हैं, क्योंकि सावन का महीना भगवान शिव की पूजा के लिए सबसे उत्तम माना जाता है। रुद्राभिषेक के लिए शिववास देखा जाता है। दूसरे सावन सोमवार पर शिववास सुबह से लेकर शाम 05 बजकर 55 मिनट तक रहेगा।

### सावन सोमवार पर क्या करना चाहिए?


1. सावन सोमवार के दिन व्रत रखकर भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश जी की विधि-विधान से पूजा करनी चाहिए।
2. अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति और नवग्रहों की शांति के लिए सावन सोमवार के दिन रुद्राभिषेक जरूर करना चाहिए।
3. अगर सावन में पूरे माह शिव पूजा नहीं कर सकते हैं, तो सावन सोमवार पर भोलेनाथ का जलाभिषेक जरूर करें।
4. सावन सोमवार के दिन शिव मंत्रों का जाप करें। ऐसा करने से आपकी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं।
5. भगवान शिव कृपा पाने के लिए सावन सोमवार के दिन शिव पुराण जरूर सुनें या पढ़ें।



# अहलूवालिया ने एमएमए, किक बॉक्सिंग की शुरुआत की

अभिनेत्री निमरित कौर अहलूवालिया ने हाल ही में लोकप्रिय रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी के लिए अपनी कड़ी और परिवर्तनकारी तैयारी के बारे में खुलासा किया। उनकी यात्रा को एक कठोर और विविध कसरत व्यवस्था द्वारा चिह्नित किया गया था, जिसे शारीरिक और मानसिक दोनों को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया था।निमरित ने साझा किया, मैंने एमएमए और किक बॉक्सिंग को अपने वर्कआउट शासन में शामिल किया।एमएमए के साथ मैंने अपनी मानसिकता में एक संपूर्ण बदलाव का अनुभव किया है।

आप सीखते हैं कि परिस्थितियों के बावजूद कैसे हार नहीं माननी चाहिए, जिसने मुझे मानसिक रूप से शो में आगे बढ़ाया और नेतृत्व किया। मैने शो के दौरान कभी भी कोई स्टंट नहीं छोड़ा। एमएमए के अलावा, मेरे शासन में क्रॉसफ़िट, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और मोबिलिटी शामिल थी। तैयारी के दौरान मुझे रिकवरी के महत्व का और भी अधिक एहसास हुआ, जो कि हम अक्सर अपने शरीर को पर्याप्त मात्रा में नहीं देते आगे बाधा उत्पन्न हो सकती है। मैं समझ गई कि संतुलन बनाना जरूरी है।इसलिए हमेशा अपने शरीर की सुनें और समय पर बर्फ से स्नान और मालिश करना सुनिश्चित करें।अपनी तैयारी के प्रति निमरित का समर्पण न केवल उनके शारीरिक परिवर्तन में बल्कि उनकी मानसिक दृढ़ता में भी स्पष्ट है, जो उनके प्रशंसकों के लिए एक आदर्श उदाहरण है। उनकी यात्रा संतुलन, पुनर्प्राप्ति और मानसिक शक्ति के महत्व को रेखांकित करती है, जिससे कई लोगों को नए जोश के साथ अपने स्वयं के फिटनेस और कल्याण लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा मिलती है।



# ऑरेंज सिंपल साड़ी में राशि खन्ना दिखीं खूबसूरत

बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्री राशि खन्ना ने अपने एथनिक लुक से फैंस के बीच लाइमलाइट लूट ली है। उनका हर एक अंदाज इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस राशि खन्ना की लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो गई हैं। इन तस्वीरों में उनकी बोल्डनेस देखकर फैंस एक बार फिर से अपना दिल हार गए हैं।एक्ट्रेस राशि खन्ना किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनके एथनिक लुक ने एक बार फिर से फैंस के बीच कहर बरपा दिया है।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस राशि खन्ना ने ऑरेंज कलर की सिंपल सी साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो काफी हॉट एंड ग्लैमरस नजर आ रही हैं।बालों में गजरा, मांगटीका, माथे पर बींदी, हाथों में कंगन और साथ ही पर्स पकड़े हुए एक्ट्रेस राशि खन्ना ने प्यारी सी स्माइल देते हुए अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।राशि खन्ना जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस राशि खन्ना को पोस्ट शेयर किए कुछ समय हुआ है और अब तक 5 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक कर दिया है।राशि खन्ना सोशल मीडिया लवर हैं और आए दिन इंस्टाग्राम पर एक्टिव रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आती हैं फैंस के बीच ट्रेंड करने लगता है।

# औरों में कहां दम था का नया गाना किसी रोज जारी




मैदान के बाद अब अजय देवगन फिल्म औरों में कहां दम था के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान नीरज पांडे ने संभाली है।इस फिल्म में अजय की जोड़ी एक बार फिर तब्बू के साथ बनी है। दोनों ने कई हिट फिल्मों में साथ काम किया है।अब निर्माताओं ने औरों में कहां दम था का पहला गान किसी रोज जारी कर दिया है, जिसे गायिका मैथिली ठाकुर ने अपनी आवाज दी है।औरों में कहां दम था के नए गाने किसी रोज के बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं, वहीं एमएम कीरावानी ने इस गाने को कंपोज किया है।यह एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसमें जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी महत्वपूर्ण भूमिका में होंगे।औरों में कहां दम था 2 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामान विक्रांत मैसी की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट से होने वाला है।अजय देवगन और तब्बू स्टारर इस फिल्म में जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाले हैं। फिल्म अब 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ऐसे में अब इस मूवी की टक्कर थिएटर्स में जाह्नवी कपूर की उलझ और विक्रांत मैसी की द साबरमती रिपोर्ट से होने वाली है।

# दिव्या खोसला स्टारर फिल्म सावी थिएटर के बाद नेटफ्लिक्स पर हुई रिलीज




फिल्म इंडस्ट्री में वर्षों से अपने अभिनय और निर्देशन के लिए मशहूर दिव्या खोसला ने इस साल एक नए अवतार में दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। दिव्या की फिल्म सावी इसी साल 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसमें उन्होंने पहली बार एक्शन मोड में अपनी छवि पेश की थी। अभिनय देव के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दिव्या खोसला कुमार के साथ हर्षवर्धन राणे की जोड़ी ने दर्शकों का ध्यान खींचा था। हालांकि फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर मिश्रित प्रतिक्रिया मिली और यह केवल 7 करोड़ रुपये ही कमा सकी।बता दें कि सावी सिनेमाघरों में कोई खास कमाल नहीं कर पाई थी। फिल्म की कहानी सावित्री और उसके पति नकुल के ईर्द-गिर्द घूमती है। दोनों आराम से विदेश में रहते हैं, लेकिन एक कहानी से उनकी जिंदगी में भूचाल आ जाता है। पुलिस नकुल को उसकी हत्या करने के इल्जाम में गिरफ्तार कर लेती है और वह जेल चला जाता है। नकुल को आजीवन कारावास की सजा मिलती है। जिसके बाद सावी अपने पति को जेल से निकालने के लिए तिकड़म भिड़ाती है। सावी एक हाउसवाइफ से शातिर क्रिमिनल बन जाती है, जिससे कि वह अपने पति को जेल से बाहर निकाल सके। सावी की कहानी साल 2010 की एक अमेरिकी एक्शन थ्रिलर फिल्म द नेक्स्ट थ्री डेज पर आधारित है। यह फिल्म पोल एलीव़ एक फ्रेंच थ्रिलर की रीमेक है, जो कि साल 2008 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अपने किरदार को लेकर दिव्या खोसला कुमार ने कहा था ट्रेलर लॉन्च के मौके पर कहा था कि उनका यह किरदार अब तक के सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार में से एक है। उनका कहना था कि इस किरदार को निभाना अबतक सबसे चुनौतीपूर्ण रहा है। क्योंकि इस फिल्म में सावी के अलग-अलग रंग देखने को मिले हैं।यदि आप सावी को थिएटर में देखने से चूक गए हैं, तो अब चिंता की कोई बात नहीं है। फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज के दो महीने बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जा रहा है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के ओटीटी रिलीज का ऐलान करते हुए लिखा, जेल से भागने की कहानी सस्पेंस, भावना और दिल से जुड़ी है। इस रोमांचक थ्रिलर में सारी सीमाएं धुंधली हो जाती हैं।




# अश्विन बाबू की फिल्म शिवम भजे का ट्रेलर रिलीज

फिल्म शिवम भजे का ट्रेलर रिलीज। शिवम भजे के ट्रेलर ने अश्विन बाबू की एक्शन से भरपूर थ्रिलर के लिए उत्सुकता बढ़ा दी है।हिडिम्बा की सफलता के बाद, अश्विन बाबू अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म शिवम भजे के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं, जिसका निर्देशन अप्सर ने किया है। फिल्म ने पहले ही एक दिलचस्प टीजर और एक आकर्षक पहले सिंगल के साथ चर्चा बटोरी है, और अब, ट्रेलर जारी होने से उत्साह और बढ़ गया है।ट्रेलर की शुरुआत एक मनोरंजक दृश्य से होती है, जो भारत और चीन के बीच तनावपूर्ण गतिरोध के लिए मंच तैयार करता है। अश्विन बाबू, एक फार्मास्युटिकल कंपनी में काम करने वाले एक केमिकल इंजीनियर की भूमिका निभाते हैं, जो खुद को देश भर में कहर बरपाने वाले एक क्रूर खलनायक की पहचान उजागर करने के लिए एक खतरनाक मिशन में पाते हैं। ट्रेलर में खलनायक के इरादों और अश्विन के सामने आने वाले नाटक से जटिल संबंध को बेहतरीन तरीके से दिखाया गया है, जिससे दर्शक अपनी सीटों के किनारे पर बैठे रहते हैं और बड़े पर्दे पर रहस्य को उजागर करने के लिए उत्सुक रहते हैं। आकर्षक दृश्यों को एक उत्तेजक स्कोर द्वारा और भी बढ़ाया जाता है जो तीव्रता की एक अतिरिक्त परत जोड़ता है। शिवम भजे गंगा एंटरटेनमेंट द्वारा जीवंत किया गया एक सहयोगात्मक प्रयास है, जिसमें एक आकर्षक कहानी, असाधारण उत्पादन मूल्य और एक प्रतिभाशाली कलाकार हैं। अश्विन बाबू के साथ, फिल्म में मुख्य महिला के रूप में दिगांगना सूर्यवंशी हैं, और हाइपर आदी, मुरली शर्मा, साईं धीना, ब्रह्माजी, तुलसी, देवी प्रसाद, अयप्पा शर्मा, शाकालाका शंकर, काशी विश्वनाथ, इनाया सुल्ताना और कई अन्य कलाकार हैं। फिल्म का संगीत विकास बडीसा ने तैयार किया है।1 अगस्त, 2024 को रिलीज़ होने वाली शिवम भजे अपनी एक्शन से भरपूर कहानी, दमदार अभिनय और लुभावने दृश्यों के साथ दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। ट्रेलर ने निस्संदेह इस रोमांचक सिनेमाई अनुभव के लिए प्रत्याशा को बढ़ा दिया है।



# निक्की तंबोली ने पिंक क्रॉप टॉप और लॉन्जरी में अपने कर्व्स किए फ्लॉन्ट

बिग बॉस सीजन 14 में बोल्ड अंदाज और खूबसूरती से फैंस को दीवाना बनाने वाली निक्की तंबोली इन दिनों अपनी तस्वीरों को लेकर सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। अपनी हर पोस्ट से लागों को अपनी ओर अट्रेक्ट करने वाली एक्ट्रेस निक्की अपने हुस्न का जलवा बिखेरने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं।, जिनमें वह पिंक क्रॉप टॉप और लॉन्जरी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। निक्की तंबोली ने इन तस्वीरों में अपने कर्व्स को फ्लॉन्ट किया है और लाइट मेकअप और खुले बालों के साथ बेहद कातिलाना लग रही हैं। निक्की तंबोली की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं और उनके फैंस इन पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं। एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तहलका मचा रही हैं।साउथ एक्ट्रेस निक्की तंबोली हमेशा अपनी बोल्ड और हॉटनेस भरे अंदाज को लेकर लाइमलाइट में रहती हैं।निक्की तंबोली जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं तो वो तेजी से वायरल होने लगती हैं।एक्ट्रेस निक्की तंबोली आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस को मदहोश कर देते हैं।बता दें कि एक्ट्रेस निक्की तंबोली का हर एक लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है। और आए दिन वो अपनी अदाओं से इंटरनेट का पारा बढ़ाती रहती हैं।निक्की तंबोली अपने लुक्स से बी-टाउन की बड़ी-बड़ी हसीनाओं को मात देती हैं।इन तस्वीरों में एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच रही हैं।इन तस्वीरों में एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच रही हैं।फैंस निक्की की खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं और उनकी इन तस्वीरों को खूब लाइक और शेयर कर रहे हैं।



# मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए एटीएस तैनात

## रास्तों की ड्रोन से निगरानी, परिंदा भी नहीं मार पाएगा पर

**लखनऊ, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। साथ ही शासन स्तर से भी यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पूरी गंभीरता बरती जा रही है। इसी उद्देश्य से मुजफ्फरनगर में एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) की टीम भेजी गई है। शनिवार की सुबह लखनऊ से पहुंची एटीएस की टीम ने मुजफ्फरनगर में शिवचौक पर डेरा डाला। यहां एसएसपी अभिषेक सिंह ने टीम में शामिल जवानों को कांवड़ यात्रा रूट के संबंध में जानकारी दी और पूरी मुस्तैदी से निगरानी का निर्देश दिया। बता दें, हरिद्वार से प्रतिदिन लाखों कांवड़ियां श्रद्धालु गंगाजल लेकर शिवालयों की ओर आ रहे हैं।






सुरक्षा को लेकर मुजफ्फरनगर के पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने कहा, हमारी एटीएस की स्पॉट कमांडो यूनिट यूपी की काउंटर स्ट्राइक टीम है। अगर प्रदेश में कहीं भी कोई आतंकी हमला होता है तो सबसे पहले इस टीम को तैनात किया जाता है। इन्हें खास तौर पर मुजफ्फरनगर में तैनात किया गया है, क्योंकि जैसा कि आप जानते हैं, सभी धार्मिक यात्राओं में आतंकी हमले का खतरा हमेशा बना रहता है। सभी कांवड़िये हरिद्वार से आते हैं, करीब 50% कांवड़िये मुजफ्फरनगर से गुजरते हैं और जिस जगह मैं खड़ा हूं, वहां से दूसरे राज्यों से आने वाले सभी कांवड़िये अलग-अलग दिशा में जाते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पीछे शिव चौक है जहां काफी भीड़ होने वाली है और शिवरात्रि के दिन यह पूरा इलाका जाम से भरा होगा। अगर कोई आतंकी संगठन ऐसी कोई साजिश रचता है तो उसे नाकाम करने के लिए ये सारी तैयारियां की जाती हैं। एटीएस और एसटीएफ की टीमें भी लगातार इस पर काम कर रही हैं और अगर यहां मौके पर कोई हमला होता है जैसे आईडी अटैक, तो उससे तुरंत निपटने के लिए हमारे बीडीडीएस और एटीएस के पास स्पेशलाइज्ड कमांडर यूनिट है। यहां, जिसके माध्यम से उन्हें निष्प्रभावी किया जाएगा।

जिले में कांवड़ यात्रा का पूरा रूट लगभग 240 किलोमीटर का है। यात्रा की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने दो हजार से ज्यादा स्थानों पर सीसीटीवी लगाए हैं। प्रत्येक दो किलोमीटर की दूरी पर पुलिस की तैनाती की गई है। 22 जुलाई से शुरू हुई कावड़ यात्रा को लेकर पुलिस पहले से ही अलर्ट मोड पर है, लेकिन लगातार हो रही मारपीट और तोड़फोड़ की घटनाओं के बाद से इंटेलिजेंस की टीम को अलर्ट कर दिया गया है। शुक्रवार देर रात इंटेलिजेंस की कई टीमों ने डॉग स्कॉड के साथ उत्तराखंड की सीमा से लेकर शामली, बिजनौर और मेरठ की सीमा तक सघन चेकिंग अभियान चलाया।

इंटेलिजेंस की टीम के साथ सिविल पुलिस में मुस्तैद रही। सबसे पहले शिव चौक पहुंची इंटेलिजेंस की टीम में अपने स्तर पर खुफिया जांच की और इसके बाद दिल्ली देहरादून हाईवे, गंगानगर की पटरी, शामली और बिजनौर को जाने वाले कांवड़ मार्ग पर अभियान चलाया। स्थानीय खुफिया विभाग में भी ड्रोन कैमरे से कांवड़ मार्ग की निगरानी की।

इंटेलिजेंस की टीम के अलावा डीएम और एसएसपी भी कांवड मार्ग की पल-पल की खबरें ले रहे हैं। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की मदद से कंट्रोल रूम में तैनात पुलासकर्मी पैनी नजर बनाए हुए हैं।

# सूखे में किसानों का संकट मोचक बनी योगी सरकार

## अनुदान पर दे रही मक्का, बाजरा, ज्वार और दलहन, तिलहन के बीज



**लखनऊ, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** प्रदेश के जिन इलाकों में कम बारिश की वजह किसान धान की बोआई नहीं कर पाए हैं या बाढ़ से उनकी फसल क्षतिग्रस्त हुई है, उन क्षेत्रों के किसानों की क्षति की भरपाई के लिए यूपी सरकार मक्का, बाजरा, ज्वार , दलहन और तिलहन के बीज अनुदान पर दे रही है। साथ ही कृषि विभाग के प्रसार कर्मी इस बाबत किसानों को लगातार जागरूक भी कर रहे हैं कि कैसे वे अपनी क्षति की भरपाई कर सकते हैं।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के उलट इस साल जुलाई में सामान्य से करीब 42 फीसद कम बारिश हुई। इसका असर खरीफ की प्रमुख फसल धान की रोपाई पर भी पड़ा है।सेंट्रल यूपी और बुन्देलखण्ड में औसत से काफी कम वर्षा हुई है। इन क्षेत्रों में अभी भी 25 से 30 प्रतिशत खेतों में बुवाई होनी शेष है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अब जुलाई के शेष दिनों में भी अधिक बारिश की उम्मीद नहीं है।

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने चंद रोज पहले किसानों को सलाह दी कि बारिश के सहारे जो किसान अब भी धान बोने या रोपने की उम्मीद कर रहे हैं उनको कम समयावधि और कम बारिश में होने वाली वाली दूसरी फसलों की खेती के बारे सोचना चाहिए। विकल्प के रूप में किसान मक्का, बाजरा, ज्वार तथा दलहन-तिलहन की फसल की बोआई कर सकते हैं।

प्रदेश के सभी 75 जनपदों के लिए त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत संकर मक्का के सामान्य बीज पर 50 फीसद अनुदान की व्यवस्था की गयी है।

बहुपयोगी होने के कारण मक्के की मांग भी है और प्रति कुंतल उपज भी बेहतर। यही नहीं, देसी मक्का, संकर मक्का एवं पॉपकार्न मक्का के प्रदर्शन पर सरकार 6000 रुपए प्रति हेक्टेयर, बेबी कॉर्न मक्का पर प्रति हेक्टेयर 40,000 रुपए और स्वीट कॉर्न मक्का पर 50,000 रुपए प्रति हेक्टेयर का अनुदान दे रही है। हर ब्लॉक पर मक्का, बाजरा एवं ज्वार के हाइब्रिड बीज के निजी कम्पनियों के स्टॉल लगाए जा रहे हैं, इन बीजों पर भी 50 प्रतिशत अनुदान किसानों के खातों में भेजा जायेगा।

सरकार ने सभी ब्लाकों के विभागीय विक्रय केन्द्रों पर मिलेट्स में मडुआ, सांवा, कोदो, बाजरा के निःशुल्क बीज मिनीकिट भी उपलब्ध कराए हैं। इसके अलावा दलहन और तिलहन के बीज विशेषकर उड़द, मूंग, अरहर एवं तिल के बीज सामान्य वितरण कार्यक्रम में उपलब्ध हैं। ये बीज पीओएस मशीन से बीज पर मिलने वाले अनुदान को समायोजित कर मात्र 50 प्रतिशत कीमत के भुगतान पर किसानों को मिल जायेगा।

इनमें से अधिकांश फसलें कम पानी और कम समय में होने वाली हैं। मक्का और बाजरा की तो बाजार में भी खासी मांग है। दलहन के जरिए किसान प्रोटीन से भरपूर एक अतिरिक्त फसल ले सकते हैं। चूंकि इन फसलों में प्राकृतिक रूप वातावरण से नाइट्रोजन लेकर भूमि में स्थिरीकरण का गुण होता है। लिहाजा इसका लाभ उनको अगली फसल में बढ़ी उपज के रूप में मिल सकता है। साथ ही समय से रबी की फसलों की बोआई भी की जा सकती है।

# शत्रु सम्पत्ति पर खड़ा था आजम खां का ड्रीम प्रोजेक्ट

## जौहर विवि के खिलाफ जारी हुआ नोटिस



**मुरादाबाद, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां के ड्रीम प्रोजक्ट जौहर विश्वविद्यालय के दो भवन शत्रु सम्पत्ति के दायरे में आ गए हैं। इसके बाद प्रशासन ने दोनों के खाली कराने का नोटिस जारी कर दिया है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद विश्वविद्यालय की जमीन की पैमाइश की जा रही है।

जो दो भवन शत्रु सम्पत्ति के दायरे में आए हैं, उनमें से एक में खेल गतिविधियों के साथ ही जिम भी चलता है, जबकि दूसरे भवन पर ताला लगा हुआ है। इस बीच यूनिवर्सिटी में स्थित 50 फीसदी शत्रु सम्पत्ति को प्रशासन ने कब्जे में ले लिया है। सपा नेता आजम खां के ड्रीम प्रोजेक्ट जौहर विश्वविद्यालय पर फिर से संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

जौहर विश्वविद्यालय में 13.08 हेक्टेयर जमीन शत्रु सम्पत्ति है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद शत्रु सम्पत्ति विभाग की ओर से जौहर विश्वविद्यालय में स्थित जमीन का सीमांकन करने के साथ ही उस पर कब्जा लेने के आदेश प्रशासन को दिए गए थे, जिसके बाद प्रशासन बृहस्पतिवार से जौहर यूनिवर्सिटी में स्थित शत्रु सम्पत्ति पर कब्जा लेने की कार्रवाई शुरू कर दी थी।

एसडीएम सदर मोनिका सिंह, नायब तहसीलदार गौरव बिश्नोई और शत्रु सम्पत्ति विभाग के पर्यवेक्षक प्रशांत कुमार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम शुक्रवार को भी जौहर यूनिवर्सिटी पहुंची। भारी पुलिस बल के साथ विश्वविद्यालय पहुंची टीम ने जमीन की पैमाइश की और इसे कब्जे में लेने की कार्रवाई शुरू कर दी। दिन भर यहां पर सीमांकन का काम चला। सीमांकन के काम के दौरान जौहर विश्वविद्यालय में स्थित दो भवन भी शत्रु सम्पत्ति के दायरे में आ गए हैं,जिसके बाद प्रशासन की ओर से इन भवनों को खाली करने का नोटिस जारी किया गया है।

प्रशासन ने इन दोनों भवनों को एक सप्ताह के भीतर खाली करने की मोहलत दी है। अफसरों का कहना है कि यूनिवर्सिटी में स्थित पचास फीसदी शत्रु सम्पत्ति को दूसरे दिन कब्जे में लिया जा चुका है। शेष अभी कार्य जारी है। एसडीएम सदर मोनिका सिंह ने कहा, जौहर यूनिवर्सिटी में स्थित शत्रु सम्पत्ति के दायरे में दो भवन भी आए हैं। यह दोनों भवन पूर्व में भी सील किए जा चुके थे। अब इन दोनों भवनों को खाली कराने के लिए नोटिस दिया गया है। यहां पर 13.08 हेक्टेयर जमीन है, जिसमें 45 गाटा है। इस जमीन को कब्जे में लेकर शत्रु सम्पत्ति विभाग के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में शुक्रवार को गवाह नहीं पहुंचा, जिस पर सुनवाई टल गई। अब इस मामले की सुनवाई 31 जुलाई को होगी। वर्ष 2019 में शहर विधायक आकाश सक्सेना ने अब्दुल्ला आजम के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में दो पैन कार्ड रखने का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में उनके पिता आजम खां को भी भी नामजद किया गया था। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। शुक्रवार को इस मामले में गवाह विवेचक दरोगा ऋषिपाल सिंह को पेश होना था। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी एवं भाजपा विधायक के अधिवक्ता संदीप सक्सेना के मुताबिक पैन कार्ड मामले में अब 31 जुलाई को सुनवाई होगी।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ गंज थाने में दर्ज आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में भी सुनवाई नहीं हो सकी। सपा नेता के खिलाफ 2019 के लोकसभा चुनाव में गंज थाने में आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। बुधवार को इस मामले की सुनवाई होनी थी, जो नहीं हो सकी। अब इस मामले की सुनवाई 29 जुलाई को होगी।

### जालौन में गर्माया लव जेहाद का मामला

# डेढ़ माह में पांच हिंदू लड़कियां गायब

**जालौन, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** यूपी के जालौन में लव जेहाद की घटनाएं बढ़ गई हैं। बीते डेढ़ माह में जालौन नगर से पांच हिंदू लड़कियां गुम हो गईं। इसको लेकर हिंदू संगठनों में आक्रोश पनप रहा है। जिले के अधिकारियों को कई ज्ञापन सौंप जा चुके हैं। पुलिस के द्वारा लड़कियों की बरामदगी न होने पर हिंदू संगठनों ने अनशन और प्रदर्शन की चेतावनी दी है। डीएम और एसपी के आश्वासन पर हिंदू संगठन कार्रवाई की प्रतीक्षा करने पर राजी हुए हैं।

जालौन कस्बे में कट्टरपंथी मुस्लिम युवक हिंदू समाज की लड़कियों को निशाना बना रहे हैं। इसको लेकर हिंदू संगठनों ने कई बार विरोध प्रदर्शन किया और रोष प्रकट करते हुए उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से नाराज होकर हिंदू संगठनों ने अनिश्चितकालीन अनशन की चेतावनी दी थी। डीएम राजेश कुमार और एसपी दुर्गेश कुमार ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने और गुम लड़कियों को जल्दी ही बरामद करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया है कि मतांतरण या धर्मांतरण कराने वाले लोगों के घर पर बुलडोजर की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।



# सीएम योगी पर बरकरार है भाजपा और संघ का भरोसा

**2024 के नुकसान की 2027 में भरपाई पर मंथन • किसी भी अफवाह का कोई आधार नहीं है : भाजपा**

**लखनऊ, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** भाजपा नेतृत्व योगी आदित्यनाथ पर अपना विश्वास जताएगा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा राज्य में 2024 के चुनाव परिणाम की समीक्षा के साथ-साथ 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति तैयार करने पर चर्चा करेगा। आदित्यनाथ शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे। योगी आज होने वाली नीति आयोग की बैठक और रविवार को भाजपा के मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में भाग लेंगे। इससे पहले सीएम योगी ने शुक्रवार को वरिष्ठ भाजपा नेता बीएल संतोष के साथ बैठक की। भाजपा के एक शीर्ष नेता ने कहा कि योगी एक लोकप्रिय मुख्यमंत्री हैं। पार्टी को उन पर पूरा भरोसा है। किसी भी अफवाह का कोई आधार नहीं है।

संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी बीएल संतोष और सीएम योगी के बीच यूपी सदन में करीब डेढ़ घंटे तक बातचीत हुई। बैठक में यूपी की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर चर्चा हुई है। इसके अलावा यूपी के राजनीतिक हालात पर भी चर्चा हुई। नीति आयोग की बैठक के बाद सीएम योगी पीएम मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिले।



दिल्ली आने से पहले मुख्यमंत्री ने 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद यूपी के जनप्रतिनिधियों के साथ 20 दिनों की समीक्षा पूरी की। इन चुनावों में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने नतीजों पर ध्यान केंद्रित करते हुए उत्तर प्रदेश के सभी 18 मंडलों के भाजपा सांसदों, विधायकों और एमएलसी से व्यापक समीक्षा बैठकें कीं। बैठकों के दौरान प्रत्येक प्रतिनिधि ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों की समस्याओं और अपेक्षाओं को मुख्यमंत्री के सामने खुलकर रखा। आदित्यनाथ ने उन्हें आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी अभी से शुरू करने की सलाह दी है। उन्होंने अपने क्षेत्रों में हाल के चुनावों से मतदान पैटर्न का विश्लेषण करने और उस विश्लेषण का उपयोग करके अपनी रणनीति बनाने का सुझाव दिया। मंडलवार समीक्षा बैठकें 7 जुलाई को देवीपाटन और अयोध्या मंडलों के साथ शुरू हुईं और शुक्रवार को लखनऊ मंडल के साथ पूरी हुईं।

मुख्यमंत्री ने नेताओं को विकास गतिविधियों को उजागर करने और विपक्ष की अफवाहों का मुकाबला करने की सलाह दी है। अधिकारियों को प्रत्येक क्षेत्र के विकास के लिए एक नई रणनीति विकसित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने आगामी 2027 विधानसभा चुनावों के लिए जीत का मंत्र दिया। उन्होंने संचार, सक्रिय जुड़ाव और सोशल मीडिया पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्रों में हो रही विकास गतिविधियों की जानकारी जनता तक पहुंचाएं और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से लगातार संपर्क बनाए रखें। उन्होंने सोशल मीडिया पर विपक्ष द्वारा फैलाई जा रही अफवाहों और सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिशों का मुखरता से विरोध करने की सलाह भी दी। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया की मदद से विपक्ष के झूठ को उजागर करने और सच्चाई को जनता तक पहुंचाने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्रों में युवा और महिला संगठनों से जुड़ने का निर्देश दिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें युवाओं को बिना किसी रिश्वत या जाति, धर्म या पंथ के आधार पर भेदभाव के सरकारी नौकरियों के निष्पक्ष प्रावधान के बारे में बताना चाहिए। जनप्रतिनिधियों को उन लोगों से जुड़ना चाहिए जिन्होंने बिना किसी पक्षपात या रिश्वत के नौकरी हासिल की है और स्थानीय एथलीटों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यदि कोई अधिकारी सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अनिच्छा दिखाता है तो वे इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने आश्वासन दिया कि उचित कार्रवाई की जाएगी।

# संघर्षशील मुस्लिम चेहरा निदा खान को सिर काटकर चौराहे पर लटकाने की धमकी

**बरेली, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** आला हजरत खानदान की बहू रह चुकीं निदा खान को फिर हत्या की धमकी मिली है। सोशल मीडिया के जरिए उनको धमकी भरे मैसेज भेज गए हैं, जिसमें उनका सिर काटकर चौराहे पर लटका देने की धमकी देकर आतंकित किया गया है। बरेली में आला हजरत हेल्पिंग सोसायटी चलाने वाली निदा खान कई साल से अपने शौहर शीरान रजा खां के खिलाफ घरेलू हिंसा मामले में कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं। कोर्ट ने उन्हें गुजारा भत्ता देने के आदेश भी जारी कर रखे हैं।

सिर काटे जाने की धमकियां मिलते ही निदा खान ने पूरे मामले से अवगत कराते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी शिकायत की है। दो दिन पहले ही निदा खान की अपील पर अपील पर घरेलू हिंसा को लेकर किराये के मद में शीरान रजा की तरफ से दिए जाने वाले चार हजार रुपए को बढ़ाकर दस हजार रुपए प्रतिमाह कर दिया था। इसके अलावा जुर्माने के तौर पर 3 लाख की जगह एकमुश्त निदा खान को 10 लाख रुपए देने के आदेश भी जारी कर दिए थे।

आला हजरत हेल्पिंग सोसायटी संचालित करने वालीं निदा खान ने पुलिस से की गई शिकायत में कहा है कि कोर्ट से उनके पक्ष में नए आदेश जारी होते ही उनको लगातार धमकियां मिल रही हैं।



धमकी देने वाले ने लिखा है कि तेरा सिर काटकर चौराहे पर लटका दूंगा। धमकी देने वाले ने उन्हें लेकर बेहद अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया है। निदा ने भी एक्स पर लिखा है कि जब भी वह अपने हक की लड़ाई लड़ती हैं, तब उन्हें इस तरह से आतंकित किया जाता है। पहले भी उनको लगातार धमकाया गया है। पुलिस उनके मामले में खामोश रहती है।

पीड़ित निदा ने अपनी जान को खतरा बताते हुए कहा है कि शीरान के खिलाफ गुजारा भत्ता न देने पर गिरफ्तारी वारंट जारी है। पुलिस का काम है या तो गुजारा भत्ता दिलाए या शीरान को गिरफ्तार करे, लेकिन शीरान को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। बता दें कि घरेलू हिंसा मामले में कानूनी लड़ाई लड़ रहीं निदा खान पूर्व में धमकी के मामले में रिपोर्ट दर्ज करा चुकी हैं। कानूनी लड़ाई की वजह से कट्टरपंथी उनके दुश्मन बन गए हैं और तरह-तरह से उनको धमकाने की कोशिश कर रहे हैं।





# हार्दिक पांड्या से तलाक के बाद नताशा अपने देश वापस गईं, बेटे संग तस्वीर की शेयर

**मुंबई, 27 जुलाई (एजेंसियां) ।** भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और उनकी पत्नी नताशा आजकल खूब चर्चा में हैं। तलाक के बाद दोनों अपनी-अपनी लाइफ में बिजी हो गए। नताशा बेटे अगस्त्य के साथ खुश है और बेटे के साथ की तस्वीरें शेयर की, जिसमें वह बेटे के साथ एक एनिमल म्यूजियम में मस्ती करती दिख रही हैं। अब नताशा ने पेरेंटिंग के बारे में बात की है। वह अब सिंगल मदर है और बेटे की केयर कर रही है। नताशा का कहना है कि बच्चों पर सख्ती नहीं बरतनी चाहिए। उन्होंने दुनिया को बहुत कठिन जगह बताया।

नताशा स्टेनकोविक ने अपनी इंस्टा स्टोरी में अंजलि जगतिआनी का पेरेंटिंग पर लिखा कोट शेयर किया है। उसमें लिखा-अपने बच्चों पर सख्त मत बनो क्योंकि दुनिया बहुत कठिन जगह है। यह सच्चा प्यार नहीं है। यह बेकार किस्मत है। फैक्ट यह है कि जब वे आपके लिए पैदा होते हैं, तो आप उनकी दुनिया होते हैं, और वह आपके प्यार करने के लिए होते हैं। नताशा ने तस्वीर शेयर की जिसमें अगस्त्य को ड्रॉइंग करते हुए दिखाया गया है। इस तस्वीर में एक और लड़का भी है नताशा और हार्दिक पांड्या चार साल तक साथ रहे।

नताशा और हार्दिक ने कुछ दिन पहले एक साझा बयान में तलाक की पुष्टि की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था। चार साल साथ रहने के बाद, नताशा और पांड्या ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। आगे लिखा कि हमारा मानना है कि यह फैसला हम दोनों के हित में है। हमारे बीच जो खुशी, सम्मान और साथ था, उसे देखते हुए यह एक कठिन विकल्प था, खासकर जब हमारा परिवार बड़ा हो रहा था। तलाक के ऐलान के बाद नताशा अपने बेटे अगस्त्य के साथ सर्बिया चली गईं। तमाम चुनौतियों के बाद नताशा सोशल मीडिया के जरिए फैंस के साथ जुड़ी हुई हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### केएससीए टी20 लीग : द्रविड़ के बेटे समित को मैसुरु वॉरियर्स ने 50 हजार में खरीदा



**बेंगलुरु ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ अब महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 लीग में खेलते हुए नजर आयेंगे। समित को अपने करियर का पहला अनुबंध मिला है। समित को गत सत्र की उपविजेता मैसुरु वॉरियर्स ने 50 हजार की राशि में अपने साथ जोड़ा है। समित बल्लेबाजी के साथ ही मध्यम तेज गेंदबाजी भी करते हैं। समित कूच बेहार ट्रॉफी जीतने वाली कर्नाटक की अंडर 19 टीम में भी शामिल थे। केएससीए टी20 लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई। इसमें 240 खिलाड़ियों को खरीदा गया जिसमें श्रेयस गोपाल, कृष्णप्पा गौतम और जे सुचित भी शामिल हैं। मैसुरु वॉरियर्स की टीम के कप्तान करुण नायर हैं जबकि इसमें तेज गेंदबाजी प्रसिद्ध कृष्णा भी शामिल है। गौतम और सुचित में रहेंगे। वॉरियर्स ने करुण को इस बार भी बरकरार रखा है। वहीं वॉरियर्स ने कृष्णप्पा गौतम को 7.4 लाख और जे सुचित को 4.8 लाख रुपए में खरीदा है जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को एक लाख रुपए में शामिल किया गया है। इस नीलामी में सबसे अधिक रकम एलआर चेतन को मिली। उन्हें बेंगलुरु ब्लास्टर्स ने 8.2 लाख रुपए में ख़रीदा है। ब्लास्टर्स की कप्तानी मयंक अग्रवाल के पास है। महराजा ट्रॉफी का का सत्र अगले माह 15 अगस्त से 1 सितंबर के बीच होगा।

### शर्मिला ने महिला हॉकी टीम में वापसी का राज बताया

**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला हॉकी टीम की फारवर्ड शर्मिला देवी ने कहा है कि अपने को



बेहतर बनाने की चाहत के कारण ही वह टीम में वापसी कर पायी हैं। शर्मिला काफी समय तक टीम से बाहर रहने के बाद इसी साल एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैच से वापसी करने में सफल रही थीं। इस खिलाड़ी ने कहा है कि वह अब टीम में अपनी जगह बनाये रखने के लिए अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाये रखने का प्रयास कर रही हैं। शर्मिला ने कहा कि टीम से बाहर होने का दौर मुश्किल भर था पर उसे दौरान वह मानसिक रुप से मजबूत बनी रहीं जिसका लाभ उन्हें मिला है। इस खिलाड़ी ने कहा , ''ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल टेस्ट श्रृंखला के बाद मुझे इस साल फरवरी 2024 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने का मौका मिला। बीच का दौर मुश्किल था पर मैं सकारात्मक रुख के साथ धैर्यपूर्वक अपने अवसर का इंतजार करती रही।'' शर्मिला ने कहा ''मैंने अपने खेल पर काफी काम किया। मैं इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट थी कि वापसी का यही एकमात्र रास्ता है और मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। फारवर्ड के रूप में अपने कौशल पर काम करने के अलावा मैंने रक्षात्मक मामलों पर भी ध्यान दिया।

### पेरिस ओलंपिक के बाद टेनिस कोर्ट में नजर नहीं आएंगी कर्बर



**पेरिस ।** जर्मनी की महिला टेनिस स्टार एंजेलिक कर्बर पेरिस ओलंपिक में अंतिम बार टेनिस कोर्ट में नजर आयेंगे। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन एंजेलिक कर्बर ने कहा है कि वह ओलंपिक के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगी। खेलने के बाद संन्यास ले लेंगी। ऐसे में कर्बर का लक्ष्य यहं बेहतरीन प्रदर्शन करना रहेगा। 36 साल की खिलाड़ी ने रोलां गैरो में फ्रेंच ओपन को छोड़कर सभी ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं और ऐसे में अब वह रोलां गैरो में ही होने वाले ओलंपिक खेलों में जीत दर्ज करना चाहेंगी। पेरिस ओलंपिक में वह शुरूआती दौर में जापान की चार बार की मेजर विजेता नाओमी ओसाका से खेलेंगी। कर्बर ने कहा , ओलंपिक खेल शुरू होने से पहले मैं कह सकती हूं कि मैं हमेशा पेरिस 2024 को याद रखूंगी क्योंकि बतौर टेनिस खिलाड़ी ये मेरा ये अंतिम पेशेवर टूर्नामेंट होगा।

# भारत ने पहले टी-20 में श्रीलंका को 43 रन से धोया, रियान पराग ने चटकाए तीन विकेट



**पल्लेकल, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** कप्तान सूर्यकुमार यादव (58) और ऋषभ पंत (49) की शानदार पारियों के बाद रियान पराग (पांच रन देकर तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारत ने शनिवार को पहले टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को 43 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

214 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की पथुम निसंका और कुसल मेंडिस की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए 84 रन जोड़े। नौवें ओवर में अर्शदीप सिंह ने कुसल मेंडिस को जयसवाल के हाथों कैच आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। मेंडिस ने 27 गेंदों में 45 रन बनाये। जीत की ओर बढ़ रही श्रीलंका को 15वें ओवर में अक्षर पटेल ने पतुम निसंका को बोल्ड कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई।

निसंका ने 48 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुये 79 रनों की पारी खेली। इसके बाद अक्षर ने कुसल परेरा (20) और रियान ने कामिंडु मेंडिस (12) को आउट कर श्रीलंका की पारी की कमर तोड़ दी। इसके बाद तो तीन बल्लेबाज शून्यू और दो बल्लेबाज 2-2 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। मतीशा पतिराणा ने छह रन बनाये। श्रीलंका की पारी टीम 19.2 ओवर में 170 रन पर सिमट गई।

भारत की ओर से रियान पराग ने 1.2 ओवर में पांच रन देकर तीन विकेट लिये। अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह को दो-दो विकेट मिले। मोहम्मद सिराज और रवि बिश्नोई ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका को जीत के लिये 214 रनों का लक्ष्य दिया। बल्लेबाजी करने उतरी यशस्वी जयसवाल और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 74 रन जोड़े। छठें ओवर में दिलशान मदुशंका ने शुभमन गिल को आउट कर भारत का पहला झटका दिया। गिल ने 16 गेंदों में 34 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में हसरंगा ने जयसवाल को के मेंडिस के हाथों स्टंप आउट कराकर भारत को दूसरा झटका दिया। जयसवाल ने 21 गेंदों में 40 रन बनाये। बल्लेबाजी करने आए कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ऋषभ पंत के तेजी से रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच 76 रनों की साझेदारी हुई।

14वें ओवर में पतिराणा ने सूर्यकुमार यादव को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। सूर्यकुमार यादव ने 26 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुये (58) रनों की पारी खेली। ऋषभ पंत ने 33 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुये (49) रन बनाये। हार्दिक पंड्या (9), रियान पराग (7) और रिंकू सिंह (1) रन बनाकर आउट हुए। अक्षर पटेल पांच गेंद में 10 रन और अर्शदीप सिंह (1) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 213 रन का स्कोर खड़ा किया। श्रीलंका की ओर से मतीशा पतिराणा ने चार विकेट लिये। दिलशान मदुशंका, असिथा फर्नांडो और वानिंदु हसरंगा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# लक्ष्य सेन ने ओलंपिक खेलों में अपने अभियान की विजयी शुरुआत की



**पेरिस, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक खेलों में शनिवार को बैडमिंटन पुरुष एकल के ग्रुप चरण के मैच में ग्वाटेमाला के केविन कॉर्डन को हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की

पदक के प्रबल दावेदार माने जा रहे 22 वर्षीय सेन ने मैच की शुरुआत आक्रामक और सटीकता के साथ की। पहले सेट में सेन ने अपने 37 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी को जमने का कोई मौका नहीं दिया। सेन आक्रामक खेल और त्रुटिहीन शॉट्स के कारण शुरु से ही ग्वाटेमाला के शटलर पर हावी रहे और मध्यकाल तक उन्होंने 11-3 की बढ़त बना ली। लक्ष्य ने पहले सेट में 21-8 से जीता। दूसरे सेट की शुरुआत में कॉर्डन ने अपने व्यापक अनुभव और दृढ़ता का लाभ उठाते हुए शानदार वापसी की। ग्वाटेमाला के इस अनुभवी खिलाड़ी ने सेन को चौंकाते हुए जल्दी ही 6-2 की बढ़त ले ली। पहले सेट में अजेय लग रहे भारतीय शटलर ने खुद को गलतियों से जूझते हुए एवं बार-बार शटल को नेट में मारते हुए देखा गया।

दूसरे सेट में ब्रेक तक कॉर्डन 11-6 से आगे चल रहे थे और युवा भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य पर काफी दबाव बन गया था। इस झटके के बावजूद सेन ने संयम और अनुकूलनशीलता का प्रदर्शन किया एवं धीरे-धीरे अपनी लय हासिल की। युवा शटलर के रणनीतिक खेल और शक्तिशाली स्मैश ने उन्हें सेट में वापसी करने में मदद की। अखिर में लक्ष्य सेन ने दूसरा सेट 22-20 से और मैच भी जीत लिया।

# श्रीलंका दौरे में बेहतर प्रदर्शन कर भारतीय टीम में जगह पक्की करना चाहेंगे श्रेयस

**मुम्बई, 27 जुलाई (एजेंसियां) ।**

**श्रीलंका दौर से बल्लेबाज श्रेयस अय्यर टीम में अपनी जगह पक्की करने उतरेंगे। श्रेयस को घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के कारण भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था हालांकि इसके बाद उन्होंने रणजी खेला पर बीसीसीआई ने उन्हें सालाना अनुबंध नहीं दिया है। श्रेयस ने कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को खिताब जीतकर एक बार फिर अपने को साबित किया। केकेकार के मेंटोर गौतम गंभीर के भारतीय टीम का कोच बनने के बाद से ही श्रेयस को एक बार फिर वापसी का अवसर मिला है। उन्हें श्रीलंका दौरे के लिए एकदिवसीय सीरीज में शामिल किया गया है।**



श्रेयस ने इस साल एकदिवसीय विश्वकप में मध्यक्रम के बल्लेबाज के रुप में शानदार प्रदर्शन किया था। वह मध्यक्रम के अच्छे बल्लेबाज हैं और वह श्रीलंका के खिलाफ तीनों मैचों में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। उनका लक्ष्य इस सीरीज में अधिक से अधिक रन बनाकर टीम में अपनी जगह पक्की करना रहेगा। कोच गंभीर का उन्हें साथ मिला हुआ है पर अगर वह प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो फिर गंभीर भी कुछ नहीं कर पायेंगे। वैसे भी इस समय टीम में जगह के लिए कांटे का मुकाबला है क्योंकि जिम्बाब्वे दौरे में कई युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया था और वे टीम में जगह के लिए प्रयास कर रहे हैं।

# महिला एशिया कप : भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 10 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई

**दांबुला, 27 जुलाई (एजेंसियां) ।** रेणुका ठाकुर ओर राधा यादव की शानदार गेंदबाजी के बाद स्मृति मंधाना के लगाये अर्धशतक की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने महिला एशिया कप क्रिकेट के सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 10 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनायी है। भारत की ओर से मंधाना ने 55 जबकि शैफाली वर्मा ने 26 रन बनाये। इस मैच में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 80 रनों पर रोकने के बाद एक भी विकेट गंवाये बिना जीत के लिए मिला 81 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय टीम की जीत में तेज गेंदबाज रेणुका और स्पिनर राधा की भी अहम भूमिका रही। रेणुका ने पारी की शुरुआत में लगातार चार ओवर डालते हुए 10 रन देकर तीन विकेट लेकर बांग्लादेश के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर दिया। वहीं राधा ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए। बांग्लादेश की ओर से कप्तान निगार सुल्ताना 32 और शोर्ना अख्तर नाबाद 19 रन ही भारतीय गेंदबाजों का कुछ हद तक सामना कर पाये। इनके अलावा अन्य बल्लेबाज विफल रहे।

इस मैच में टॉस जीतकर बांग्लादेश का पहले बल्लेबाजी का फैसला गलत रहा। रेणुका ने पहले ओवर में ही विकेट ले लिया। रेणुका ने दिलारा को



आउट कर दिया। उन्होंने अपने अगले दो ओवरों में इश्मा तंजीम और मुर्शिदा खातून को भी पेवेलियन भेज दिया। पावर प्ले में बांग्लादेश की टीम तीन विकेट पर 25 रन ही बना पायी। कप्तान सुल्ताना ने पारी संभालने का प्रयास किया पर वह विफल रहीं। भारतीय गेंदबाजों के सामने बांग्लादेश के बल्लेबाज बेबस नजर आये।

भारत का क्षेत्ररक्षण भी काफी अच्छा रहा । शेफाली ने छलांग लगाकर एक शानदार कैच पकड़ा। सुल्ताना ने शोर्ना के ने 35 गेंद में 36 रन बनाकर पारी संभालने का प्रयास किया पर इनके आउट होने ही विकेटों की लाइन लग गयी। राधा ने सुल्ताना को आउट कर बांग्लादेश की रही सही उम्मीदें तोड़ दीं।

# हरमनप्रीत सिंह भारत के लिए बन सकते हैं एक्स फैक्टर

**नई दिल्ली, 27 जुलाई (एजेंसियां) ।** पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम से भी काफी उम्मीदें हैं। टीम लगातार दूसरे ओलंपिक मेडल के लिए प्रतिस्पर्धा करेगी। अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का मिश्रण इस बार मेडल का रंग बदलने का भी माद्दा रखता है। ओलंपिक में पहली बार कप्तानी कर रहे हरमनप्रीत सिंह से भी टीम और फैंस को काफी उम्मीदें होगी। भारत 27 जुलाई को अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 9 बजे से खेला जाएगा।

इस मुकाबले से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अपनी और टीम की तैयारियों पर भरोसा जताया है। गोलकीपर पीआर श्रीजेश और मनप्रीत सिंह जैसे दिग्गज खिलाड़ी इस टीम का हिस्सा हैं, जो अपना चौथा ओलंपिक खेलेंगे जबकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह का यह तीसरा ओलंपिक होगा।



राज कुमार पाल और सुखजीत सिंह जैसे कुछ ऐसे नाम भी टीम का हिस्सा है जो ओलंपिक में डेब्यू करेंगे। हॉकी सूझबूझ के साथ फुर्ती का खेल है। ऐसे में युवा और अनुभवी दोनों खिलाड़ियों का टीम में अहम रोल होगा। अनुभवी खिलाड़ी अपनी रणनीति से विरोधी खिलाड़ियों को मात दे सकते हैं, जबकि युवा खिलाड़ी की ताकत सीनियर खिलाड़ियों का अनुभव और उनकी फुर्ती हो सकती है।

साथ ही कप्तान हरमनप्रीत सिंह भारतीय हॉकी टीम के लिए एक्स फैक्टर हो सकते हैं। हरमनप्रीत सिंह ने ड्रैग-फ्लिक सुपरस्टार के रूप में विश्व हॉकी में अपना नाम कमाया है और हाल के वर्षों में भारतीय हॉकी को आगे बढ़ाने में उनका एक खास योगदान रहा है। पेनल्टी कॉर्नर स्पेशलिस्ट के दमदार फ्लिक, डिफेंस में असाधारण प्रदर्शन के साथ हरमनप्रीत सिंह ने काफी प्रशंसा हासिल की है, जिनमें से मुख्य आकर्षण टोक्यो 2020 में ओलंपिक कांस्य पदक और एशियन गेम्स 2023 में स्वर्ण पदक है। छह गोल के साथ, हरमनप्रीत सिंह टोक्यो 2020 में भारतीय हॉकी टीम के शीर्ष स्कोरर रहे।

हरमनप्रीत अपनी लय में रहे तो वो विरोधी टीम पर कहर बनकर टूट सकते हैं और भारत ओलंपिक में एक बार फिर अपनी छाप छोड़ने में सफल हो सकता है। भारत को ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड और न्यूजीलैंड के साथ एक ग्रुप में रखा गया है। भारत को अगर ओलंपिक के इतिहास में सबसे सफल पुरुष हॉकी टीम के रूप में अपना दबदबा कायम रखना है तो उसे अपने खेल में शीर्ष पर रहना होगा।

## टीम को नई दिशा दे सकते हैं गंभीर : शास्त्री



**मुम्बई ।** पूर्व क्रिकेट रवि शास्त्री ने कहा है कि भारतीय टीम के नए मुख्य कोच गौतम गंभीर की राह आसान नहीं होगी। शास्त्री के अनुसार गंभीर को सबसे पहले खिलाड़ियों की सोच को समझना रहेगा। एक कार्यक्रम के दौरान शास्त्री ने कहा, 'खिलाड़ियों का प्रबंधन कोच का सबसे कठिन काम होता है। अब देखना होगा कि गंभीर इसे कैसे लेते हैं। उनका मानना है कि गंभीर के पास पर्याप्त अनुभव है और वह शीघ्र ही ये समझने का प्रयास करेंगे कि कौन किस प्रकार का है और उसकी खूबी क्या है। उन्होंने कहा हर किसी को समझने के लिए एक ही एक ही मानक नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, ' गंभीर ने केकेआर के मेंटोर के तौर पर अच्छा काम किया है। वह अभी युवा हैं और टीम को नई दिशा दे सकते हैं। इसके अलावा वह अधिकतर खिलाड़ियों को करीब से जानता है क्योंकि खिलाड़ी और मेंटॉर के रूप में वह अलग-अलग आईपीएल टीमों में शामिल रहा है। अब उसे मिलकर एक संयुक्त प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा, 'उसके पास अपने आइडिया भी होंगे। उसके लिए सबसे अच्छी बात यह है कि उसके पास एक परिपक्व और स्थिर टीम है। भले ही आपको लगता हो कि आप परिपक्व हैं, लेकिन आपको नए आइडियाज से लाभ हो सकता है। इसलिए मुझे लगता है कि यह दिलचस्प समय होगा। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह उसका सबसे अहम कार्य होगा। लेकिन मुझे नहीं लगता कि उसे इसमें कोई समस्या आएगी क्योंकि उसने काफी लोगों के साथ खेला है और उसे लंबा अनुभव है।

## क्या आप जानते हैं?



- कोआला के फिंगरप्रिंट्स (पैर्टन, शेप और साइज) इंसान के फिंगरप्रिंट्स जैसे ही होते हैं।
- म्यूजिक क्रॉनिक पेन को 20 फीसदी और डिप्रैशन को 25 फीसदी कम कर सकता है।
- ऊंट का दूध अरब देशों में काफी पिया जाता है। इसमें गाय के दूध के मुकाबले 10 गुना अधिक आयरन पाया जाता है।
- हिमालय ने पृथ्वी की सतह का 1/10 हिस्सा ढंका हुआ है।
- यदि व्हेल का ईको सिस्टम फेल हो जाए, तो उसकी मौत हो जाती है।
- पेट में करीब साढ़े तीन करोड़ डाइजैस्टिव ग्लैंड्स होते हैं।
- 1850 से पहले गोल्फ की गेंद चमड़े से बनाई जाती थी और इसमें पंख भरे जाते थे।
- चाइनीज सक्रिप्ट में 40,000 से अधिक कैरेक्टर्स हैं।
- पीटर द ग्रेट के शासन के दौरान दाढ़ी रखने वाले रशियन आदमियों को एक खास टैक्स देना पड़ता था।

## दिमाग की बत्ती

# पानी की बूंदें गोल होती हैं क्यों?



**पानी** के अणु इसे गतिशील रखते हैं, परंतु ये पूर्णत: अलग नहीं होते, क्योंकि ये लगातार एक-दूसरे को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। पानी की सतह के अणु एक प्रकार की झिल्ली का निर्माण करते हैं, जो कम भार की वस्तुओं को सहारा दे सकती है। जो बल इन अणुओं को आपस में जोड़े रखता है, उसे 'सतहीय दबाव' कहते हैं। जब आप गिलास को पानी से ऊपर तक भरें, तब उसकी सतह को पास से देखें। ऊपरी सतह के किनारों पर पानी जरा-सा वक्राकार मुड़ा होता है। इन घुमावों को ही सतहीय दबाव कहते हैं। पानी को एक बैग की तरह जोर से खींचे, अगर यह कम मात्रा में होगा, तो सतहीय दबाव उसे गोल बूंद में बदल देगा।

# पानी पर तैरता शहर वीनस



## युद्ध की विभीषिकाओं और समुद्री लुटेरों से इतिहास संजोने वाला वीनस शहर आज कला-संस्कृति और प्रेम की प्रतिमूर्ति के रूप में जाना जाता है...

**विश्व** के खूबसूरत व प्राचीन शहरों की बात करें, तो इटली के वीनस शहर का नाम बरबस ही होंठो पर आ जाता है। इसे पानी पर तैरता शहर कहा जाता है, क्योंकि यह छोटे-छोटे कई टापुओं का समूह है, जिन्हें विभिन्न पुलों से आपस में जोड़ा गया है। वीनस में 160 नहरें हैं, जिन्हें 409 पुलों से आपस में जोड़ा गया है। यह शहर लकड़ी के पोलस पर बनाया गया है।

आप यहां के खूबसूरत लगून देखने के लिए वाटर बस और वाटर टैक्सी ले सकते हैं। शहर के बीच से बहने वाली नदियों के मोड़ों पर बने हुए ओपन कैफैटेरिया में कॉफी पीने का अपना ही आनंद है।

वीनस के संरक्षक सेंट मार्क के जन्म दिवस 25 अप्रैल 421 ईस्वी को वीनस की स्थापना की गई। उस समय समुद्र के बीच स्थित वीनस एक छोटा-सा गांव टोर्सैलो था। सेंट मार्क का शहर होने की वजह से इसका अपना धार्मिक महत्व भी है। शहर के करीब हर मोड़ पर बने हुए गिरजाघर लोगों की आस्था की कहानी ब्यान करते हैं। सेंट मार्क स्कवायर में लगे हुए घंटे की आवाज के आते ही लोगों में गिरजाघरों में जाकर प्रार्थना करने की जैसे होड़-सी लग जाती है।

पानी पर तैरते शहर की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं पानी में चलने वाले गिंडोले (चप्पुओं से चलने वाली स्थानीय किश्ती)। इन गिंडोलों को चलाने वाले स्थानीय भाषा में लोक गीत सुनाकर लोगों का मन मोह लेते हैं। इन लोक गीतों में वीनस के महान प्रेमी के रूप में मशहूर कासानोवा की



प्रेम कहानियां और कुछ स्थानीय कहानियां शामिल रहती हैं। स्थानीय लोक गायक गिटार से मिलता- जुलता एक स्थानीय वाद्य-यंत्र बजाते हैं, जो वीनस की पहचान बन चुका है।

वीनस के संग्रहालयों में रखी हुई कलाकृतियां विश्व की अनमोल धरोहरों में से हैं, जिनमें पिकासो की पेंटिग्ज और मार्क के तांबे के चार घोड़े का अपना महत्व है।

**वीनस का इतिहास**

वीनस का पुराना नाम सेरेनिस्सिमा रिपब्लिका था। यह एक शक्तिशाली साम्राज्य हुआ करता था। आठवीं सदी के अंत से लेकर 1792 तक यह एक आजाद रिपब्लिक था। 1797 में वीनस गणराज्य पर नैपोलियन ने कब्जा कर लिया और यह हैम्पसबर्ग गणराज्य (आस्ट्रिया) का हिस्सा बन गया। 1848 में वीनस वासियों ने अपनी मातृ-भूमि को स्वतंत्र करवाने के प्रयास शुरू किए। 1860 में गूसोप गरीबल्दी की फौज ने सवोया साम्राज्य के नियंत्रण में इटली को राज्य का दर्जा दिलाने में कामयाबी हासिल कर ली, तीसरे स्वतंत्रता युद्ध के बाद 1866 में वीनस इटली का भाग बन गया।

**प्राकृतिक आपदाएं**

1348 में महामारी के कारण वीनस की जनसंख्या आधी रह गई। इसके बावजूद वह मैडिट्रेनियन समुद्र की चार महाशक्तियों में अपना नाम दर्ज करवाने में सफल रहा। अन्य तीन महाशक्तियों के नाम अमाल्फी गणराज्य, जिनोवा तथा लॉ स्पेजिया थे। 1630 में दूसरी बार वीनस में महामारी फैली और इसका पतन आरंभ हो गया। द्वितीय विश्व युद्ध के कारण सांस्कृतिक गतिविधियों में अवरोध उत्पन्न हो गया। 1966 में आई बाढ़ ने शहर को काफी क्षति पहुंचाई। तब पानी का स्तर दो मीटर तक बढ़ गया था। आज भी कई गिरजाघरों व अन्य स्थानों पर पानी के निशान देखे जा सकते हैं।

**सेंट मार्क स्कवायर**

सेंट मार्क स्कवायर का निर्माण 814 ईस्वी में हुआ। 1902 में इसका बैल टॉवर ढह गया। 1912 में इसका पुर्ननिर्माण किया गया।

**मार्को पोलो की चीन यात्रा**

वीनस के व्यापारी मार्को पोलो ने वीनस से चीन तक की यात्रा मध्यकाल (1271-95 ई.) में की। '11 मिलियन ' नामक पुस्तक में चंगेज खान से उसकी मुलाकात के हैरतअंगेज किस्से दर्ज हैं।


# जिराफ नहीं है यह

**ओकापी** जिराफ की तरह दिखाई देता है। इसे छोटी गर्दन वाला जिराफ भी कहते हैं। देखने में अत्यंत खूबसूरत ओकापी अफ्रीका महाद्वीप के देश जायर के उत्तर-पूर्व के ट्रॉपिकल जंगलों में पाए जाते हैं। चॉकलेट ब्राउन रंग के ओकापी की टांगों पर मटमैले सफेद रंग की आड़ी लाइनें होती हैं।

ओकापी की खोज 1901 में हुई, पर प्राचीन मिस्त्रवासियों को इसकी जानकारी काफी पहले से ही थी। इनकी लंबाई 1.9 से 2.5 मीटर तक होती है और कंधों तक ऊंचाई डेढ़ से दो मीटर तक होती है। इनकी पूंछ की लंबाई 30- 42 सेंटीमीटर होती है।

नर ओकापी के बालों से ढंके सींग होते हैं, जो 15 सेंटीमीटर से अधिक लंबे नहीं होते। मादा ओकापी के सींग नहीं होते, पर यह नर से औसतन 4.2 सेंटीमीटर लंबी होती है। इनके कान काफी बड़े आकार के होते हैं, जो परभक्षी का पता लगाने में इनकी मदद करते हैं।


इनकी जीभ 14 से 18 इंच लंबी होती है। काले रंग की इस नुकीली जीभ का इस्तेमाल ये पेड़ों की शाखाओं से कोंपलें, पत्ते और फल तोड़ने के लिए करते हैं। यह एकमात्र ऐसा जानवर है, जो अपनी जीभ से अपने कान साफ कर सकता है।



# समय का सफर


**दिन-रात** और समय के चक्करों को समझने के लिए मनुष्य ने घड़ी का अविष्कार किया। घड़ी के आज के स्वरूप तक की यात्रा पर एक नजर-

- 500-300 ईपू मिस्त्र में पहली बार सूर्य घड़ी का उपयोग किया गया।
- 400 ईपू - ग्रीस के लोग पत्ती की घड़ी से समय का पता लगाने लगे।
- 980ई- राजा एफ्रेड जलती मोमबत्ती से समय का निर्धारण करते थे।
- 1657 ई- क्रिस्टिएन हाइगंस ने पहली पेंडुलम घड़ी बनाई।
- 1838 ई- लुईस ऑडीमार्स ने पेंचदार घड़ी और उसकी यांत्रिकी की खोज की।
- 1868 ई- पैटेक फिलिपी ने पहली रिस्टवॉच का आविष्कार किया।
- 1888 ई - कॉर्टियर ने पहली लेडीज रिस्टवॉच बनाई।
- 1902 ईस्वी- पहली ओमेगा रिस्टवॉच बनी। जर्मनी में 93000 घड़ियां बिकीं।
- 1914 ई. - पहली अलार्म रिस्टवॉच एटरना द्वारा बनाई गई।
- 1923ई- पहली ऑटोमेटिक रिस्टवॉच जॉन हार्डवुड ने बनाई।
- 1957 ई. - हैमिल्टस ने पहली इलैक्ट्रानिक वॉच का निर्माण किया। आज ढेरों प्रकार की इलैक्ट्रॉनिक डिजिटल घड़ियां मौजूद हैं, जिनमें कई तरह की ऐसी सुविधाएं शामिल हैं।



# इस पुस्तक मेले में भी आएं जरूर


**बच्चो,** आज आप हमारे साथ जालंधर के देश भक्त यादगार हाल चलें। मालूम है क्यों? क्योंकि वहां आजकल जालंधर पुस्तक मेला चल रहा है। इस मेले में बच्चों के लिए खासतौर पर नैशनल बुक ट्रस्ट ने बच्चों की पुस्तकों के 2000 टाइटिल प्रदर्शित किए हैं। अकेले पंजाबी में 200 से ज्यादा पुस्तकें बच्चों के लिए प्रकाशित की हैं।



इस बारे में ट्रस्ट के संयुक्त निर्देशक बलदेव सिंह बदन ने बताया कि लगभग 13 भारतीय भाषायों के बाल साहित्य को हमने प्रकाशित किया है। इसके अलावा 7 आसमी जनजातियों के बाल साहित्य को भी अंग्रेज़ी और हिंदी में अनुवाद करवाया गया है।

बच्चो, आपको इस मेले में दुनिया भर का बाल साहित्य मिलेगा। इसमें जैको, लोकगीत और दीपक पब्लिशर्ज द्वारा प्रकाशित किया गया बाल साहित्य भी आपको मिलेगा। हर तरह की जानकारियों से भरा हुआ साहित्य, आपकी पढ़ाई से जुड़ा हुआ साहित्य, आपके बारे में लिखा हुआ साहित्य, पक्षियों के बारे में, देशों के बारे में, फूलों के बारे में और आपके मनपसंद खेलों के बारे में। बहुत कुछ और भी है, इसलिए आप अपने बड़ों को भी साथ ले जाना न भूलें। मेले में देश भर से प्रकाशक आए हैं और दुनिया भर का साहित्य आपका स्वागत करेगा। यह मेला 10 अप्रैल तक चलेगा और आप कभी भी वहां जा सकते हैं। वहां किसी तरह का टिकट भी नहीं लगता। हर रोज़ साहित्य पर कार्यक्रम भी होते हैं। आप वहां अपने प्रिय लेखकों से भी मिल सकते हैं।

## हम बताएं, आप बनाएं



## लघुकथाएं

# मन्नत

**उसी** फूलवाली से हमेशा फूलमाला, पूजा का सामान खरीदने से पहचान-सी हो गई है। उसके ठेले के नीचे चप्पलें उतारकर वे बड़ी बेफिक्र हो देर तक पूजा-अर्चना करती रहती हैं। कल फूलवाली के साथ उसका आठेक साल का बेटा भी माला पिरो रहा था, तो वह भी पूजा की टोकरी ले उनके साथ मंदिर में चला आया। गणपतिजी का प्राचीन मंदिर। चौखट पर पेड़ों की डालों पर घंटियों पर सैकड़ों नाड़े बँधे थे मन्नतों के। दीवारों पर, खंबों पर चॉक से, पेंसिल से मानताएँ माँगे भी लिखी थीं। लोग जोर-जोर से पढ़कर परस्पर सुना रहे थे और कुछ अपनी मन्नत लिख भी रहे थे, इसी विश्वास के साथ कि ईश्वर उनकी पुकार अवश्य सुनेंगे।



बालक सब देखता, सुनता रहा और मंदिर से बाहर आते ही बोला- 'आंटीजी, आप मुझे लिखना-पढ़ना सिखा दो। दिन में तो मैं चाय की गुमटी पर मजूरी पर जाता हूँ... शाम को पढ़ने आया करूँ... मैं भी अपनी मन्नत लिखकर भेजूँगा भगवानजी के पास।'

'तुझे क्या माँगना है भगवान से, जिसके लिए तूने पढ़ना-लिखना सीखने की ठान ली?'

'मैं भगवान को लिखकर विनती करूँगा कि वे मेरे पापा की शराब पीने की लत छुड़ा दें और मुझे कुछ नहीं चाहिए।'

सुनकर वे थर्रा गईं। बच्चे की माँग ठुकराने का प्रश्न ही नहीं था। वे बालक को पढ़ना-लिखना सिखा रही हैं और उन्हें उम्मीद है कि जिस दिन बालक अपनी माँग लिखकर अपने पिता को और परमात्मा को चिट्ठी लिखेगा... पिता और परमपिता दोनों ही उसकी मन्नत अवश्य पूरी करेंगे।

# समुद्रीय रेगिस्तान

## समुद्र में जहां प्लैंकटन बहुत कम होता है, वहां पानी बहुत साफ दिखाई देता है, यहां जीवों केलिए जिंदा रहना एक बहुत बड़ी चुनौती होती है...

**प्रशांत** महासागर का नाम लैटिन नाम 'टेपरे पैसिफिकम' से लिया गया है, जिसका अर्थ है- शांत समुद्र। प्रशांत महासागर पांच महासागरों में से सबसे बड़ा और गहरा महासागर है। यह पृथ्वी के एक-तिहाई हिस्से पर फैला हुआ है। यह अमेरिका से 18 गुणा बड़ा है। इतने विशाल क्षेत्र में फैले होने के कारण यहां रहने वाले जीवों में पृथ्वी के अन्य भागों के सागरों की अपेक्षा बड़ी विभिन्नता है।

प्रशांत महासागर उत्तर में आर्कटिक से दक्षिण में अंटार्कटिका, पश्चिम में एशिया व ऑस्ट्रेलिया और पूर्व में अमेरिका तक फैला हुआ है। इसमें लगभग 20,000 टापू हैं। इसकी औसत गहराई 14,000 फुट है। पश्चिम-उत्तर प्रशांत महासागर में 'द मरियाना ट्रेंच' दुनिया का सबसे गहरा प्वाइंट है। इसकी गहराई 35,800 फुट (10,911 मीटर) है। प्रशांत महासागर उत्तरी प्रशांत महासागर और दक्षिणी प्रशांत महासागर में बंटा हुआ है।

वैज्ञानिक अन्वेषकों और साहसिक नाविकों द्वारा गत सैंकड़ों सालों में महासागर के विषय में ज्ञान प्राप्त करने की अनेक कोशिशें की गईं। अब भी निरंतर प्रशांत महासागर के गर्भ के बारे में ज्ञान प्राप्त करने के लिये खोजें जारी हैं। यहां अभी भी नित नए जीवों की खोज होती रहती है।

प्रशांत महासागर दुनिया विशेषकर उन देशों की



अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाता है, जिन्हें इसका पानी छूता है। यह पूर्व और पश्चिम के बीच सस्ती ट्रांसपोर्टेशन मुहैय्या कराता है। इसके ऑयल और गैस रिजर्व्स अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन और पेरू की एनर्जी सप्लाई में अहम भूमिका निभाते हैं।

ऑस्ट्रेलिया के पास दक्षिण प्रशांत महासागर का पानी खूबसूरत नीले रंग का है। यहां पानी जितना साफ है, उतना शायद ही कहीं हो। इसका कारण यह है कि यहां प्लैंकटन कम है। इसलिए इसे समुद्रीय रेगिस्तान भी कहते हैं। इसीलिए यहां जिंदा रहना बहुत बड़ी चुनौती है। इस इलाके में मछलियां और दूसरे समुद्री जीव बहुत कम संख्या में पाए जाते हैं।

किलर व्हेल को पकड़ने निकले एक 87 फुट लंबे जहाज को जब व्हेल ने समुद्र में पलट दिया, तो उसमें सवार 21 नाविक किसी तरह जान बचाने में कामयाब हो गए। दक्षिण प्रशांत महासागर में जिंदा रहने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपने संस्मरणों में लिखा है कि समुद्र के बीच पानी की प्यास इंसान को बेइंतहा तोड़ देती है, पर वे इस बात से हैरान थे कि इस इलाके में उन्हें एक भी मछली नहीं मिल रही थी, हालांकि वे बहुत माहिर नाविक थे।

दक्षिण प्रशांत महासागर में जिंदा रहने के लिए कई जीव हजारों किलोमीटर की लंबी दूरी तय करके दूसरी जगह चले जाते हैं। वहीं दूसरी ओर, स्पर्म व्हेल कई हजार किलोमीटर की दूरी तय करके अंटार्कटिका से प्रजनन के लिए यहां के गर्म पानी में आती हैं।



# बीते सप्ताह एक फीसदी चढ़ा शेयर बाजार सेंसेक्स 81,332 और निफ्टी 24,834 पर बंद

**मुंबई, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों और उम्मीद से ज्यादा बेहतर अमेरिकी डेटा की वजह से बजट सप्ताह में घरेलू शेयर बाजार ने तेजी बनाना जारी रखा। इस सप्ताह केंद्रीय बजट की घोषणाओं और इंडिया इंक के मिलेजुले नतीजों ने शेयर बाजार में उतार-चढाव जारी रखा। इस सप्ताह शेयर बाजार में एक फीसदी से ज्यादी तेजी दर्ज की गई। घरेलू शेयर बाजार के सप्ताह भर के कारोबार पर नजर डालें तो बजट पेश होने से एक दिन पहले शेयर बाजार का इंडेक्स सेंसेक्स 504 अंक गिरकर 80,100.65 अंक पर खुला और 102 अंक गिरकर 80,502 अंक पर बंद हुआ। जबकि एनएसई निफ्टी 50 168.6 अंक फिसलकर 24,362.30 अंक पर खुला और 21 अंक गिरकर 24,509 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 166.41 अंक की तेजी के साथ 80,668.49 अंक पर खुला और 73.04 अंक की गिरावट के साथ 80,429.04 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 59.65 अंक की बढ़त के साथ 24,568.90 अंक पर खुला और 30.30 अंक की गिरावट के साथ 24,479.00 पर बंद हुआ। बुधवार को विदेशी फंड की निकासी और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख ने भी घरेलू बाजारों के लिए खेल बिगाड़ दिया। कमजोर शुरुआत के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 233.7 अंक गिरकर 80,195.34 पर खुला और 280 अंक गिरकर 80,148 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 73.45 अंक गिरकर 24,405.60 पर खुला और 65 अंक गिरकर 24,413 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 606.77 अंक की गिरावट के साथ 79,542 पर खुला और 109.08 अंक टूटकर 80,039 पर बंद हुआ। निफ्टी 182.55 अंक की गिरावट के साथ 24,230 पर खुला और 7.40 अंक की मामूली गिरावट के साथ 24,406.10 अंक पर बंद हुआ। बीते कई दिनों की कमजोरी के बाद घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार की सुबह हरियाली दिखी। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 218.08 अंकों की बढ़त के बाद 80,234.64 पर खुला और 1,292.9 अंक की बढ़त के साथ 81,332.7 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 77.41 अंक मजबूत होकर 24,483.50 पर खुला और 428.7 अंक की बढ़त के साथ 24,834.8 अंक पर बंद हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### कर प्रणाली को आसान बनाने का मतलब यह नहीं कि हर मामले में भार कम हो जाए, एलटीसीजी पर बोले राजस्व सचिव



**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025 के बजट में विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों पर पूंजीगत लाभ करों को तर्कसंगत बनाने का फैसला कर सरलीकरण का उपाय है ना कि राजस्व बढ़ाने का तरीका। राजस्व सचिव संजय अग्रवाल ने उद्योग मंडल सीआईआई और एसोचैम के सदस्यों को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दौरान उन्होंने सवाल किया कि क्या उद्योग जगत विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों के लिए अलग-अलग कर दरों के पक्ष में है वित्त वर्ष 2025 के बजट ने शॉर्ट और लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स के लिए विभिन्न एसेट क्लास के लिए होल्डिंग पीरियड को तर्कसंगत बनाया है। सभी सूचीबद्ध परिसंपत्तियों के लिए होल्डिंग अवधि अब दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) के लिए एक वर्ष कर दी गई है। गैर-सूचीबद्ध शेयरों, डिबेंचर और रियल एस्टेट के लिए, एलटीसीजी के लिए होल्डिंग अवधि दो वर्ष है। एलटीसीजी कर को इंडेक्सेशन के लाभ के बिना सभी परिसंपत्ति वर्गों के लिए 12.5 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे पहले, एसटीटी-पेड इक्विटी को छोड़कर सभी परिसंपत्ति वर्गों के लिए दर 20 प्रतिशत थी। रियल एस्टेट के लिए, यह इंडेक्सेशन के साथ 20 प्रतिशत थी। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने कार्यक्रम में कहा कि पूंजीगत लाभ कर में बदलाव एक सरलीकरण उपाय है, न कि राजस्व बढ़ाने का उपाय। हां, राजस्व में वृद्धि होगी, लेकिन यह बहुत ही मामूली होगी।

### विजय माल्या को प्रतिभूति बाजार में प्रवेश करने से रोका, पहचान छिपाकर व्यापार करने का था आरोप


**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने भगोड़े व्यवसायी विजय माल्या पर तत्काल



प्रभाव से तीन साल के लिए प्रतिभूति बाजार में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। माल्या पर अपनी पहचान छिपाकर भारतीय प्रतिभूतियों में व्यापार करने का आरोप है। सेबी ने कहा, माल्या को तीन साल की अवधि के लिए किसी भी सूचीबद्ध कंपनी या सूचीबद्ध होने के लिए प्रस्तावित कंपनी के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ने से रोका जाता है। जारी एक आदेश में, सेबी ने कहा कि माल्या को प्रतिभूति बाजार तक पहुंचने से रोका गया है और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिभूतियों को खरीदने, बेचने या अन्य लेनदेन करने या किसी भी तरह से प्रतिभूति बाजार से जुड़े रहने पर भी तीन साल तक प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा, प्रतिबंध की अवधि के दौरान, माल्या की म्यूचुअल फंड की इकाइयों की होल्डिंग सहित प्रतिभूतियों की मौजूदा होल्डिंग जमी रहेगी। सेबी ने अपने 37 पन्नों के आदेश में कहा कि यह स्पष्ट रूप से स्थापित है कि माल्या ने विदेश में रखे अपने अधिशेष धन को निवेश करने के लिए विदेशी संस्थागत निवेश तंत्र या मार्ग का दुरुपयोग किया है। भारत में इन कंपनियों के निवेशकों को इसका खुलासा नहीं किया है। इसलिए, मुझे लगता है कि नोटिस प्राप्तकर्ता ने भारतीय कंपनियों के शेयरधारकों के हितों की हानि के लिए एफआईआई यानी मैटरहॉर्न वेंचर्स की आड़ में अपनी पहचान छिपाकर एफआईआई मार्ग के माध्यम से निवेश करने का स्पष्ट रूप से सहारा लिया है। नोटिस प्राप्तकर्ता के ऐसे कृत्य न केवल धोखाधड़ी और भ्रामक हैं, बल्कि प्रतिभूति बाजार की अखंडता के लिए खतरा हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने वित्तीय सेवा प्राधिकरण (जिसे अब वित्तीय आचरण प्राधिकरण के रूप में जाना जाता है) से संचार में निष्कर्षों के आधार पर जांच के लिए मामला उठाया था, ताकि यह पता लगाया जा सके कि यूबी समूह के अध्यक्ष और यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड के व्यक्तिगत नियंत्रक शेयरधारक विजय माल्या द्वारा भारतीय प्रतिभूति बाजार में क्या धन का कोई मार्ग था।

### मारुति सुजुकी ने इगनिस का नया मॉडल लांच किया

**नई दिल्ली।** मारूति सुजुकी ने ऑल्टो से लेकर बलेनो तक कई हैचबैक कार को बाजार में उतारा है। इन



हैचबैक कार के लाइनअप में इगनिस मॉडल भी शामिल है, जिसे कई लोग मारुति की यूरोपियन कार कहते हैं। इगनिस मॉडल को मारुति ने भारतीय बाजार में साल 2017 में लॉन्च किया था। पिछले कुछ सालों में इसकी सेल में गिरावट देखी गई। इसी गिरावट को रोकने के लिए अब मारुति ने इगनिस के नए रेडिएंस संस्करण को बाजार में लॉन्च किया है जो कि अपने रेगुलर मॉडल से लगभग 35 हजार रुपये सस्ता है।

# विकसित भारत के लिए असंगठित क्षेत्र को संगठित क्षेत्र में लाना जरूरी कदम : फिक्की महानिदेशक

**नई दिल्ली, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** फिक्की की महानिदेशक ज्योति विज ने 23 जुलाई को पेश हुए केंद्रीय बजट की तारीफ की है और इसे रोजगार सृजन करने वाला बताया है। उनका कहना है कि, पिछले चुनावों में, रोजगार एक बड़ा मुद्दा था, और सरकार ने रोजगार सृजन को बढ़ाने के उपायों को सही ढंग से तेज किया है। मध्यम वर्ग को भी लाभ हुआ है, नई कर व्यवस्था ने कुछ राहत प्रदान की है। महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर काफी ध्यान दिया गया है; सरकार न केवल इसके बारे में बात कर रही है बल्कि सक्रिय रूप से इसे आगे बढ़ा रही है। बजट को लेकर उन्होंने अपनी विशेष टिप्पणी में और भी कई बातें कहीं हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट में श्रमिकों के हितों की रक्षा और रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। किसी भी देश के विकास के लिए श्रम उत्पादकता बहुत महत्वपूर्ण है। भारत की श्रमिक संख्या लगभग 56.5 करोड़ है, जिसमें से 45 प्रतिशत से अधिक कृषि में, 11.4 प्रतिशत निर्माण क्षेत्र में, 28.9 प्रतिशत सेवाओं में और 13.0 प्रतिशत निर्माण में कार्यरत हैं।

### श्रम संबंधी सुधारों की घोषणा स्वागत योग्य कदम

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या अनुमान के अनुसार, भारत में काम करने वाली आयु की आबादी (15-59 वर्ष) 2044 तक बढ़ती रहेगी। इसी अनुमान के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर-कृषि क्षेत्र में सालाना लगभग 78.51 लाख नौकरियां सृजित करने की जरूरत है। केंद्रीय बजट में रोजगार संबंधी महत्वपूर्ण उपायों और श्रम संबंधी सुधारों की घोषणा एक स्वागत योग्य कदम है।

### असंगठित क्षेत्र को संगठित क्षेत्र में लाना जरूरी

विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए असंगठित क्षेत्र को संगठित क्षेत्र में लाना एक जरूरी कदम है। ई-श्रम पोर्टल असंगठित श्रमिकों का पहला राष्ट्रीय डेटाबेस है, जिसमें 29 करोड़ से अधिक श्रमिक पोर्टल पर पंजीकृत हैं। असंगठित क्षेत्र के लगभग 38 करोड़ श्रमिकों को पंजीकृत करने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए ई-श्रम पोर्टल लॉन्च किया गया था। नेशनल करियर सर्विस पोर्टल और अन्य मंत्रालयों-विभागों के अन्य पोर्टलों के साथ ई-श्रम पोर्टल का एकीकरण एक बेहतर और आसान श्रम से जुड़ा इकोसिस्टम बनाएगा, जिससे श्रमिकों, नियोक्ताओं और नीति निर्माताओं को समान रूप से लाभ होगा। एकीकृत सेवाएं श्रमिकों को उनके अधिकारों और लाभों की समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करेंगी, जिससे उनके चहुंमुखी विकास में सुधार होगा।

### श्रम सुविधा और समाधान पोर्टल का रोल महत्वपूर्ण

श्रम सुविधा और समाधान पोर्टल का रेनोवेशन एक अधिक कुशल, पारदर्शी और यूजर फ्रेंडली श्रम इकोसिस्टम बन जायेगा। रिपोर्टिंग और रिटर्न जमा करने की सुविधा के लिए एकीकृत श्रम सुविधा पोर्टल को विकसित किया गया है। इस पोर्टल की परिकल्पना रोजगार देने वाली और एनफोर्समेंट एजेंसियों के बीच संपर्क बिंदु के रूप में की गई है, जो उनके कामों में पारदर्शिता लाता है। विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के बीच डेटा के एकीकरण के लिए, किसी भी श्रम कानून के तहत प्रत्येक निरीक्षण योग्य इकाई को पोर्टल के तहत एक श्रम पहचान संख्या दी गयी गई है। यह इज ऑफ डूइंग बिजनेस की दिशा में एक बड़ा कदम है ।

बजट में पेश की गई सबसे प्रमुख योजनाओं में से एक, रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना हैं। इन योजनाओं को विशेष रूप से निर्माण क्षेत्र में नए श्रमिकों को काम पर रखने के लिए नियोक्ताओं को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस कदम से सरकार का लक्ष्य औपचारिक क्षेत्रों में रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करना है, जो बेरोजगारी को कम करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### कामकाजी महिला छात्रावास की स्थापना सराहनीय पहल

सरकार द्वारा की गई एक और सराहनीय पहल कामकाजी महिला छात्रावास की स्थापना और इंडस्ट्री के सहयोग से क्रेच की स्थापना करके कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाना है। विश्व में सबसे युवा आबादी के साथ जो की 28 वर्ष की औसत आयु है, भारत अपने जनसंख्या के लाभांश का उपयोग कर सकता है जो रोजगार योग्य स्किल्स से लैस है और उद्योग की जरूरतों को पूरा कर सकता है। सरकारी योगदान और उद्योग द्वारा सीएसआर (कसर) के साथ शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं के लिए इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना एक बहुत ही नया विचार है। ये ट्रेनी उद्योग की जरूरतों के हिसाब से ज्ञान प्राप्त करने और पेशेवर नेटवर्क बनाने में सक्षम होंगे जिससे नौकरी के साथ-साथ स्व-रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

### वर्तमान जरूरतों के हिसाब से कौशल की कमी

भारत की तेजी से बढ़ती आबादी का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम उम्र का है, और उनमें से कई लोगों के पास वर्तमान जरूरतों के हिसाब से जरूरी कौशल का अभाव है। एक अनुमान के अनुसार लगभग 51.25 प्रतिशत युवा ही रोजगार के योग्य माने जाते हैं, दूसरे शब्दों में कहें तो लगभग हर दो में से एक युवा कॉलेज के तुरंत बाद रोजगार के योग्य नहीं होता है। सरकार द्वारा यह पहल शैक्षणिक संस्थानों और उद्योग के बीच संबंध को मजबूत करने में मदद करेगी।

# सबसे अधिक वेतन पाने वाले भारतीय सीईओ बने सी विजयकुमार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में मिलते इतने रुपये



**नई दिल्ली, 27 जुलाई (एजेंसियां)।** एचसीएल टेक के सीईओ सी विजयकुमार सबसे अधिक वेतन पाने वाले भारतीय सीईओ बन गए हैं। 22 जुलाई को जारी कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 के लिए विजयकुमार का पारिश्रमिक लगभग 84.16 करोड़ रुपये रहा, इसमें सालाना आधार पर 190.75 प्रतिशत की वृद्धि है। कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार विजयकुमार को लगभग 1.96 मिलियन डॉलर (16.39 करोड़ रुपये) का बेसिक वेतन, 1.14 मिलियन डॉलर (9.53 करोड़ रुपये) का प्रदर्शन-लाइन बोनस, वहीं दीर्घकालिक प्रोत्साहन (एलटीआई) नकद घटक मद में लगभग 2.36 मिलियन डॉलर (19.74 करोड़ रुपये) का भुगतान किया गया था।

इसके अलावा, एलटीआई आरएसयू (प्रतिबंधित स्टॉक इकाइयों) मद में 4.56 मिलियन (38.15 करोड़ रुपये) का अनुलाभ मूल्य और शेष 0.04 मिलियन का भुगतान लाभ, अनुलाभ और भत्ते के रूप में दिया गया। यह कुल 10.06 मिलियन है। रिपोर्ट के अनुसार, विजयकुमार का पारिश्रमिक एचसीएलटेक के कर्मचारियों के औसत वेतन का 707.46 गुना रहा। शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में, सी विजयकुमार ने खुलासा किया कि कंपनी का कुल राजस्व निरंतर मुद्रा में 13.7 प्रतिशत वर्ष बढ़ गया है, सेवा व्यवसाय में 15.8 प्रतिशत वर्ष की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा, हमारा राजस्व 100,000 करोड़ मील का पत्थर पार कर गया और हमारा कर्मचारी आधार 225,000 अंक (25,000+ प्रवेश स्तर के कर्मचारियों के सेवन सहित) तक पहुंच गया, जबकि हमारे सेवा पोर्टफोलियो में डिजिटल, इंजीनियरिंग, क्लाउड, एआई और सॉफ्टवेयर शामिल हैं, हमारे रणनीतिक गठजोड़ के साथ, सभी समान वजन में पंच किए गए। हमारे कार्यस्थल भी विकसित हो रहे हैं। हम वर्चुअल-फर्स्ट, हाइब्रिड वर्कप्लेस मॉडल में विश्वास करना जारी रखते हैं, जिसमें कर्मचारियों के लिए ऑफिस स्पेस का उपयोग करने और आवश्यकतानुसार रिमोट वर्किंग का लाभ उठाने के लिए लचीलापन है। हमारा दृष्टिकोण संतुलित और मापा गया है, जिसका नेतृत्व हमारे लोगों और ग्राहकों के साथ सक्रिय संवादों द्वारा किया गया है ताकि राइट-टाइम-एंडराइट-प्लेस मॉडल विकसित किया जा सके।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### देश को...

इस बैठक का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच सहभागी संचालन तथा सहयोग को बढ़ावा देना, वितरण तंत्र को मजबूत करके ग्रामीण और शहरी दोनों आबादी के लिए जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है। बैठक में पिछले साल दिसंबर में आयोजित मुख्य सचिवों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की सिफारिशों पर भी गौर किया गया।नीति आयोग की बैठक में कई मुख्यमंत्रियों के शामिल न होने पर जदयू महासचिव केसी त्यागी ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि नीति आयोग की बैठक में केंद्र और राज्यों के बीच सहयोग और फंड आवंटन पर चर्चा होती है। यह राज्यों के अधिकार सुरक्षित करने के लिए है, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कई मुख्यमंत्रियों ने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार किया, जो कि उनके ही राज्य के विकास के लिए थी।ममता बनर्जी के नीति आयोग की बैठक को बीच में छोड़कर निकलने पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, ममता बनर्जी ने नीति आयोग की बैठक में हिस्सा लिया। हम सभी ने उन्हें सुना। प्रत्येक सीएम को आवंटित समय दिया गया था और उसे स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया था जो हर टेबल के सामने मौजूद थी। ममता बनर्जी ने मीडिया में कहा कि उनका माइक बंद कर दिया गया था। यह पूरी तरह से झूठ है। प्रत्येक मुख्यमंत्री को बोलने के लिए उचित समय दिया गया था। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया है कि उनका माइक बंद कर दिया गया था। यह सच नहीं है। ममता बनर्जी एक प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं, उन्हें झूठ पर आधारित एक कथा का निर्माण करने से बचना चाहिए।

### विधानसभा में...

पूर्व टीडीपी महासचिव बोंडा उमामहेश्वर राव, पूर्व टीडीपी सचेतक डी नरेंद्र कुमार और वित्त मंत्री पय्यावुला केशव शामिल थे।रिकॉर्ड्स पर नजर डालें तो इस बार फिर से चुने गए विधायकों में चिंतामनी प्रभाकर के खिलाफ सबसे ज्यादा मामले दर्ज हैं। पांच नेताओं के खिलाफ कम से कम 20 मामले दर्ज हैं, चंद्रबाबू नायडू और उनके बेटे पर 17-17 मामले दर्ज हैं। 2014 से 2019 के बीच जिन पूर्व मंत्रियों और टीडीपी विधायकों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए थे, उनमें से अधिकांश का नाम अमरावती राजधानी क्षेत्र में भूमि को लेकर कथित अंदरूनी व्यापार या कुछ जमींदारों को लाभ पहुंचाने के लिए अमरावती राजधानी की सीमाओं के पुनर्निर्माण के लिए दर्ज किया गया था।नवंबर 2022 में पवन कल्याण पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया था, जब वह अपनी तेज रफ्तार एसयूवी के ऊपर चढ़ गए थे, क्योंकि उन्हें इप्पतम गांव में एक विरोध स्थल पर पहुंचने से रोकने का प्रयास किया गया था। 2022 में पी नारायण को जेल में जाना पड़ा, जब सरकार ने आरोप लगाया कि उनके एक संस्थान के शिक्षक ने प्रश्नपत्र लीक किया था। उन्हें कुछ ही घंटों में जमानत मिल गई।2020 में के अच्चन्नायडू को कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पतालों और औषधालयों में दवाओं और अन्य सामग्री की खरीद में कथित घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। इसके जरिए सीएम नायडू ने आरोप लगाया कि कैसे जगन की सरकार के दौरान उन्हें और उनकी पार्टी को निशाना बनाया गया था।

### हवाई सुरक्षा ...

आकाश मिसाइल सिस्टम भी मिला है। साथ ही इज़राइल का जमीन से हवा में मार करने वाला स्पाइडर क्विक रिएक्शन सिस्टम भी भारत की हवाई सीमाओं को चाक चौबंद बनाएगा।एस-400, जिसे पहले एस-300 पीएमयू-3 के नाम से जाना जाता था, एक मोबाइल सिस्टम के जरिए सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। इसे 1990 के दशक में रूस के एनपीओ अल्माज द्वारा एस-300 मिसाइलों के अपग्रेड के रूप में विकसित किया गया था। एस-400 को 28 अप्रैल 2007 को सेवा के लिए मंजूरी दी गई थी और सिस्टम की पहली बटालियन ने 6 अगस्त 2007 को तैनात की गई थी। एस-400 की ऑपरेशनल रेंज 400 किमी तक है, जिसमें अलग, अगल रेंज की कई मिसाइलें शामिल हैं। इन मिसाइलों का इस्तेमाल जरूरत के हिसाब से किया जा सकता है।

### कुपवाड़ा में एक...

समुद्र तल से 6,500 फीट से ज्यादा की ऊंचाई पर स्थित इस सेक्टर में घने जंगल आतंकियों के लिए बहुत फायदेमंद साबित होते हैं। वे आसानी से इसमें छिप जाते हैं। इसके अलावा यहां का मौसम और इलाके की बनावट भी आतंकियों के पक्ष में जाती है। यहां कुपवाड़ा शहर से महज 50-80 किमी की दूरी पर भारत और पाकिस्तान के बंकर्स एक-दूसरे के काफी करीब हैं।आतंकी कुपवाड़ा और लोलाब घाटी पहुंचने के लिए घुसपैठ के कई रास्तों का इस्तेमाल करते हैं। भारतीय सेना की ओर से की गई पहली सर्जिकल स्ट्राइक के बाद सीजफायर उल्लंघन के मामले में काफी बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2020 में 8 नवम्बर को सेना के कैप्टन समेत चार जवान इसी सेक्टर में शहीद हुए थे। उसके बाद भी इसी सेक्टर में घुसपैठ के कई प्रयास हो चुके हैं। अधिकारी मानते हैं कि एलओसी पर स्थित मच्छेल हमेशा से सेना के लिए सिरदर्द वाला इलाका रहा है। मच्छेल कुपवाड़ा में स्थित है और लोलाब घाटी के करीब है।वर्ष 2019 में सेना के जवान मनदीप सिंह के शव के साथ मच्छेल में ही पाकिस्तान से आए आतंकियों ने बर्बर व्यवहार किया था। मच्छेल से ही सबसे अधिक आतंकी दाखिल होने की कोशिशों में लगे रहते हैं। नेशनल काउंटर टेररिज्म अथॉरिटी की ओर से जानकारी दी गई है कि पिछले 3 सालों के अरसे में अकेले मच्छेल में आतंकियों ने 100 बार से अधिक घुसपैठ की कोशिशें की हैं। मच्छेल काफी मुश्किल इलाका है क्योंकि यहां पर घना जंगल है और मौसम हमेशा खराब रहता है।

मच्छेल 6,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। पाक से आने वाले आतंकी इसी रास्ते का प्रयोग जम्मू कश्मीर में पहुंचने के लिए करते हैं। घना जंगल अक्सर सेना और सुरक्षाबलों के लिए मुश्किलें पैदा करता है। पाक के आतंकी जब कुपवाड़ा के मच्छेल में आते हैं तो इस घने जंगल को अपने छिपने के लिए प्रयोग करते हैं। कुपवाड़ा के मच्छेल से एलओसी सिर्फ 50 से 80 किमी की दूरी पर ही है। सुरक्षा एजेंसियों ने हंडवाड़ा में घुसपैठ के कई ठिकानों का पता लगाया था। काउबोल गली, सरदारी, सोनार, केल, राट्टा पानी, शार्दी, तेजियान, दुधीनियाल, काटवाड़ा, जूरा और लिपा घाटी के तौर पर इनकी पहचान की गई थी। ये आतंकियों के लिए सबसे सक्रिय रास्ते हैं और वे इनका प्रयोग कुपवाड़ा, बांडीपोरा और बारामुल्ला जिले में दाखिल होने के लिए करते हैं। आतंकी शार्दी, राट्टा पानी, केल, तेजियान और दुधीनियाल के रास्ते से एलओसी पार करते हैं और फिर मच्छेल में दाखिल होते हैं।दिसम्बर 2018 में मच्छेल में ही 41 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग आफिसर कर्नल संतोष महादिक आतंकियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। आतंकी हाइहामा और कलारुस के घने जंगलों में छिपे थे और उनकी तलाश शुरू की गई। इस स्पेशल आप्रेशन में 700 सैनिक और स्पेशल फोर्सेज के पैराट्रूपर्स की मदद तक ली गई थी। कई विदेशी आतंकी कुपवाड़ा में मौजूद हैं और वह मच्छेल के जरिए घाटी में दाखिल होने की कोशिशें करते हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कई ऐसे स्थान हैं जहां आतंकी या पाकिस्तानी सैनिक हाजी नाका से मच्छेल तक आसानी से भारतीय सैनिकों की नजर बचाकर घुस जाते हैं। अगस्त 2019 में भी बीएसएफ के तीन जवान इस इलाके में शहीद हो गए थे। भारत के आखिरी गांव से महज 6 किलोमीटर की दूरी पर एलओसी है और दूसरी तरफ केल है, जिसके बारे में अधिकारियों का कहना है कि वह आतंकियों का सबसे बड़ा लान्चपैड है।वर्ष 2010 में मच्छेल उस समय चर्चा में आया था, जब एक मुठभेड़ में सेना ने तीन ग्रामीणों को मार दिया था। इसके बाद कश्मीर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे और सेना ने मुठभेड़ की जांच का आदेश दिया था। जांच में मुठभेड़ फर्जी निकली थी और एक पूर्व कमांडिंग आफिसर समेत छह जवानों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

### डोडा हमले के...

और उनके सिर पर पांच लाख रुपए के नकद इनाम की घोषणा की गई है। डोडा में जून से कई आतंकवादी घटनाएं हुई हैं। डोडा पुलिस ने इन आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। जम्मू कश्मीर जिला पुलिस डोडा ने हाल ही में हुए आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों के स्केच जारी किए। पुलिस ने किसी भी आतंकवादी की जानकारी बताने वाले को पांच लाख रुपए के इनाम की घोषणा की है। डोडा पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि ये तीनों आतंकी ऊपरी इलाकों खासकर जंगल में घूम रहे हैं। बीती 16 जुलाई को आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान गोलीबारी में एक कैप्टन और तीन जवान शहीद हो गए थे। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इन तीनों आतंकवादियों पर पांच लाख रुपए का नकद इनाम घोषित किया है। आम जनता से उनके बारे में जानकारी देने की अपील की गई है। साथ ही आश्वासन दिया कि सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रहेगी।

### भारत में 1.40..

जो सरलीकरण और हैंड होल्डिंग, फंडिंग सपोर्ट और इंसेंटिव और इंडस्ट्री-एकेडमिया पार्टनरशिप एंड इनक्यूबेशन जैसे क्षेत्रों में फैली हुई हैं। कार्य योजना ने देश में एक जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए परिकल्पित सरकारी सहायता, योजनाओं और प्रोत्साहनों की नींव रखी। एक अन्य योजना में स्टार्टअप इंडिया: आगे का रास्ता में स्टार्टअप के लिए व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने, विभिन्न सुधारों को निष्पादित करने में प्रौद्योगिकी की बड़ी भूमिका, हितधारकों की क्षमता निर्माण और डिजिटल आत्मनिर्भर भारत को सक्षम करने के लिए कार्रवाई योग्य योजनाएं शामिल हैं। सरकार ने स्टार्टअप्स की फंडिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए 10,000 करोड़ रुपए के कोष के साथ फंड ऑफ फंड्स फॉर स्टार्टअप (एफएफएस) की भी स्थापना की है।डीपीआईआईटी निगरानी एजेंसी है और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) एफएफएस के लिए परिचालन एजेंसी है। योजना की प्रगति और धन की उपलब्धता के आधार पर 14वें और 15वें वित्त आयोग के चक्रों में कुल 10,000 करोड़ रुपए प्रदान करने की परिकल्पना की गई है। मंत्री ने कहा कि सरकार ने न केवल शुरुआती चरण, बीज चरण और विकास के चरण में स्टार्टअप के लिए पूंजी उपलब्ध कराई है, बल्कि घरेलू पूंजी जुटाने, विदेशी पूंजी पर निर्भरता कम करने और घरेलू और नए उद्यम पूंजी कोष को प्रोत्साहित करने के मामले में उत्प्रेरक की भूमिका भी निभाई है।

### लाओस ने जारी...

रामायण के लाओ संस्करण को रामकियेन या फ्रा लाक फ्रा राम की कहानी कहा जाता है। यह भारत की तरह लाओस में भी पूज्यनीय है, और शुभ अवसरों पर इसका प्रदर्शन किया जाता है। इसलिए स्टाम्प सेट का शीर्षक लाओ पीडीआर और भारत की साझा सांस्कृतिक विरासत का महोत्सव दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक टिकट सेट की एक अनूठी विशेषता यह है कि भगवान श्री राम पर लाओ पीडीआर द्वारा बनाया गया डाक टिकट दुनिया का पहला टिकट है जिसमें अयोध्या के श्री रामलला को दर्शाया गया है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 28 जुलाई, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

### नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होने पर प्रल्हाद जोशी ने की सीएम रेवंत की आलोचना

# मुख्यमंत्री को कोई समस्या है तो उन्हें बैठक में भाग लेना चाहिए था

**हैदराबाद, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होने पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की कड़ी आलोचना की।

राज्य भाजपा नेताओं के साथ मुद्दों पर चर्चा करने के लिए शहर में आए श्री जोशी ने शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में मीडिया से कहा कि अगर मुख्यमंत्री को कोई समस्या है तो उन्हें बैठक में भाग लेना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक सराहनीय बजट पेश करने के लिए मोदी



सरकार की सराहना की और गरीबों को लाभ पहुंचाने वाली कई योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बजट में गरीबों के कल्याण को प्राथमिकता दी गई है, जिसमें किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और गरीब कल्याण योजना के प्रावधान शामिल हैं, जिसके बारे में उनका दावा है कि यह दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य सुरक्षा योजना है।

श्री जोशी ने कहा कि बजट में विनिर्माण, कृषि और युवाओं के रोजगार को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना लागू नहीं करने के लिए पिछली बीआरएस सरकार की आलोचना की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने इस साल रेलवे बजट में तेलंगाना को पांच हजार करोड़ रुपए से अधिक आवंटित करते हुए सभी राज्यों में बुनियादी ढांचे के निर्माण को प्राथमिकता दी है।

# जैन हाई स्कूल में मनाया गया बोनालू उत्सव



**हैदराबाद, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जैन हाई स्कूल मुल्तानीपुरा, बेगम बाजार में शनिवार को बोनालू पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बच्चे और टीचर्स ने बढ़चढ़ के झाकियां प्रस्तुति की। यह देखकर अतिथिगण भी बहुत प्रफुल्लित हुए। कार्यक्रम में प्रिं-सीपल राजेश जैन, वाइस प्रिंसिपल संजय जैन, अतिथी राजेश तोषनीवाल, चंदू जैन, अध्यापक सपना, मनीता, नीता तोषनीवाल, दीपिका, विनीता, आयुष जैन, कंचन टेकर, सुधा एवं अन्य उपस्थित रहे।







सोमाजीगुणा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान स्वेता गुप्ता ने दक्षिणांचल अध्यक्षा सपना गुप्ता का सम्मान किया। इस अवसर पर स्मिता, रिंकल, अंकिता, जौली, रूची, सुनीता, खुशबू, पुष्पा, कविता एवं अन्य उपस्थित रहे।

# लोहिया समता न्यास, पित्ती ट्रस्ट- अग्रवाल सेवा दल ने सरकारी स्कूल को प्रदान की सहायता सामग्री

**हैदराबाद, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राममनोहर लोहिया समता न्यास, बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट तथा अग्रवाल सेवा के प्रतिनिधि मंडल ने सुल्तान बाजार स्थित गवर्नमेंट स्कूल को वहां पढ़ने वाली विद्यार्थियों की सुविधा हेतु लगभग एक लाख रुपए की सामग्री प्रदान की।

सेवा दल के प्रचार संयोजक अजित गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार लोहिया समता न्यास, पित्ती ट्रस्ट तथा सेवा दल द्वारा अनाथालयों, वृद्धाश्रमों तथा सरकारी विद्यालयों के लिए चलाई जा रही सेवा योजनाओं के अंतर्गत सेवा दल के संयोजकों कैलाश केडिया, दीपक गुप्ता, उर्मिला अग्रवाल तथा रत्नम राजू द्वारा




सुल्तान बाजार स्थित गवर्नमेंट स्कूल को वहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सुविधा हेतु एक लाख रुपए मूल्य के कंप्यूटर प्रिंटर, अलमारी, कुर्सियां, सीलिंग फैन, सीढ़ी, ट्यूब लाइट आदि प्रदान किए गए। इस अवसर पर सुल्तान बाजार स्थित गवर्नमेंट स्कूल की प्रधानाचार्य सत्यवती, अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। लोहिया समता न्यास, पित्ती ट्रस्ट के चेयरमेन तथा सेवा दल के परामर्शदाता शरद ब पित्ती ने बताया कि पित्ती ट्रस्ट तथा सेवा दल द्वारा नियमित रूप से अनाथालयों, वृद्धाश्रमों तथा सरकारी विद्यालयों का दौरा कर उनकी जरूरतों का पता लगाने के बाद उन्हें उनकी आवश्यकता अनुसार पंखे, ट्यूब लाइट, वाटर कूलर, अलमारी, कंप्यूटर, प्रिंटर, फर्नीचर आदि प्रदान किए जाते हैं । आवश्यकता पड़ने पर जरूरत अनुसार सोलर पैनल भी लगा कर दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि नगर स्थित अनाथालय, वृद्धाश्रम तथा सरकारी विद्यालय इस सेवा योजना का लाभ उठा सकते हैं।

# तप से आत्म ज्योति जगती है : साध्वीरत्न देवेंद्रप्रभाजी

**हैदराबाद, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कलिकाल सर्वज्ञ पूज्य जेष्ठमलजी म.सा की अनुकम्पा से राजस्थान केसरी उपाध्याय पूज्य पुष्करमुनिजी म.सा, श्रमण संघीय आचार्य पूज्य डॉ. शिवमुनिजी म.सा, महाश्रमण पूज्य जितेंद्रमुनिजी म.सा की आज्ञा-ानुवर्तिनी जिनशासन चंद्रिका पूज्य गुरुणीमैया शीलकुंवरजी म.सा, जिनशाशन गौरव तत्व चिन्तामणि गुरुणीमैया चन्दनबालाजी म.सा की सुशिष्या धवल यशस्वी चरित्र चिन्तामणि साध्वीरत्ना देवेंद्रप्रभाजी म.सा, साध्वी श्री धर्मज्योतिजी म.सा, नवदीक्षित साध्वी प्रियांशश्रीजी म.सा आदि ठाणा 3 का शासनोत्कर्ष वर्षावास 2024 के अंतर्गत जैन श्री संघ मलकपेट के तत्वावधान में बम्ब सिंघी भवन में सुख साता पूर्वक विराज रहे है।

संघ के उपाध्यक्ष प्रेमचन्द कोठारी द्वारा ने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पुष्कर-शील-चन्दन दरबार में चातुर्मास हेतु विराजित पूज्य साध्वी प्रियांशश्रीजी म.सा ने अपनी



अमृतमय जिनवाणी से तपस्वी स्मिताजी कटारिया के तप अनुमोदार्थ स्तवन प्रस्तुत किया। पूज्य महासती धर्मज्योतिजी म.सा ने बताया की आगम शब्द में तीन अक्षर है और उनका मतलब है आ अथार्त अर्थपुरुष तीर्थंकर के मुख से निकली जिनवाणी सिर्फ गणधर ही ग्रहण कर सकते है और उनकी वाणी को मुनियों द्वारा प्रस्तुत की जाती है।

अगम में अक्षर थोड़े होते है। मंत्र में भी अक्षर थोड़े होते है किंतु उनमे गहन अर्थ समाया होता है। छोटे से बीज में वृक्ष बनने को क्षमता होती है। पूर्व में स्याही से लेखन का कार्य किया जाता था। दशवैकालिक की एक एक गाथा में बत्तीस बत्तीस अक्षर होते है। सुखव्यापिक सूत्र में दस अध्ययन है। जम्बूस्वामी ने विनयपूर्वक सुधर्मस्वमी के सामने जिज्ञासा पूछी। नमोथुनम में अरिहन्त-सिद्ध के गुणों की चर्चा की जाती है और बायां घुटना ऊँचा रखकर विनयपूर्वक वंदना की जाती है। प्रतिकमान में वीरता की मुद्रा में बहरा अणुव्रत के पाठ को धारण करते हुए जीमणा घुटना ऊँचा रहता है।

सुधर्मस्वमी जम्बूस्वामी को आयुष्मान शब्द से संबोधित करते है। विनय हमारे धर्म का मूल आधार है और आज विनय की कमी दिखाई दे रही है। हनुमानजी की अपनी माता के प्रति असीम भक्ति थी। माता संतान के लिए कठिन परिश्रम करती है। संतान की शुभचित भाव से परवरिश करती है किंतु वही संतान आगे चलकर माता पिता कि सेवा करने में असमर्थ होते है। आज स्वार्थ का बोलबाला है। राम और लक्ष्मण के स्वभाव में अंतर था। लक्ष्मण पर भाई का अंकुश था। जिस घर मे मां के आंसू हो अथार्त उस घर की पुन्यवानी में कमी है।


जैन दर्शन वीरो का है। संघ-साधु छोटा नही होता है। ऐसा सोचने वाले में खोट होता है। तप ज्योति है और तप से आत्मा ज्योति जगती है।

साध्वीरत्न श्री देवेंद्रप्रभाजी म.सा ने अपने उद्बोधन में बताया कि मानव जीवन मे तीन बातें ज़रूरी है। वो है सदगति, सम्मती और सम्पति। मानव ही कर्मो की निजरां करने के लिए तपस्या करता है। मानव के पास पैसा सम्पति नही तो वो कोड़ी के मूल्य का है और उसी प्रकार साधु के पास पैसा सम्पति है तो वो भी कोड़ी के मूल्य का है। सम्पति का सदुपयोग ही सर्तक होता है। पुराने जमाने मे गुणों को, काम को देखा जाता था पर आज वातावरण में परिवर्तन हो रहा है। सन्माति बिगड़े कार्य को सुधार सुधार सकती है।

धर्म सभा का संचालन करते हुए चातुर्मास प्रधान संयोजक पारस डोसी ने पुष्कर-शील-चन्दन दरबार मे पधारे सभी का स्वागत किया। आगे बताया कि जैन श्री संघ मलकपेट की अनन्य पुन्यवानी से और गुरु भगवंतों की असीम कृपा से आज संघ के तत्वावधान में एवं गुरुणीजी के सानिध्य में त्रयनगर की सबसे पहली बड़ी तपस्या की पचखावनी सम्पन हुई। आज की धर्मसभा में त्रयनगर के विभिन्न क्षेत्रों से एवं बाहर गांव बागलकोट, रायचूर, सिंधनूर, बेल्लारी, कोप्पल, चेन्नई व अन्य शहरों से करीब 400 श्रावक-श्राविकये उपस्थित होकर संघ की शोभा बढ़ाई।



विवेक वर्धिनी महाविद्यालय और केन्द्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के विद्यार्थी । इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. विद्याधर, एनएसएस अधिकारी डॉ. जगदेवी मूले, प्राध्यापक संदीप, जयंती देशपांडे, शिरीषा, वर्षा आदि उपस्थित रहे।



अमरनाथ-वैष्णोदेवी धाम की धार्मिक यात्रा कर वापस लौटने पर सिकन्दराबाद रेलवे स्टेशन पर भींयाराम-धापुदेवी चान्दोरा, गोपालराम-इन्द्रादेवी मेरोता, सन्तोषकुमार-संतोषदेवी सुथार, तिरुपति वालों का सम्मान करते हुए आप और हम के अध्यक्ष धर्मीचन्द कुमावत-लीला कुमावत, कुलदीप कुमावत, जयप्रकाश चान्दोरा, रामकिशोर भड़लीवाल एवं अन्य।




बोनालू त्यौहार के अवसर पर सोमवार को अकन्ना मादन्ना मंदिर से आयोजित होने वाले जुलूस के संबंध में साउथ जोन की डीसीपी स्नेहा मेहरा की अध्यक्षा में याकुतपुरा स्थित संजुरी फंक्शन हॉल में सेंट्रल पीस कमेटी साउथ जोन के साथ बैठक सम्पन्न हुई। जिसे डीसीपी स्नेहा मेहरा ने संबोधित किया। बैठक में साउथ जोन के अध्यक्ष मो. मोइज, महासचिव डॉ. जमजम, ऑल जोन महासचिव श्रीकिशन शर्मा एवं अन्य ने भाग लिया।



श्री अक्कन्ना मदन्ना महानकाली मंदिर लक्षा कुमकुम में 76वें वार्षिक बोनालू उत्सव के अवसर पर मंदिर समिति के सलाहकार रामदेव अग्रवाल और सदस्यों द्वारा पूजा-अर्चना की गई।

# श्री दरबार मैसम्मा कारवान की बोनालू महोत्सव पर निकली झूले की भव्य यात्रा

**हैदराबाद, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री दरबार मैसम्मा मंदिर समिति व श्री महाकाली मैसम्मा देवालय ट्रस्ट बोर्ड बोनालू उत्सव समिति के चेयरमैन टी. अमर सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को माता की पूजा-अर्चना के साथ झूले की भव्य यात्रा सायं 5 बजे पुरानापुल दरवाज़ा शिवाजी द्वार से आरंभ होकर टप्पा चबूतरा से होते हुए यात्री 9 बजे मंदिर प्रांगण में झूले की यात्रा पहुँची और झूले की स्थापना की गयी। भक्तजनों ने माता की पूजा अर्चना व दर्शन कर पानी के छाँके डालकर माता जी के कृपा पात्र बने। श्री दरबार मैसम्मा मंदिर प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन शानदार तरीक़े से आरंभ हो चुका है।

शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उक्ताशय की जानकारी देते हुए टी. गोविंद सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी श्री दरबार मैसम्मा मंदिर



कारवान सामूहिक बोनालू महोत्सव हर्षोल्लास के वातावरण में भक्ति-भावना और श्रद्धापूर्वक भव्यकता के साथ मनाया जा रहा है। बोनालू तेलंगाना का प्रमुख त्यौहार है जो सावन के महीने में मनाया जाता है। इस महीने में माताओं की उपासना की जाती है। तेलंगाना राज्य सरकार की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन रखा गया है। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अनेक नाट्य और संगीत के कार्यक्रमों का प्रदर्शन भी संपन्न होगा। झूले की भव्य यात्रा कार्यक्रम में कारवान क्षेत्र और शहर के गणमान्य राजनीतिक नेता, सामाजिक नेता और धार्मिक एवं सांस्कृतिक भक्तों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर झूले की भव्य यात्रा को सफल बनाया। इस अवसर पर टी. अमर सिंह, एडवोकेट एम. विद्यासागर, पार्षद कृष्णा मित्रा, पूर्व पार्षद बंगारी प्रकाश, टी. योगराज सिंह, पाशम राजेंदर यादव, टी. गोविंद सिंह, एच. मुन्ना सिंह, टी. परमेश्वर सिंह, शंकर, सी. ज्ञानेश्वर, अनूप भुगिड़ि, पूर्व पार्षद के. कृष्णा राव, जी. सुनील यादव, शेखर पहलवान, टी. परमेश्वर, ज्ञानी पहलवान, वाई रवि, भंडारी मुकेश, बी शिवराज, रघु, नरसिंग, स्वरुप जायसवाल, लखन सिंह, पुजारी भिक्षापति आदि सम्मिलित थे। श्री दरबार मैसम्मा मंदिर समिति के समसत पदाधिकारियों ने सभी भक्तजनों से अनुरोध किया है कि रविवार और सोमवार के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने और माता जी का आशीर्वाद प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

# लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 320ए का कैबिनेट स्थापना प्रोग्राम सम्पन्न




**हैदराबाद, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 320ए कैबिनेट की स्थापना प्रोग्राम 26 जुलाई को शाम 4 बजे शमशाबाद के एस्सार क्लैस्टिक कन्वेंशन सेंटर में सम्पन्न हुई। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डी. कोटेश्वर राव की देखरेख में इसकी शुरुआत बहुत शानदार ढंग से हुई। इस कार्यक्रम में ब्राजील से अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष लायन फैब्रिसियो अलीवेरा ने प्रथम महिला अमेरीलिस के साथ भाग लिया। साथ ही इस कार्यक्रम में लायन डॉ. जी बाबूराव इंटरनेशनल डायरेक्टर, लायन आर. सुनील कुमार, अंतर्राष्ट्रीय निदेशक, लायन डॉ. डी. कोटेश्वर राव, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, पीडीजी क्रमशः लायंस दीपक भट्टाचार्य, नरेंद्र रेड्डी, राजिरेड्डी, हरिनारायण बट्टड, प्रेमकुमार, जुलुरी रघु, चेन्ना किशन रेड्डी, राधाकृष्णलु और लायंस रामचंद्र राव, यादया गौड़, सत्यनारायण राव, चेन्ना रेड्डी, वाइस गवर्नर लायन महा येंदर रेड्डी एवं लायन सुरेश जगनानी ने भाग लिया। लायंस डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट इंस्टालेशन प्रोग्राम से पहले ब्राजील और भारत के राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण किया गया। फिर सिंहवाद प्रतिज्ञा (प्रतिज्ञा), फिर ध्वज प्रमाणीकरण और ज्योति प्रज्ज्वलन मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथों से किया गया। इसे सदस्यों के भाषणों, सेवा कार्यक्रमों और महत्वपूर्ण उपहारों के साथ भव्य तरीके से आयोजित किया गया। बाद में मुख्य अतिथि द्वारा नवगठित क्लबों का उद्घाटन किया गया।

बाद में मुख्य अतिथि द्वारा नये लायन सदस्यों को शपथ दिलायी गयी। बाद में मुख्य अतिथियों के साथ-साथ 50 लायंस क्लबों की ओर से अनाथालयों एवं वृद्धाश्रमों के प्रतिनिधियों को सभी आवश्यक वस्तुएं निःशुल्क वितरित की गईं। बैठक वोट ऑफ़ थैंक्स के साथ सफलतापूर्वक समाप्त हुई।

# हिन्दी महाविद्यालय में करगिल विजय दिवस आयोजित



**हैदराबाद, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिन्दी महाविद्यालय में शुक्रवार 26 जुलाई को अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद हैदराबाद के तत्वावधान में करगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

हिन्दी महाविद्यालय में 25वां करगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों सहित 23 लोगों ने रक्तदान किया। उक्त अवसर पर खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र बी. सचिन (अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर हैंडबॉल में स्वर्ण पदक) और बी.कॉम द्वितीय वर्ष के छात्र एस. शिवा कुमार (एनसीसी में शूटिंग प्रतियोगिता पदक) को महाविद्यालय समिति द्वारा 5 हजार रुपए की राशि देकर पुरस्कृत किया गया। एनसीसी के कैडेट को प्रमाणपत्र दिया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य के अभिभाषण के बाद अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देकर किया गया।

संस्था के मानद मंत्री शील कुमार जैन ने कहा कि अधिकांश विद्यार्थी करगिल युद्ध के समय पैदा नहीं हुए होंगे ऐसे में इन विद्यार्थियों को अमर शहीद सैनिकों के बलिदानों से शिक्षा लेनी चाहिए। इस युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि समर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि निःस्वार्थ भावना से देश के लिए वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों से आज की युवा पीढ़ी को शिक्षा लेने की आवश्यकता है। कोषाध्यक्ष ने शहीदों को श्रद्धांजलि समर्पित की और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनिवास शर्मा, उपाध्यक्ष श्यामसुंदर मूंदड़ा, मानद मंत्री शील कुमार जैन, कोषाध्यक्ष एस.बी. काबरा, प्राचार्या के. बाला, उप-प्राचार्या अश्विनी सनपूरकर, एनसीसी लेफ्टिनेंट आकाश थापा, सभी प्राध्यापकगण तथा छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत तथा राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# गीत चांदनी की मूल्यांकन कवि गोष्ठी आज

**हैदराबाद, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नगरद्वय के कवियों की संस्था गीत चांदनी द्वारा संचालित सीता युद्धवीर पुस्तकालय और शोध संस्थान हैदराबाद की प्रतिमास अंतिम रविवार को आयोजित होने वाली मूल्यांकन कवि गोष्ठी क्रम-321 का आयोजन रविवार को दोपहर एक बजे से मोज़मजाही मार्केट स्थित आरोग्य अस्पताल, कैलाश डायग्नास्टिक सेंटर के सेल्लार सभागृह, हैदराबाद में संपन्न होगा। आरोग्य अस्पताल के संचालक व हिंदी सेवी डॉ. मोहन गुप्ता, मिलिंद प्रकाशन के संचालक व हिंदी सेवी श्रुतिकांत भारती और गीत चांदनी के अध्यक्ष व गीतकार चंपालाल बैद बतौर विशेष अतिथि मंच पर उपस्थित रहेंगे। गीत चाँदनी के कार्यदर्शी, गोलकोण्डा दर्पण के संपादक व कवि गोविंद अक्षय कार्यक्रम का संचालन करेंगे और संस्था की गतिविधियों से अवगत करायेंगे।शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उक्ताशय की जानकारी देते हुए गीत चांदनी के कार्यदर्शी व संचालक गोविंद अक्षय ने बताया कि इस मूल्यांकन कवि गोष्ठी में रायपुर (छत्तीसगढ़) से महेश कुमार शर्मा के संपादन में प्रकाशित होने वाली मासिक साहित्यिक पत्रिका कविता कुंज के अंक : 8 जुलाई, 2024 में प्रकाशित सामग्री पर हैदराबाद के विद्वान साहित्यकार चर्चा करेंगे। पत्रिका के मार्गदर्शक मंडल में पत्रिका के राष्ट्रीय अध्यक्ष, नई दिल्ली जगदीश मित्तल, चतुर्भुज अग्रवाल, पवन टांटिया (संरक्षक, छत्तीसगढ़ प्रांत), योगेश अग्रवाल (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रांत), सह-संपादक शरद साहू, लोकनाथ साहू ललकार, प्रबंध संपादक में डॉ. सीमा श्रीवास्तव के नाम सम्मिलित हैं। यह पत्रिका राष्ट्रीय कवि संगम संस्था के तत्वावधान में प्रकाशित होती है। कविगण कवि गोष्ठी में देश की समसामयिक समस्याओं और जीवन के विभिन्न विषयों पर अपने गीत, ग़ज़ल और हास्य-व्यंग्य की कविताओं का पाठ करेंगे। कार्यक्रम की संयोजिका व कवयित्री रत्नकला मिश्र ने और गीत चांदनी के पदाधिकारियों ने सभी कवियों और हिंदी प्रेमी श्रोताओं से कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को गौरवान्वित करने का अनुरोध किया है।

# महिलाओं को गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर के बारे में जागरूक करेगा परिवार नियोजन संघ

**हैदराबाद, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

परिवार नियोजन संघ की अध्यक्ष डॉ. प्रभावती ने शनिवार को कहा कि परिवार नियोजन संघ के माध्यम से पूरे भारत में एक लाख युवतियों को गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर के बारे में जागरूक किया जाएगा।

शनिवार को सोमाजीगुडा स्थित अपने कार्यालय में संस्था के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन संस्था का गठन 1949 में हुआ था तथा यह संस्था 1951 से हैदराबाद में अपनी सेवाएं दे रही है। शुरू में हमने परिवार नियोजन पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए,




आज हम गर्भनिरोधक, गर्भपात के आसान तरीके, बच्चों की परवरिश, पोषण, यौन स्वास्थ्य, एचआईवी, सिफलिस तथा अन्य संक्रामक रोगों पर जागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अनावश्यक गर्भधारण को रोकने के लिए सुरक्षित तथा असुरक्षित तरीकों का उपयोग कर रहे हैं तथा उन्हें सुरक्षित गर्भपात के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत में सर्वाइकल कैंसर के बारे में उचित जागरूकता के अभाव में हर पांच मिनट में एक महिला की मृत्यु होती है। विशेषकर महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के खतरे के बारे में हम व्यापक जागरूकता पैदा कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि 9-15 वर्ष की आयु की लड़कियों को छह वर्ष की अवधि में दो खुराक दी जानी चाहिए तथा कहा कि निर्धारित खुराक विवाह के बाद भी दी जा सकती है, साथ ही नियमित जांच तथा पैप स्मीयर परीक्षण भी करवाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जी9 वैक्सीन से कोलन तथा गुदा कैंसर को रोका जा सकता है। इसके बाद परिवार नियोजन एसोसिएशन के कार्यक्रमों से संबंधित ब्रोशर का विमोचन एसोसिएशन की महाप्रबंधक डॉ. रेणु कपूर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जमुना देवी और सदस्य सुहास राव ने किया।

# तेलंगाना बजट आवंटन में बीसी के साथ किया गया घोर अन्याय : वेंकटेशम

**कागजनगर, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

शनिवार को कागजनगर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के राज्य कार्यक्रम समन्वयक गोलेम वेंकटेशम ने उन्होंने कहा कि तेलंगाना में पूर्व बीआरएस सरकार और वर्तमान में तेलंगाना में बनी कांग्रेस सरकार बीसी विरोधी है।जो राज्य में 52 प्रतिशत हैं। जब बीआरएस की सरकार थी उस समय भी बीसी को बजट आवंटन अनुचित



था।

वैसे ही कांग्रेस सरकार के गठन के बाद रेवंत रेड्डी सरकार ने बीसी घोषणा को लागू करने और बीसी के कल्याण के लिए धोखाधड़ी के वादे किए थे।

विधानसभा में वित्त मंत्री भट्टी विक्रमार्क द्वारा पेश किए गए बजट आवंटन से यह साबित होता है कि रेवंत रेड्डी की सरकार बीसी जाति के लोगों के विकास, बीसी जाति की आबादी में, बीसी जाति के व्यवसायों में, बीसी युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए समर्थन देने में ईमानदार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बजट आवंटन में जिस तरह से बीसी लोगों को नजरंदाज किया है वह निंदनीय है।

# हाई कोर्ट के जजों ने लिया नरसिम्हा स्वामी का आशीर्वाद

**यादगिरीगुट्टा, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** यादगिरिगुट्टा में जूनियर सिविल जज-सह-प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट के उद्घाटन के अवसर पर

तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति ई.वी. वेणुगोपाल, न्यायमूर्ति टी. विनोद कुमार, न्यायमूर्ति के. लक्ष्मण, न्यायमूर्ति के. सुजाना और कई अन्य को मंदिर के सामने वाले हॉल में वैदिक आशीर्वाद दिया गया। दर्शनम के बाद, मंदिर ईवो भास्कर राव, स्वामी वारी लड्डू प्रसादम ने नरसिम्हा चित्रपथ प्रस्तुत किया। मुख्य मंदिर के साथ-साथ, भगवान रामलिंगेश्वर स्वामी ने शिव मंदिर के पर्वत वर्धनी के साथ उनका दौरा किया। बाद में उन्होंने आसपास के इलाके में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाए गए साधन, मंदिर के पास लगाए गए विशाल एलईडी स्क्रीन, सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए लगाए गए मंडप आदि को देखकर संतोष व्यक्त किया।

# दमरे महाप्रबंधक अरुण कुमार ने गदवाल-महबूबनगर अनुभाग का किया निरीक्षण



**हैदराबाद, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने शनिवार को हैदराबाद मंडल के गदवाल-महबूबनगर खंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ हैदराबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक लोकेश विश्नोई और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे।

महाप्रबंधक ने गदवाल रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुख-सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण किया और एटीवीएम (ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन) विक्रेताओं से भी बातचीत की। महाप्रबंधक ने स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को इसी गति को जारी रखने की सलाह दी। उन्हें ट्रेड यूनियनों के सदस्यों और स्थानीय जनता से विभिन्न कार्यों के संबंध में अभ्यावेदन भी प्राप्त हुए।

बाद में महाप्रबंधक ने महबूबनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्टेशन मास्टर कार्यालय और सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने महबूबनगर में चल रहे स्टेशन विकास कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कार्यों की प्रगति की सराहना की और अधिकारियों को गति जारी रखने की सलाह दी ताकि कार्यों को निर्धारित समय के भीतर पूरा किया जा सके। इसके अलावा, अरुण कुमार जैन ने महबूबनगर में माल साइडिंग का निरीक्षण किया और माल लदान सुविधाओं की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने गुड्स साइडिंग पर मीडिया कर्मियों से भी बातचीत की।

# सत्संग के लिए चटाई और स्टैंड की दी सौगात



**बांसवाड़ा, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

कामारेड्डी इस्कॉन जिला प्रतिनिधि वेंकट दासू प्रभु ने शहर के हनुमान व्यामशाला में कामारेड्डी इस्कॉन द्वारा आयोजित इस्कॉन सत्संग के लिए गज्जेला नागू गुरुस्वामी को बैठने के लिए चटाई और रवि स्वामी को भगवद गीता पढ़ने के लिए स्टैंड देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में गुरुस्वामी पिन्नुरी मल्लिकार्जुन, ममिंडला नागराजू, कंडकातला सेलु, कैरानकोंडा गंगाधर, मयूरी होटल लक्ष्मण के साथ इस्कॉन के सदस्यों और अन्य लोगों ने भाग लिया।

# नीति आयोग की बैठक में पहली बार उठा जननांकीय प्रबंधन का मुद्दा

**नई दिल्ली, 27 जुलाई (एजेंसियां)।**

नीति आयोग की शनिवार की बैठक में देश की जनसंख्या के स्वरूप में बदलाव का मुद्दा चर्चा में आया, जिसमें जननांकीय प्रबंधन का विचार प्रस्तुत किया गया।

बैठक के बाद नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. सुमन बेरी, सचिव बी.वी. आर. सुब्रमण्यम और आयोग के अन्य सदस्यों ने संवाददाता सम्मेलन में चर्चा के मुख्य मुद्दों की जाननकारी दी। श्री सुब्रमण्यम ने कहा कि मेरी जानकारी में पहली जनसंख्या का मुद्दा नीति आयोग के इस मंच पर आया। उन्होंने यह नहीं बताया कि यह मुद्दा किस सदस्य ने उठाया, लेकिन कहा, यहां जनसंख्या नियंत्रण, बल्कि यहां जननांकीय प्रबंधन शब्द का प्रयोग किया गया। उन्होंने कहा कि उनकी राय में जननांकीय प्रबंधन से मतलब है कि आप अपनी बूढ़ी होती आबादी का सामना कैसे करते हैं। इसके दो पहलु हैं। पहला यह की बढ़ी होती आबादी के सामाजिक, आर्थिक पहलुओं और जरूरतों पर विचार किया जाए और इसका दूसरा पहलु है कि इसके सामाधन की योजना कैसे बनायी जाए। उन्होंने कहा कि आज भारत में केवल दो -तीन राज्य ऐसे हैं, जिनमें प्रजनन दर जनसंख्या भरपायी के लिए आवश्यक 2.1 प्रतिशत से अधिक है। यहां तक की राजस्थान, मध्य प्रदेश में भी प्रजनन दर भरपायी के लिए आवश्य दर से कम है। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में यह दर 1.6 प्रतिशत तक गिर गयी है और आने वाले समय में इन राज्यों में जनसंख्या घटने की स्थिति बन सकती है।

आयोग के अर्थशास्त्री डॉ. अरविंद बिरमानी ने कहा कि अगले 15 साल में भारत में जननांकीय स्वरूप में बदलाव तेज होगा। बैठक के बाद आयोग विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए पांच वर्षीय और 25 वर्षीय योजना तैयार करने पर काम कर रहा है। श्री सुब्रमण्यम ने कहा, पांच वर्ष की योजना ठोस और विस्तृत होगी, जिसमें लक्ष्यों का मापा जा सकेगा, 25 वर्ष की दूरगामी योजना एक दिशानिर्देश की तरह होगी। उन्होंने कहा कि पंच वर्षीय योजना पर सभी मंत्रालय और विभाग काम कर रहे हैं। डॉ. बेरी ने कहा, हमारी प्रत्यक्ष विदेशी नीति बहुत स्पष्ट है। राज्यों को अपनी रणनीति और प्रक्रियाओं को निवेशकों के अनुकूल बनाने की आवश्यता है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में राज्यों में किये जाने वाले कार्यों की प्रगति नापने का 100 के अंक का एक सूचकांक तैयार किया गया है। डॉ. बिरमानी ने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आर्षित करने के लिए राज्य स्तर पर निवेश की दशाएं महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, कहा जाता है कि निवेश कुछ राज्यों तक ही सीमित है, लेकिन हर राज्य को अपने यहां एफडीआई और एंकर निवेशक को आकर्षित करने के लिए बेहतर वातावरण बनाने का पूरा मौका है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने आज की बैठक में कहा कि भारत को विनिर्माण और सेवा क्षेत्र दोनों के तीव्र गति से विकास पर ध्यान देना है क्योंकि दोनों साथ-साथ चलते हैं। बैठक में कृषि, सेवा और विनिर्माण तीनों क्षेत्रों को पूरे महत्व के साथ आगे बढ़ाने पर चर्चा की गयी। श्री सुब्रमण्यम ने एक सवाल के जवाब में कहा कि की भारत एक बड़ा देश है और इसकी अर्थव्यवस्था का आधार विस्तृत है। भारत केवल एक क्षेत्र या उदेश्य तक सीमित नहीं रह सकता है।

नीति आयोग को खत्म कर पूराने योजना आयोग की तरफ लौटने की मांग को लेकर कुछ मुख्यमंत्रियों की मांग के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उपाध्यक्ष और सदस्यों ने कहा कि नीति आयोग एक वास्तविकता है, इसके अपने कार्य है। राज्यों के दृष्टि पत्र के निर्माण में नीति आयोग ने सहायता की है और बहुत से राज्य खुद अब नीति आयोग के तर्ज पर अपने यहां इसी तरह की सलाहकार संस्थाएं बना रहे हैं। डॉ. बेरी ने इसी मुद्दे पर कहा कि अतीत और वर्तमान में बड़ा फर्क है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग कोई धन वितरित करने वाला संस्थान नहीं, बल्कि यह नीति निर्माण के क्षेत्र में आंतरिक विचार-विमर्श और आंतरिक परामर्श का मंच है। यह सरकार के लिए परामर्श का आंतरिक पावर हाउस है। नीति आयोग के सदस्यों ने कहा कि जब योजना आयोग था, तो केंद्र सरकार के विभाजन योग्य संसाधनों में राज्यों की भागदारी 32 प्रतिशत की, जो नयी व्यवस्था 41 प्रतिशत हो गयी है। दोनों चीजें एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं।

# नीति आयोग की बैठक में माइक्रोफोन बंद किए जाने का ममता का दावा भ्रामक

**नई दिल्ली, 27 जुलाई (एजेंसियां)।**

नीति आयोग की राजधानी में शनिवार को हुई बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का माइक्राफोन को बंद किए जाने के दावे को केंद्र सरकार के अधिकारियों ने भ्रामक बताया है। उनका कहना है कि सुश्री बनर्जी को राज्य सरकार के अनुरोध पर उनके क्रम से पहले बोलने का मौका दिया गया और उनका समय पूरा होने की घंटी तक नहीं बजाई गई।



अधिकारियों का कहना है, वहां की घड़ी दर्शाती है कि उनका (सुश्री बनर्जी का) बोलने का समय पूरा हो गया था। समय पूरा होने की घंटी भी नहीं बजाई गई थी। सुश्री बनर्जी ने बैठक के संचालन के तरीके पर आपत्ति करते हुए कार्यवाही बीच में ही छोड़ निकल गयी थीं। बाहर संवाददाताओं से कहा कि उन्हें अपनी बात रखने का पूरा समय नहीं दिया गया। मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा, मैंने बैठक का बहिष्कार किया है। चंद्रबाबू नायडू को बोलने के लिए 20 मिनट दिए गए, असम, गोवा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने 10-12 मिनट तक बात की। मुझे सिर्फ़ पांच मिनट बाद बोलने पर ही रोक दिया गया। यह गलत है, विपक्ष की ओर से सिर्फ़ मैं यहां प्रतिनिधित्व कर रही हूं और इस बैठक में इसलिए भाग ले रही हूं क्योंकि सहकारी संघवाद को मज़बूत करने में मेरी अधिक रुचि है।

अधिकारियों ने कहा कि वर्णमाला के क्रम के अनुसार सुश्री बनर्जी के बोलने की बारी दोपहर के भोजन के बाद आनी थी। उन्हें पश्चिम बंगाल सरकार के औपचारिक अनुरोध पर पहले बोलने का अवसर दिया गया और वह बैठक में सातवीं वक्ता थीं। राज्य सरकार के अधिकारियों ने कहा था कि मुख्यमंत्री को दिल्ली से जल्दी वापस लौटना है। इस कारण उनके बोलने का समय समायोजित कर पहले किया गया था। इस विवाद के बाद प्रेस सूचना कार्यालय ने अपने एक्स सोशल मीडिया खाते के फैक्ट चेक एकाउंट पर इन तथ्यों को साझा भी किया है। जनता दल (यूनाइटेड) के महासचिव केसी त्यागी ने भी संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि नीति आयोग की बैठक में आज पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का माइक बंद नहीं किया गया था। श्री त्यागी ने बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अनुपस्थित में किसी तरह राजनीति देखने के प्रयास को अनावश्यक बताया।

## विपक्षी गठबंधन को खुश करने के लिये झूठ फैला रही हैं ममता: सीतारमण

**नई दिल्ली, 27 जुलाई (एजेंसियां)।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को यहां नीति आयोग की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का माइक्रोफोन बंद किये जाने के दावे को मिथ्या प्रचार बताया और कहा कि वह विपक्षी इंडिया गठबंधन को खुश करने के लिये ऐसा कर रही हैं। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि सुश्री बनर्जी ने बैठक में अपने पूरे समय का उपयोग किया और अपनी बात रखी। उन्होंने इस विषय पर कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश के सोशल मीडिया पर जारी बयान के जवाब में कहा, लेकिन अब जब वह बाहर बेबुनियाद बातें कह रही हैं, तो मैं केवल यही निष्कर्ष निकाल सकती हूं कि वह इंडिया गठबंधन को खुश रखने की कोशिश कर रही हैं।



वित्त मंत्री ने कहा, जयराम आप तो वहां (बैठक में) थे भी नहीं। हम सभी ने मुख्यमंत्री को सुना। उन्होंने अपने पूरे निर्धारित समय तक बोला। हमारी टेबल के सामने लगी स्क्रीन पर (वक्ताओं का) समय दिखता था। कुछ दूसरे मुख्यमंत्रियों ने अपने निर्धारित समय से ज़्यादा समय तक बात की। उनके अनुरोध पर, बिना किसी शोर-शराबे के उन्हें अतिरिक्त समय दिया गया। माइक बंद नहीं किये गये, किसी के लिये नहीं, खास तौर पर, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के लिये नहीं। श्रीमती सीतारमण ने कहा, ममता जी ने मिथ्या बातें फैलाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि वह (ममता) बैठक शामिल हुईं।

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, No-JC-769945F SUB Madan Lal Jat of unit MCEME, R/o Vill-Warishpura,PO-Derawala, Tehsil & Dist-Jhunjhunu, State-Rajasthan, PIN-333041, have changed my Daughter name from YOGITA to CHOUDHARY YOGITA date of birth from 19/09/1998 to 29/09/1998 add in my service documents Before IV Spl Metropolitan Megistrate Hyderabad dated 25/07/2024.

**CHANGE OF NAME**
I, SIMA SHARMA is legally wedded spouse of No JC-772219X SUB ANIL KUMAR SHARMA of unit MCEME R/o, Vill-Sasbera, PO-I E Gomia, District -Bokaro,PIN-829112 State-Jharkhand, have changed my name from SIMA SHARMA to SIMA KUMARI add in my husband service documents before IV Spl Metropolitan Magistrate Hyderabad dated 25/07/2024.

**CHANGE OF NAME**
I, K Raj Kumar, Son of JC 771122A, Sub, Kumara Swamy Keti of Unit/Regt: EME Records, R/o. . Village: Kamalapur, Post: Golabandha, Tehsil: Gopalpur, District: Ganjam, State: Odisha-761052, have changed my name K Raj Kumar to Keti Raj Kumar, DOB : 22-05-2006, vide affidavit signed by Advocate & Notary P. Raveendranath on 27-7-2024.

**CHANGE OF NAME**
I, Uma Maheswari, Legally wedded spouse of JC 771122A, Sub, Kumara Swamy Keti, of Unit/ Regt: EME Records, R/o. Village: Kamalapur, Post: Golabandha, Tehsil: Gopalpur, District: Ganjam, State: Odisha-761052, have changed my name from Uma Maheswari to Keti Uma Maheswari and DOB: 03-01-1985, vide affidavit signed by Advocate & Notary P. Raveendranath on 27-7-2024.

**CHANGE OF NAME**
I, S PUSPAM is legally Mother of No- 6497869H, Rank – L/NK/Chef(C), Name – KARTHI S, residing at H.No-5-5-4, Vill & PO –Vaddpatti, Teh- Vaddpatti, Dist- Madurai, State- Tamil Nadu - PIN-625218. I have changed my Name from - S PUSPAM to PUSHPAM SUBBURAJ for all purpose vide affidavit dated: 25/07/2024.

## टिहरी के तिनगढ़ गांव में फिर हुआ भूस्खलन

**देहरादून-** उत्तराखंड के कई इलाकों में भारी बारिश के चलते जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गईं। शनिवार को टिहरी के तिनगढ़ गांव में एक बार फिर भूस्खलन हुआ।

## अनंतनाग में सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत

**श्रीनगर, 27 जुलाई (ब्यूरो/एजेंसियां)।**

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को एक वाहन के खाई में गिर जाने से पांच बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हादसा डकसुम किश्तवाड़ रोड पर अरशान के पास हुआ।

अधिकारियों ने कहा कि वाहन किश्तवाड़ से डकसुम की ओर जा रहा था, तभी चालक ने नियंत्रण खो दिया और खाई में लुढ़क गया, जिससे दो परिवारों के आठ लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना के तुरंत बाद, वरिष्ठ नागरिक और पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। मृतकों में पांच बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं। मृतकों की पहचान किश्तवाड़ के पुलिसकर्मी इम्तियाज राथर, अफरोजा बेगम, रेशमा और छह से 15 साल की उम्र के बीच के पांच बच्चों के रूप में की गई।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल, मनोज सिन्हा ने दुखद सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया।

श्री सिन्हा ने कहा, आज अनंतनाग के डकसुम में एक दुर्भाग्यपूर्ण सड़क दुर्घटना में बहुमूल्य जिंदगियों के नुकसान के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ है। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के साथ हैं।

मैंने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के निर्देश जारी किए हैं। पूर्व मुख्यमंत्रियों फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, गुलाम नबी आजाद और महबूबा मुफ्ती सहित कई राजनीतिक नेताओं ने भी इस दुखद दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है।

## अरुणाचल सरकार ने की पुलिस, अग्निशमन विभाग में पूर्व अग्निवीरों की भर्ती की घोषणा



**ईटानगर, 27 जुलाई (एजेंसियां)।**

अग्निवीर योजना को लेकर मोदी सरकार और विपक्ष में रार जारी है। कांगेस के राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पहले ही कह चुके हैं कि सत्ता में आने के बाद वह इस योजना को खत्म कर देंगे। इस बीच उत्तर प्रदेश, राजस्थान, अरूणाचल प्रदेश हरियाणा और ओड़ीशा की बीजेपी सरकार ने पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण देने की घोषणा कर दी है।

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने घोषणा की है कि उनकी सरकार स्थानीय युवाओं को अग्निपथ योजना के तहत भर्ती के लिए प्रशिक्षण प्रदान करेगी तथा सेवानिवृत्त अग्निवीरों को राज्य की पुलिस, आपातकालीन एवं अग्निशमन सेवाओं में भर्ती के दौरान प्राथमिकता दी जाएगी। खांडू ने कहा कि यह परिवर्तनकारी पहल अरुणाचल प्रदेश के युवाओं को देश की सेवा करने में सक्षम बनाएगी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अरुणाचल प्रदेश सरकार स्थानीय युवाओं को अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर के रूप में भर्ती के लिए तैयार करने के मकसद से प्रशिक्षण देगी।

उन्होंने कहा, 'इसके अलावा, अरुणाचल प्रदेश के सेवानिवृत्त अग्निवीरों को अरुणाचल प्रदेश पुलिस, राज्य बटालियन और आपातकालीन एवं अग्निशमन सेवाओं में भर्ती में प्राथमिकता दी जाएगी। केंद्र सरकार ने साल 2022 में थलसेना, नौसेना और वायुसेना में 17 से 21 वर्ष की आयु के युवाओं की भर्ती के लिए महत्वाकांक्षी अग्निपथ योजना शुरू की थी, जिसमें मोटे तौर पर चार साल के अनुबंध के तहत भर्ती का प्रावधान है। इस योजना के तहत भर्ती होने वालों को अग्निवीर के नाम से जाना जाएगा। चार वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रत्येक बैच से 25 प्रतिशत अभ्यर्थियों को नियमित सेवा में शामिल किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने घोषणा की थी कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों या अर्धसैनिक बलों में भर्ती के दौरान 10 प्रतिशत रिक्तियां पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगी। कई राज्य सरकारों ने भी अपने-अपने पुलिस बलों में सेवानिवृत्त अग्निवीरों की भर्ती के लिए इसी तरह की घोषणा की है।

**शुभ लाभ**
का वार्षिक सब्सक्रिप्शन लें और उतने ही मूल्य का विज्ञापन छपवाएं

शुभ लाभ R. No. 5305
SPACE COUPON Rs. 2500/- | Worth of 1 Advertisement 10x10 Sq. Cm. in Shubh Labh
Validity : 1 Year from the time of Issue
SUBSCRIPTION FORM
Name : ....................
Period of Subscription : Annual Rs. 2500/-
Mode of Payment : CHEQUE / D.D.
Cheque No. & Date .......... Drawn ..........
Name of the Executive..........
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, T19 Towers, Ranigunj, Secunderabad-500 003 (T.S.)

सुधि पाठकों को यह सूचित करना है कि हिंदी दैनिक शुभ लाभ वार्षिक सब्सक्रिप्शन स्कीम में आंशिक फेरबदल के साथ नये सिरे से सदस्यता अभियान शुरू कर रहा है। रुपये 2500/- के सालाना सब्सक्रिप्शन पर आप निर्धारित अवधि में रुपये 2500/- मूल्य (10x10 वर्ग सेंटीमीटर) का विज्ञापन निःशुल्क प्रकाशित करा सकते हैं। सब्सक्रिप्शन कूपन की प्रकाशित फोटो के अनुरूप आप अपनी प्राप्ति-रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8688868345 पर संपर्क करें। - प्रबंधक

सूचना : सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं से आग्रह है कि वे वार्षिक सब्सक्रिप्शन एवं विज्ञापन की राशि ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए सीधे संस्थान के बैंक खाते में डालें या बार-कोड द्वारा भेजें...

A/C Holder Name : Shree Siddivinayak publications
Bank Name : City Union Bank OD Account
A/c.No. : 512120020029300
Branch : Balanagar, Hyderabad
IFS Code : CIUB0000464

SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Hyderabad Balanagar




**श्री अरुण कुमार जी भालोटिया**
(सुपुत्र : स्व.श्री बासुदेव जी भालोटिया)
स्वर्गवास : शुक्रवार, 26 जुलाई 2024

उठावना आज रविवार, 28 जुलाई 2024 को दोपहर 12 से 1 बजे तक बाँटिया गार्डन, सिख्रविलेज, सिकन्दराबाद पर रखा गया है। (महिलाओं एवं पुरुषों के लिए)

शोकाकुल :
रविन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार, रमेश कुमार (भ्राता), गोपाल, सुमित, सिध्दार्थ, सौरभ (भतीजे), आलोक (पुत्र), रेषांक, शिवम्, अरनव, रक्षित, आदित्य, नोवेश (पौत्र) एवं समस्त भालोटिया परिवार

बैठक : बुधवार, 31 जुलाई 2024 को अपराह्न 3 से 5 बजे तक निवास स्थान पर रखी गई है।

फर्म : बासुदेव रविन्द्र कुमार भालोटिया
जी वी के स्काई सिटी, फ्लैट नं. ए 302, राजभवन रोड, सोमाजीगुडा, हैदराबाद फोन: 9393935750

MARUTI UDYOG, Prashanti Nagar
SRI SIDDHI VINAYAKA INDUSTRIES, Prashanti Nagar
MARUTI ENTERPRISES, Troop Bazar
MARUTI AGENCIES, Troop Bazar

### सीएम रेवंत रेड्डी ने भारत राष्ट्र समित पर भ्रष्टाचार का लगाया आरोप, कहा–

# भेड़ वितरण योजना में बीआरएस ने किया 700 करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार

## लाखों करोड़ की लागत वाली आउटर रिंग रोड को सात हजार करोड़ रुपए में बेच दिया

**हैदराबाद, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारत राष्ट्र समित (बीआरएस) शासन के दौरान भेड़ वितरण योजना में 700 करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार शामिल था। विधानसभा में आज बजट पर चर्चा के दौरान श्री रेड्डी ने कहा कि बीआरएस के नेता टी हरीश राव ने कर्ज का ब्योरा तो दिया, लेकिन जमीन की बिक्री का ब्योरा नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि लाखों करोड़ की लागत वाली आउटर रिंग रोड (ओआरआर) को केवल सात हजार करोड़ रुपए में बेच दिया गया। इसके अलावा, बीआरएस के



10 साल के शासन के दौरान पलामुरु (महबूबनगर) में एक भी सिंचाई परियोजना पूरी नहीं हुई।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के कार्यकाल में रंगा रेड्डी जिले में करोड़ों रुपये की जमीनें बेची गईं।

मुख्यमंत्री ने गुजरात के सूरत में वजन के हिसाब से खरीदी गई साड़ियों की खराब गुणवत्ता की भी आलोचना की, जिन्हें बाथुकम्मा साड़ी योजना के तहत राज्य में वितरित किया गया। श्री रेड्डी ने विपक्षी बीआरएस नेता हरीश राव से सवाल किया, क्या आप भेड़ वितरण और बाथुकम्मा साड़ी की योजनाओं की जांच के लिए तैयार हैं?

# विजयवाड़ा में बस और लॉरी की भिड़ंत में एक महिला की मौत, 15 से अधिक घायल



**विजयवाड़ा, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में शनिवार को एक भीषण सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। बस और लॉरी की जोरदार भिड़ंत में 15 से अधिक लोग घायल हो गए। ये हादसा एलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कालापारु के पास हुआ। बताया जा रहा है कि बस में सवार लोग पार्वतीपुरम से विजयवाड़ा जा रहे थे।

तभी ट्रैवल बस की राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़ी एक लॉरी से टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के साथ ही चीख पुकार मच गई। आस पास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। इस बीच स्थानीय लोग अपने स्तर पर लोगों को बचाने का प्रयास करते दिखे।

बस में करीब एक दर्जन से अधिक लोग सवार थे, जिनमें से एक महिला की मौत हो गई और 15 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में सवार लोग दुर्गा मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने घायलों को एलुरु के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी ।

# बिड़ला इलैया ने हाई कोर्ट के न्यायाधीशों से की शिष्टाचार भेंट



**यादगिरीगुट्टा, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति ई.वी. वेणुगोपाल और न्यायमूर्ति के.सुजाना से शनिवार सुबह राष्ट्रपति सुइट्स में तेलंगाना राज्य सरकार के सचेतक एवं अलेरू विधायक बिड़ला इलैया ने मुलाकात की।

यादगिरिगुट्टा में नव स्थापित जूनियर सिविल, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत के उद्घाटन में मुख्य अतिथि थे और उन्हें पुष्पमाला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

बाद में विधायक बिड़ला इलैया ने यादगिरीगुट्टा शहर में स्थापित अदालत का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में नगर निगम पार्षद, मंडल और शहर के नेता, कार्यकर्ता, अधिकारी और अन्य लोग उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने की भट्टी विक्रमार्क के बजट भाषण की आलोचना

**हैदराबाद, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता एवं पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने शनिवार को तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क के बजट भाषण की आलोचना करते हुए इसे एक राजनीतिक भाषण बताया।

विधानसभा में आज बजट चर्चा के दौरान श्री राव ने कहा कि बीआरएस शासन के दौरान राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 4.5 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 14 लाख करोड़ रुपए हो गया है। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन 200 रुपए से बढ़ाकर दो हजार रुपए कर दी गई है। श्री राव ने मांग की, यह कहना सही नहीं है कि बीआरएस शासन अच्छा नहीं था। सबूतों की जरूरत है। श्री राव ने दावा किया कि बजट में बहुत सारी गड़बड़ियां हैं। उन्होंने बताया कि पिछले बजट की तुलना में अधिक कर राजस्व का उल्लेख किया गया है, लेकिन स्रोतों को नहीं बताया गया है। उन्होंने स्रोतों का विवरण दिए बिना गैर-कर राजस्व में 35 हजार करोड़ रुपए को शामिल करने पर भी प्रकाश डाला।



बीआरएस नेता ने याद दिलाया कि श्री भट्टी और विधायी मामलों के मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने ऋण माफी योजना को निधि देने के लिए भूमि बेचने के लिए पिछली बीआरएस सरकार की आलोचना की थी। वर्तमान बजट में हालांकि भूमि बिक्री के माध्यम से 10 हजार करोड़ रुपए का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा, यदि आपको अपने शब्दों पर भरोसा है, तो आपको भूमि बिक्री का प्रस्ताव वापस लेना चाहिए। श्री राव ने कांग्रेस सरकार की आलोचना की और कहा कि उसने दो लाख रुपए तक के कृषि ऋण माफी की घोषणा की है, जिसकी लागत 31 हजार करोड़ रुपए है, लेकिन बजट में केवल 26 हजार करोड़ रुपए आवंटित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि बैंकों को सरकारी भुगतान में देरी के कारण किसानों से ब्याज लिया जाता है, जिससे उनका बोझ बढ़ जाता है। उन्होंने महालक्ष्मी योजना (महिलाओं के लिए 2,500 रुपये) को तुरंत लागू करने की मांग की और केवल बारीक (पतले) चावल के लिए 500 रुपये प्रति क्विंटल देने का वादा करने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की। श्री राव ने कहा कि 500 रुपये प्रति क्विंटल का वादा सभी अनाजों पर लागू होना चाहिए जैसा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है।

श्री राव ने गृह ज्योति योजना (200 यूनिट तक मुफ्त बिजली) को लागू करने में आने वाली कठिनाइयों को उजागर किया और बजट में युवा विकास योजना को शामिल न किए जाने का भी जिक्र किया। सड़क एवं भवन मंत्री कोमाटिरेड्डी ने हस्तक्षेप करते हुए बीआरएस सरकार की एक भी वादा पूरा न करने के लिये आलोचना की। उन्होंने कहा कि बीआरएस सरकार ने 24 घंटे बिजली आपूर्ति लागू नहीं की। इस पर प्रतिक्रिया देते हुये श्री राव ने आलोचना की कि इस बारे में श्री कोमाटिरेड्डी ने कम जानकारी दी है। उन्होंने आठ महीने बाद भी वृद्धावस्था पेंशन को दो हजार रुपये से बढ़ाकर चार हजार रुपये न करने के लिए सरकार की आलोचना की। श्री राव ने सरकार से जून और जुलाई की लंबित पेंशन का भुगतान करने का आग्रह किया।

# महिलाओं और बच्चों के लिए कानून जागरूकता सम्मेलन आयोजित



**कुमरामभीम आसिफाबाद, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पुलिस अधीक्षक डीवी श्रीनिवास राव के निर्देश पर एडिशनल एसपी प्रभाकर राव की देखरेख में आसिफाबाद डिवीजन के अंतर्गत होली ट्रिनिटी हाई स्कूल में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर शीटीम प्रभारी वेंकटेश्वरलू ने कहा महिला, बाल संरक्षण एवं सुरक्षा के लिए शी टीमें, भरोसा सेंटर काम कर रहे हैं। रैगिंग, ईव टीजिंग, पॉक्सो, गुड टच बैड टच, टी सेफ अप, आत्महत्या, ड्रग्स, बाल विवाह, दहेज कानूनों पर जागरूकता पैदा की। उन्होंने चेतावनी दी कि बच्चों और महिलाओं को परेशान करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से हम लोगों को नजदीक से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। यदि कोई समस्या हो तो वे डायल 100 पर कॉल करें। स्थानीय पुलिस अधिकारियों को सूचित करें, रैगिंग, छेड़छाड़ करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी के साथ यौन उत्पीड़न होता है तो उसे बिना डरे पुलिस को सूचित करने और नए लोगों पर आंख मूंदकर भरोसा न करने के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। सामाजिक कुरीतियों, पारिवारिक कुरीतियों, साइबर अपराध को दूर करने के लिए टोल फ्री नंबर 1930 डायल करें, यदि कोई महिलाओं और लड़कियों को परेशान करता है तो आसिफाबाद एसएच टीम नंबर 8712670564 पर सूचित करें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विशेष सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं. टीम स्टाफ डब्ल्यूएचसी सुनीता, डब्ल्यूपीसी स्वप्ना, शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने भाग लिया।

# महात्मा ज्योतिबाफुले स्कूल की समस्याओं पर फूटा अभिभावकों का गुस्सा



**बेल्लामपल्ल, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंचेरियाला जिले के बेल्लमपल्ली शहर में महात्मा ज्योतिबाफुले वंचित कल्याण बालिका विद्यालय विकास में पीछे छूट गया है। महात्मा ज्योतिबाफुले स्कूल की समस्याओं का समाधान के लिए शनिवार को स्कूल में आयोजित अभिभावकों की बैठक में छात्रों के अभिभावकों ने कहा कि वे 10 एकड़ जमीन आवंटन के लिए पिछले कुछ वर्षो से प्राधिकार विधायकों के यहां प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जबकि स्कूल में 566 छात्राएं हैं, एक बोरवेल पर्याप्त नहीं है। जल संयंत्र की मरम्मत की जानी चाहिए और स्कूल के रास्ते में एक मकान मालिक सीसी रोड पर बाथरूम का पानी छोड़ रहा है। यदि कोई अस्थायी भवन इन छात्रों के लिए पर्याप्त है तो उसे बदलने का अनुरोध किया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य रमादेवी, शिक्षक, छात्रों के अभिभावक व अन्य लोग शामिल हुए।

# जनहिता सेवा समिति के तत्वावधान मेगा रक्तदान शिविर आयोजित



**बेल्लमपल्ली, 27 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जनहिता सेवा समिति के तत्वावधान में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से थैलेसीमिया सिकल सेल रोगियों की सहायता के लिए स्थानीय तापी संघ भवन में एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें 165 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। आरडीओ हरिकृष्ण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की और रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि रक्तदान सभी दानों में सर्वश्रेष्ठ है।

रक्तदान से पूरी जिंदगी बचायी जा सकती है। उन्होंने स्वस्थ लोगों से तीन महीने में एक बार रक्तदान करने को कहा और कार्यक्रम का आयोजन करने वाले जनहिता सदस्यों को बधाई दी।

जनहिता सेवा समिति के अध्यक्ष औदेपु सतीश ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है और उन्होंने रक्तदान कार्यक्रम में भाग लेने वाले रेडक्रॉस सोसायटी के स्टाफ, कर्मचारियों और रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में पार्षद गेली राजलिंगु, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष कंकनला भास्कर रेड्डी, कोषाध्यक्ष सत्यपाल रेड्डी, सदस्य अभिनव संतोष, कसारला श्रीनिवास, कसारला रंजीत, रेड क्रॉस स्टाफ सदस्य जनहिता ने भाग लिया।

# जर्जर सरकारी इमारतें और स्कूल भवन हर पल दे रहे हैं मौत को दावत

**आसिफाबाद, 27 जुलाई (रमेश सोलंकी)।** सरकारी कार्यालय की छतें कब गिर जाएं कोई नहीं जानता। बारिश के पानी से भीगी दीवारें, कमरों में टपकता पानी, फर्श की टूटी हुई टाइलें सरकारी कार्यालय के कमरों में दिखाई दे रही हैं। इतना ही नहीं इन इमारतों में अक्सर जहरीले सांप भी दिखाई देते रहते हैं। संयुक्त आदिलाबाद जिले में जर्जर इमारतों में सरकारी कार्यालयों की यही स्थिति है। एक हफ्ते से हो रही बारिश के कारण जर्जर इमारतें और भी खतरनाक और डरावनी होती जा रही हैं। निर्मल, आदिलाबाद, मंचिरयाला, आसिफाबाद ये एक जिले हैं, किसी भी इलाके में किसी भी सरकारी इमारत को देखें, वो ढहने को तैयार जर्जर इमारत जैसा है। पढ़ाई के दौरान



शिक्षक हेलमेट पहनकर ड्यूटी करते हैं और विद्यार्थी छाता खोलकर पढ़ाई करते हैं। इससे भी ज्यादा भयावह स्कूल की जर्जर इमारतें हैं।

मावला मंडल आदिलाबाद जिले का प्रधान मंडल राजस्व कार्यालय है। 2016 में नए मंडलों के गठन के हिस्से के रूप में, तत्कालीन सरकार ने आदिलाबाद के जिला केंद्र में मावला मंडल का गठन किया और इस मंडल में शहरी उपनगरों को शामिल किया। चूंकि इस नवगठित मंडल के लिए कोई राजस्व कार्यालय नहीं था, इसलिए तत्कालीन सरकार ने एक जीर्ण-शीर्ण भवन में कार्यालय स्थापित किया। नतीजतन, मावला मंडल राजस्व कार्यालय के कर्मचारियों को एक जर्जर इमारत के संकीर्ण कमरों में अपना कार्य करना पड़ता है जो ढहने के लिए तैयार है। सिर्फ मावला तहसीलदार कार्यालय ही नहीं, पूरे आदिलाबाद में दर्जनों सरकारी स्कूल, प्राथमिक अस्पताल और पशु चिकित्सालय जर्जर इमारतों में चल रहे हैं। निर्मल जिले के कई सरकारी कार्यालयों का हाल भी मावला राजस्व कार्यालय जैसा ही है। निर्मल जिले के कुबीर मंडल केंद्र में जिला परिषद माध्यमिक विद्यालय भवन की भी यही हालत है। इस विद्यालय में 400 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

पुरानी इमारत जर्जर हो गई, अधिकारियों ने दो साल पहले एक नई इमारत का निर्माण शुरू किया। ठेकेदारों के आगे नहीं आने से जर्जर भवन में पढ़ाई करायी जा रही है। अनंतपेट के जिला परिषद हाई स्कूल, निर्मल मंडल में भी यही स्थिति है। थोड़ी सी बारिश होने पर सभी कक्षाओं में बारिश का पानी भर जाता है। स्लैब की दरारें छात्रों को चोट पहुंचा रही हैं। बाथरूम की कमी के कारण छात्रों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, मंचिरयाला जिले में सरकारी स्कूलों और प्राथमिक अस्पतालों की स्थिति भी अकल्पनीय है। चेनुरु शहर में 100 साल के इतिहास वाले मशहूर जेबीएस स्कूल की हालत तो और भी खराब है। विद्यालय भवन जर्जर हो जाने से छात्र व शिक्षक दहशत में जी रहे हैं और पता नहीं कब गिर जाये। इस स्कूल में जहां 500 से ज्यादा छात्र पढ़ते हैं, ऐसी स्थिति है कि भारी बारिश होने पर स्कूल की छुट्टियां दे दी जाती हैं। स्कूल में न्यूनतम सुविधाएं न होने के कारण छात्र स्कूल में दाखिला रद्द कर रहे हैं। मंचिरयाला जिले के नेन्नेला मंडल के कुस्नापल्ली सरकारी स्कूल में कक्षा कक्ष जर्जर होने के कारण छत से पानी रिस रहा है। नतीजतन, छात्र एक सप्ताह से छाता पकड़कर और बेंचों पर बैठकर कई कक्षाएं सुन रहे हैं। इतना ही नहीं कई कार्यालयों में गिरने को तैयार जर्जर भवन लगातार कर्मचारियों, शिक्षकों, छात्रों व आगंतुकों को डरा रहे हैं। जब दफ्तरों का यह हाल है तो मूत्रालयों की हालत समझी जा सकती है। कम से कम महिला शिक्षक व कर्मचारी ऐसी स्थिति में नहीं हैं कि वे एक साथ जा सकें।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.